


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025



13 ब्रीट्जके ने पहले चार वनडे में लगातार...



विचार पेज 06 संसदीय मर्यादा का तिरस्कार क्यों?


### आवारा कुत्तों के मामले में 'सुप्रीम' फैसला, मप्र सहित पूरे देश में लागू होगा

# सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं
# विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग उनको खाना खिला सकें

**2024 में देशभर में डॉग बाइट्स के 37.15 लाख केस दर्ज**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर के डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले अपने 11 अगस्त के निर्देश में संशोधन कर दिया। कोर्ट ने कहा कि पकड़े गए कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जाए, जहां से उन्हें उठाया गया था। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की विशेष पीठ ने साफ किया कि कुत्तों को छोड़े जाने वाला आदेश रेबीज से संक्रमित या रेबीज से संक्रमित होने की आशंका वाले या फिर आक्रामक व्यवहार वाले कुत्तों पर लागू नहीं होगा।



न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एन वी अंजारैया की पीठ ने कहा कि डॉग शेल्टर्स से आवारा कुत्तों को छोड़ने पर रोक लगाने वाले 11 अगस्त के निर्देश को फिलहाल स्थगित रखा जाएगा। पीठ ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ऐसे विशेष भोजन क्षेत्र बनाएं, जहां लोग आवारा कुत्तों को खाना खिला सकें। पीठ ने कहा कि नगर निकायों की ओर से विशेष नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी ▶▶ शेष पेज 4 पर

### आवारा कुत्तों को पकड़ने से रोका तो होगी कार्रवाई

पीठ ने कहा कि निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें साफ लिखा होगा कि आवारा कुत्तों को केवल उन्हीं क्षेत्रों में खाना खिलाया जाएगा। पीठ ने कहा कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि किसी लोक सेवक को अपना कर्तव्य निभाने से रोका जाता है, तो वह इसके लिए उत्तरदायी होगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि पशु प्रेमी कुत्तों को गोद लेने के लिए एमसीडी के सामने आवेदन कर सकते हैं।




शीर्ष कोर्ट के फैसले के बाद जंतर मंतर में खुशी जाहिर करते डॉग लवर्स

### आवारा कुत्तों की भलाई के लिए 2 लाख रुपए जमा करें एनजीओ

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अपने आदेश में कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में कोर्ट से संपर्क करने वाले व्यक्तिगत कुत्ता प्रेमियों और गैर सरकारी संगठनों को क्रमशः 25,000 रुपए और 2 लाख रुपए न्यायालय रजिस्ट्री में जमा कराने होंगे। बेंच ने साफ किया कि ये राशि सात दिनों के अंदर जमा करनी होगी, अन्यथा याचिकाकर्ता या हस्तक्षेपकर्ता को मामले में आगे पेश होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने साफ किया कि इकट्ठा की गई धनराशि का उपयोग आवारा कुत्तों के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुविधाओं के निर्माण में किया जाएगा, जिसको जमीन पर लागू करने का काम संबंधित नगर निकायों के तत्वावधान में किया जाएगा।

### फैसले की बड़ी बातें

1 आवारा कुत्तों का टीकाकरण किया जाएगा और उन्हें उसी क्षेत्र में छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। आक्रामक कुत्तों और रेबीज से ग्रस्त कुत्तों को नहीं छोड़ा जाएगा।

2 आवारा कुत्तों को सड़कों पर खाना नहीं खिलाया जा सकता। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) आवारा कुत्तों के लिए निर्धारित भोजन क्षेत्र बनाएगा।

3 सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाते पाए जाने पर संबंधित कानूनी ढांचे के तहत कार्रवाई की जाएगी।

4 निर्धारित भोजन क्षेत्रों के पास नोटिस बोर्ड लगाए जाएंगे, जिनमें बताया जाएगा कि आवारा कुत्तों को केवल ऐसे क्षेत्रों में ही खाना खिलाया जाएगा।

5 नगर निकायों की ओर से विशेष रूप से नगरपालिका वार्ड में आवारा कुत्तों की आबादी और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे।

### किसने क्या कहा?

#### आवारा कुत्ता आक्रामक है या नहीं? यह कौन तय करेगा



पशु अधिकार कार्यकर्ता और भाजपा नेता मेनका गांधी ने पूछा कि आक्रामक कुत्ते की पहचान कैसे होगी, इसे परिभाषित करने की जरूरत है। मैं इस वैज्ञानिक फैसले से बहुत खुश हूं। शिफ्ट करना और डर होना ही कुत्तों के काटने के मुख्य कारण है।

#### यह पशु कल्याण और जनसुरक्षा के बीच संतुलन भरा कदम



राहुल गांधी ने एक्स पर लिखा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत करता हूं। यह पशु कल्याण और जनसुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण करुणा से भरा और वैज्ञानिक आधार पर टिका हुआ है।

### पूरी तरह संतुष्ट नहीं हैं डॉग लवर्स



कुछ डॉग लवर्स का कहना है कि सुप्रीम कोर्ट ने पब्लिक फीडिंग बंद कर दी है, हम लोग इन बच्चों को खाना कैसे खिलाएंगे। हम पूरी तरह से खुश नहीं हैं। एनिमल लवर्स का ये भी सवाल है कि इसकी पहचान कैसे होगी कि रेबीज वाले कुत्ते कौन से हैं और कौन से कुत्ते ज्यादा हिंसक हैं। इस हिसाब से तो एमसीडी सभी कुत्तों को उठाकर ले जाएगी। लोगों का कहना है कि अगर हम कुत्तों को खाना नहीं देंगे तो वो आक्रामक हो जाएंगे। आवारा कुत्तों को हर जगह खाना खिलाने की छूट दी जानी चाहिए। डॉग लवर्स ने कहा कि ये अच्छा फैसला है, लेकिन इसके लूपहोल का फायदा उठाया जा सकता है। कई लोग सिर्फ कुत्ते के भौंकने पर एमसीडी में कॉल कर सकते हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता और वकील ननिता शर्मा ने भावुक होते हुए कहा, मुझे लगता है कि ये बहुत अच्छा फैसला है। आवारा कुत्तों का खयाल रखना लोकल अथॉरिटीज की ड्यूटी है। ▶▶ पढ़ें पेज 02 भी

---


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

#### ओपन एआई का भारत में खुलेगा पहला ऑफिस




**नई दिल्ली।** चैट जीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपन एआई अब भारत में अपनी पहली शाखा दिल्ली में खोलने वाला है। ऑफिस सिर्फ कामकाज की शुरुआत नहीं है, बल्कि यहां एआई बनाने, विकसित करने और मिलकर काम करने का एक नया दौर भी शुरू होगा। कंपनी ने भारत में अब लीगल यूनिट भी बना दी है।

#### 3 मजदूरों की मौत ठेकेदार पर एफआईआर



**इंदौर।** स्मार्ट सिटी कॉलोनी में 18 अगस्त को दीवार गिरने से तीन मजदूरों की मौत मामले में कॉलोनी के डेवलपर, सुपरवाइजर और ठेकेदार को सुरक्षा उपकरणों की लापरवाही बरतने के मामले में दोषी पाया गया। इसे लेकर राजेंद्र नगर पुलिस ने तीनों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है।

### संविधान का 130वां संशोधन: गिरफ्तार पीएम-सीएम को हटाने वाले बिल पर पीएम मोदी का विपक्ष पर करारा वार

**गया जी में कहा कि जेल से सरकार चलाना अब नामुमकिन होगा**

# तो भ्रष्टाचारी 'जेल' भी जाएगा और, उसकी कुर्सी भी जाएगी

◆ पीएम ने कहा कि हमने कुछ समय पहले ही देखा है कि कैसे जेल से ही फाइलों पर साइन किए जा रहे थे, जेल से ही आदेश जारी किए जा रहे थे। नेताओं का अगर यही रवैया रहेगा तो ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाएगी?



एजेंसी ▶▶ गया जी (बिहार)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को बिहार के गया जी में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने एक जनसभा को संबोधित किया और विपक्ष, खासकर आरजेडी और कांग्रेस पर जमकर हमला किया।

पीएम ने कहा कि इस कानून के तहत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री यदि गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिन से अधिक हिरासत में रहते हैं तो उन्हें पद छोड़ना होगा। पीएम ने केंद्र सरकार के नए प्रस्तावित कानून का भी जिक्र किया जिसके तहत, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री अगर गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिन से ज्यादा हिरासत में रहते हैं तो पद से हटा दिए जाएंगे। भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को अंजाम तक अगर पहुंचना है तो कोई भी कार्रवाई के दायरे से बाहर नहीं होना चाहिए। बिहार का बच्चा-बच्चा ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### पीएम ने उठाया सवाल

- *किसी छोटे कर्मचारी को 50 घंटे तक हिरासत में रख दिया तो अपने आप वो सस्पेंड हो जाता है*
- *कोई सीएम है, मंत्री है, कोई प्रधानमंत्री है तो वो जेल में रहकर भी सत्ता का सुख पा सकता है, ये कैसे हो सकता है?*



"ये आरजेडी वाले, ये कांग्रेस वाले, ये लेफ्ट वाले इस कानून का विरोध कर रहे हैं। ये बहुत गुस्से में हैं। कौन नहीं जानता है कि उनको किस बात का डर है। जिसने पाप किया होता है वो अपने पापों को दूसरों से छिपाता है लेकिन खुद अंदर से जानता है कि क्या खेल खेला है। इन सबका भी यही हिसाब है।"

#### ऐसे में भ्रष्टाचार के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाएगी?

पीएम मोदी ने कहा कि आज कानून है कि अगर किसी छोटे कर्मचारी को 50 घंटे तक हिरासत में रख दिया तो अपने आप वो सस्पेंड हो जाता है। ड्राइवर हो, प्यून हो या छोटे से छोटा कर्मचारी, उसकी जिंदगी तबाह हो जाती है। लेकिन अगर कोई सीएम है, मंत्री है, कोई प्रधानमंत्री है तो वो जेल में रहकर भी सत्ता का सुख पा सकता है। ये कैसे हो सकता है? हमने कुछ समय पहले ही देखा है कि कैसे जेल से ही फाइलों पर साइन ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### सुबह-शाम ये लोग मोदी को भांति-भांति की गाली दे रहे

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये आरजेडी और कांग्रेस वाले कोई बेल पर बाहर है तो कोई रेल के खेल में अदालत के चक्कर लगा रहा है। जो जमानत पर बाहर घूम रहे हैं वो आज इस कानून का विरोध कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि अगर ये जेल चले गए तो इनके सारे ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### ◆ इस कानून के दायरे में प्रधानमंत्री भी

पीएम मोदी ने कहा कि संविधान हर जन प्रतिनिधि से ईमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद करता है। हम संविधान की मर्यादा को तार-तार होते नहीं देख सकते हैं। इसलिए एनडीए सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ एक ऐसा कानून लाई है जिसके दायरे में देश का पीएम भी है। इस कानून में सीएम और मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। जब ये कानून बन जाएगा तो फिर पीएम हो या सीएम, या फिर कोई मंत्री. उसको गिरफ्तारी के 30 दिन के अंदर जमानत लेनी होगी और जमानत नहीं मिली तो 31वें दिन उसे कुर्सी छोड़नी पड़ेगी। मोदी ने कहा कि क्या जेल से कोई सरकार चला सकता है? इसलिए ऐसा सख्त कानून बनाने की तरफ हम आगे बढ़ रहे हैं। ये आरजेडी वाले, ये कांग्रेस वाले, ये लेफ्ट वाले इस कानून का विरोध कर रहे हैं। ये बहुत गुस्से में हैं। कौन नहीं जानता है कि उनको किस बात का डर है। जिसने पाप किया होता है वो अपने पापों को दूसरों से छिपाता है लेकिन खुद अंदर से जानता है कि क्या खेल खेला है। ▶▶ पढ़ें पेज 07 भी

### मप्र माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0 कटनी में आज



आयोजन की तैयारी

# विषय विशेषज्ञ व निवेशकों के साथ मुख्यमंत्री की होगी वन-टू-वन चर्चा

**» कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे**

**» निवेशक क्रिटिकल मिनरल्स से लेकर निवेश नीति से होंगे अवगत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को कटनी मे 'मप्र माइनिंग कॉनक्लेव 2.0' का आयोजन किया जा रहा है। कॉनक्लेव का मुख्य फोकस क्षेत्र कोयला एवं ऊर्जा, ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन, प्रौद्योगिकीय प्रगति, महत्वपूर्ण खनिज (क्रिटिकल मिनरल्स) और चूना पत्थर एवं सीमेंट होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समिट में शामिल होने वाले विषय-विशेषज्ञों और निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा भी करेंगे। कॉन्क्लेव में लगभग 2 हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। इनमें देश के विभिन्न राज्यों के निवेशक और उद्योगपति शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र खनन और खनिज संसाधन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरा है।

■ खनन क्षेत्र के भविष्य को मिलेगी नई दिशा

प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, अपितु देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। कॉन्क्लेव में मिनरल एवं माईनिंग से संबंधित विभिन्न सत्रों के दौरान चर्चा होगी।

### देश के बड़े औद्योगिक घरानों ने कॉन्क्लेव में दिखाई दिलचस्पी

*कॉन्क्लेव में डायरेक्टर जनरल जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया राजेश जोशी, चीफ कंट्रोलर ऑफ माइन्स इंडियन ब्यूरो ऑफ माइन्स नागपुर पंकज कुलश्रेष्ठ, सीएमडी एचसीएल संजीव कुमार सिंह, डायरेक्टर (फाइनेंस) एमईसीएल सुरेंद्र सिंह क्षत्रिय, जीएम बिजनेस डेवलपमेंट सीआईएल चंद्र शेखर सिंह, डायरेक्टर एसईसीएल बिलासपुर बिरांची दास, डिपार्टमेंट ऑफ अर्थ एंड एन्वायरमेंट साइंसेस के प्रो. डॉ. प्रीतम नासपुरी एवं प्रो. डॉ. एके तिवारी, टेक्समिन के चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर एमडी दानिश और प्रोजेक्ट डायरेक्टर धीरज कुमार, आईबीएम नागपुर के चीफ ओर ड्रेसिंग ऑफिसर एंड डायरेक्टर दिलीप रंजन कानूनगो, सीईओ आई-एनर्जी नीरज गुप्ता, डायरेक्टर एलीटेक अजीत चौधरी, एकेएस यूनिसर्विटी के प्रो. जीके प्रधान, एग्जीक्युटिव डायरेक्टर डेलॉइट तुषार चक्रवर्ती, एग्जीक्युटिव डायरेक्टर एचसीएल नागेश शिनोय, एमडी रामनिक पावर एंड एलोयस हर्ष वी. त्रिवेदी एवं डायरेक्टर निष्कल के. त्रिवेदी, डायरेक्टर एमओआईएल एमएम अब्दुल्ला, ऑनर विनमीर रिसोर्सेस प्रालि गोविंद ए. शोरेवाला, डायरेक्टर सिंघाल बिजनेस प्रालि राहुल अग्रवाल, डायरेक्टर लोहम एंड सीईओ चिदंबरम मदन, सीनियर मैनेजर (टेक्निकल) आईआरईएल बीएस तलवार, चीफ स्ट्रेटजी एंड बिजनेस डेवलपमेंट अडाणी सीमेंट भीमसी कचोट, एमडी माइनवेयर एडवाइजर्स प्रालि कौशिक बोस, डायरेक्टर (माइनिंग एंड स्ट्रेटजिक प्रोजेक्ट)* ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

### नए मुख्य सचिव के लिए कवायद तेज

# मुख्य सचिव अनुराग जैन को एक्सटेंशन मिलना तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**कोई दूसरे हालात बने तो डॉ. राजौरा को मिलेगी कमान**

मुख्य सचिव अनुराग जैन इसी महीने 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। उनकी सेवानिवृत्ति में महज 8 दिन का समय शेष है। इसी दिन अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया भी सेवानिवृत्त हो जाएंगे। मंत्रालय में उनके फेयरवेल की तैयारी शुरू हो गई। इस बीच विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि जैन को एक्सटेंशन मिलना लगभग तय हो गया है। यदि किसी कारण से एक्सटेंशन आदेश में तकनीकी रूप से कोई दिक्कत आती है, तो इस स्थिति में डॉ. राजेश राजौरा को कमान मिलेगा। इसी दिन आदेश भी जारी हो जाएगा। इसी महीने 11 अगस्त को मुख्य सचिव जैन का जन्मदिन मनाया गया। वे हालांकि पारिवारिक कारणों से मंत्रालय नहीं आए थे। उनके आने के बाद अधिकारियों ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। इसके ठीक दूसरे दिन 12 अगस्त को एसीएस कंसोटिया का जन्मदिन मनाया गया। इस अनुसार दोनों अधिकारी अब 60 वर्ष के हो गए।

किंतु सिविल सेवा नियमों के अनुसार जन्मदिन किसी भी तारीख को होता है, पर सेवानिवृत्ति उसी महीने के आखिरी दिन ही होती है, इसलिए सीएस जैन व एसीएस कंसोटिया 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त होंगे। 30 व 31 को चूंकि शनिवार व रविवार को अवकाश का दिन है, ऐसे में भावभीनी विदाई 29 अगस्त को ही दे दी जाएगी। माना जा रहा है कि यदि सीएस जैन विदाई नहीं लेते या किसी कारण से उन्हें विदाई नहीं दी जाती, तो उनका एक्सटेंशन तय है। जैन को छह महीने का एक्सटेंशन मिलेगा। इस पर जल्दी ही फैसला हो जाएगा।

### शिवपुरी में पुलिया से गिरी स्कूली वैन

# ड्राइवर की जगह खुद गाड़ी चलाने लगा स्कूल संचालक, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

■ 14 बच्चे एक शिक्षिका घायल, एक छात्र ग्वालियर रेफर

जिले के बैराड़ थाना क्षेत्र में एक स्कूली जीप में पलट जाने से उसमें एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हो गए। यह सड़क हादसा पोहरी-बैराड़ रोड पर शुक्रवार सुबह की सुबह हुआ। बताया जाता है कि प्रथा विद्यापीठ स्कूल बैराड़ की टाटा सूमो वैन अचानक पलट गई। इस स्कूली जीप में करीब 16 बच्चे सवार थे। स्कूली बच्चों से सवार ये जीप अचानक पुलिया से नीचे जा गिरी। इस हादसे में एक शिक्षिका और 14 से अधिक बच्चे घायल हुए। इनको शिवपुरी जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया गया है कि हादसे के समय स्कूली जीप का मूल ड्राइवर मौजूद ▶▶ शेष पेज 4 पर




इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
MPSMC
मध्यप्रदेश की
खनिज संपदा
आत्मनिर्भर भारत की
आधारशिला
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश
माइनिंग कॉन्क्लेव 2.0
खनन क्षेत्र के भविष्य की नई दिशा - क्रमिक । निरंतर । नीतिगत
मुख्य अतिथि
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
23 अगस्त, 2025 । पूर्वाह्न 10:00 बजे
द अरिंदम होटल, कटनी, मध्यप्रदेश
"मध्यप्रदेश खनन और खनिज संसाधनों के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण केन्द्र के रूप में उभरा है। प्रदेश खनिजों की प्रचुरता और सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियों के कारण देश की औद्योगिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। खनन क्षेत्र न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेगा, बल्कि देश के औद्योगिक विकास और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत मिशन में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री"
राष्ट्रीय उत्पादन में मध्यप्रदेश का योगदान
हीरा
एकमात्र उत्पादक प्रदेश
तांबा 73%
रॉक फॉस्फेट 29%
मैंगनीज 26%
चूना पत्थर 9%
कोयला 8%
कॉन्क्लेव के फोकस सेक्टर
कोयला और ऊर्जा
औद्योगिक विकास व विद्युत उत्पादन का आधार
ऊर्जा एवं हाइड्रोकार्बन
आत्मनिर्भर ऊर्जा की दिशा में महत्वपूर्ण संसाधन
प्रौद्योगिकीय प्रगति
डिजिटल, स्मार्ट और आधुनिक खनन समाधान
क्रिटिकल मिनरल्स
भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक आधार
चूना पत्थर और सीमेंट
निर्माण और अधोसंरचना विकास की रीढ़
खनिज एवं खनिज उत्पाद
आधुनिक खनन तकनीकों और खनन क्षेत्र में डिजिटलीकरण पर विशेष प्रदर्शनी
D-11087/25
आइए, मध्यप्रदेश माइनिंग कॉन्क्लेव 2025 का हिस्सा बनें और भविष्य के अवसरों से जुड़ें
सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhypradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
IN PARTNERSHIP WITH
Deloitte.
CII
Confederation of Indian Industry

भोपाल, शनिवार 23 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष -अमावस्या ■ वर्ष : 12, अंक : 143 ■ पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 26 न्यून.22 haribhoomi.com

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



केंद्रीय मंत्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव देंगे सौगात

## जबलपुर में 'प्रदेश के सबसे लंबे' फ्लाईओवर का उद्घाटन आज इसके नीचे 50 हजार पौधे, बास्केटबॉल कोर्ट, ओपन जिम व पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

जबलपुर में मप्र का सबसे लंबा फ्लाईओवर ब्रिज बनकर तैयार है। 23 अगस्त (शनिवार) को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका लोकार्पण करेंगे। फ्लाईओवर शुरू होने के बाद मदनमहल से दमोह नाका तक की दूरी सात मिनट में ही पूरी हो सकेगी। अभी तक यह दूरी तय करने के लिए 45 मिनट का समय लगता था। इससे समय और ईंधन की बचत होगी, प्रदूषण कम होगा और व्यापार को रफ्तार मिलेगी।



**1232** करोड़ रुपए की लागत

**6.855** किमी लंबा

**192** मीटर लंबा सिंगल स्पान केबल स्टे ब्रिज खास

◆ मदनमहल से दमोह नाका तक की दूरी 45 मिनट की जगह 7 मिनट में ही पूरी हो सकेगी

### खबर संक्षेप

#### एयर इंडिया फ्लाइट की मुंबई में लैंडिंग

**दिल्ली।** शुक्रवार को मुंबई से जोधपुर के लिए उड़ान भरने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 645 में कुछ दिक्कत आने के कारण उसे वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। विमान ने जैसे ही उड़ान भरी, उसके बाद परिचालन संबंधी समस्या सामने आई। इसके बाद फ्लाइट को वापस मुंबई एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। कॉकपिट क्रू ने उड़ान को रोकने का फैसला किया और विमान को वापस लैंड कराया।



#### पांढुर्णा में 'गोटमार' का आयोजन आज

**छिंदवाड़ा।** परंपरा के नाम पर पांढुर्णा में वर्षों से गोटमार मेला चला आ रहा है। इस बार आयोजन शनिवार के दिन होगा। इस 'खूनी खेल' को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रशासन ने अपनी व्यवस्था बनाई है तो पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठा लिया है। स्वास्थ्य विभाग भी मुस्तैदी से तैनात कर दिया गया है ताकि घायलों को तत्काल उपचार मिल सके। पांढुर्णा की जाम नदी पर यह आयोजन होता है।



#### लॉर्ड स्वराज ने दुनिया को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** जालंधर की गलियों से ब्रिटेन तक का सफर तय करने वाले लॉर्ड स्वराज पॉल ने दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्होंने 21 अगस्त की शाम को अंतिम सांस ली। वह 94 वर्ष के थे। ब्रिटेन स्थित कपारो उद्योग समूह के संस्थापक लॉर्ड पॉल हाल ही में बीमार पड़ गए थे जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्यारे लाल के घर में 18 फरवरी, 1931 को जन्मे लॉर्ड पॉल अपने जीवन के शुरुआती दिनों में ही व्यवसाय से परिचित थे।



उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज

गृह मंत्री शाह ने सलवा जुडूम पर 2011 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जिक्र करते हुए आड़े हाथों लिया

# उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस सुदर्शन ने 'नक्सलवाद' की मदद की

*शाह ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गई है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष में जुबानी बयानबाजी तेज हो गई है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस नीत गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस बी सुदर्शन रेड्डी पर नक्सलवाद का समर्थन करने का आरोप लगाया है। शाह ने कहा कि विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जस्टिस रेड्डी ने नक्सलवाद की मदद की है। यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता। शाह ने शुक्रवार को कोच्चि में कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से उपराष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार का चुनाव किया है, उससे केरल में उसकी जीत की संभावना और कम हो गई है। केरल ने नक्सलवाद का दंश झेला है। केरल की जनता निश्चित ▶▶ शेष पेज 4 पर

जस्टिस सुदर्शन रेड्डी वह व्यक्ति हैं जो सलवा जुडूम पर फैसला देने वाली विचारधारा से प्रेरित



*शाह ने कहा कि यदि उन्होंने सलवा जुडूम के खिलाफ फैसला नहीं सुनाया होता तो देश में चरमपंथी वामपंथी आंदोलन 2020 से पहले ही समाप्त हो गया होता*

#### बिना नाम लिए नए विधेयक पेश करने के लिए केजरीवाल को ठहराया जिम्मेदार

इस दौरान शाह ने संसद में पेश किए गए तीन नए विधेयकों को लेकर अमित शाह ने कहा कि बीते वक्त में एक ऐसी घटना हुई है, जिसमें एक मुख्यमंत्री ने जेल से सरकार चलाई। ऐसी स्थिति में क्या संविधान में संशोधन नहीं किया जाना चाहिए। उस समय भाजपा की सरकार भी सत्ता में थी, लेकिन हमें ऐसी स्थिति का सामना कभी नहीं करना पड़ा। शाह ने अपने संबोधन में बिना नाम लिए संकेत दिया कि अगर उस समय दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने गिरफ्तारी के बाद इस्तीफा दे दिया होता, तो नए विधेयक पेश नहीं करने पड़ते।

#### राहुल गांधी ने फाड़ दिया था बिल

शाह ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि 2013 में मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के द्वारा लाए गए उस बिल की कॉपी को सार्वजनिक रूप से फाड़ दिया था, जिसका उद्देश्य अयोग्य ठहराए गए या किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों को राहत प्रदान करना था। शाह ने दावा किया कि उस वक्त मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लालू प्रसाद यादव की मदद के लिए यह अध्यादेश लाया गया था। तब राहुल गांधी ने नैतिकता के नाम पर, कैबिनेट द्वारा अनुमोदित अध्यादेश की प्रति सार्वजनिक रूप से फाड़ दी थी, लेकिन आज वही राहुल गांधी गांधी मैदान में लालू जी को गले लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं।

#### क्या था सलवा जुडूम पर 2011 का फैसला?

*दिसंबर 2011 में सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस रेड्डी ने फैसला सुनाया था कि माओवादी विद्रोहियों के खिलाफ लड़ाई में आदिवासी युवकों को विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में इस्तेमाल करना, चाहे उन्हें कोया कमांडो कहा जाए, सलवा जुडूम कहा जाए या किसी और नाम से जान जाए, गैरकानूनी और असांविधानिक है। उन्होंने यह भी आदेश दिया था कि ऐसे आदिवासी युवकों को तुरंत निरस्त किया जाए।*

संत को लिखा पत्र और ईमेल भेजा

## मुस्लिम युवक ने की संत प्रेमानंद को किडनी दान करने की पेशकश

**कहा: मैं रहूं या न रहूं संतों का रहना जरूरी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

यहां न्यास कॉलोनी निवासी एक 26 वर्षीय युवक आरिफ खान चिश्ती ने वृंदावन के प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज को अपनी किडनी दान करने की इच्छा जताई है। आरिफ ने अपनी इस इच्छा को लेकर एक ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### 6 महीने पहले सुना था प्रवचन

आरिफ ने बताया कि करीब छह महीने पहले उन्होंने संत प्रेमानंद महाराज का एक प्रवचन सुना था। यह प्रवचन प्रसिद्ध कवि अमीर खुसरो के अपने गुरु के प्रति अटूट समर्पण पर आधारित था।प्रवचन के दौरान ही ▶▶ शेष पेज 4 पर

नेता प्रतिपक्ष सिंघार का विवादित बयान

## छिंदवाड़ा कलेक्टर संघ का गणवेश पहन लें, वे डरपोक, भाजपा के नौकर

**जो आईएएस पार्टीबाजी करेगा उसे हम बताएंगे**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक और विवादित बयान दे डाला। छिंदवाड़ा कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को दिए बयान पर भाजपा और कांग्रेस आमने सामने आ गई है। दरअसल, सिंघार ने सोशल मीडिया एक्स पर वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को लेकर कह रहे हैं कि छिंदवाड़ा कलेक्टर डरपोक हैं। भाजपा का गुलाम हैं। मैंने कहा है कि अगर गुलाम हैं तो वे संघ का गणवेश पहन लें। सिंघार गुरुवार को धार ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

नदी-नाले उफान पर फिर भी लापरवाही

## पुलिया पार करते समय दो बहे, एक को बचाया



एसडीआरएफ टीम दूसरे की कर रही तलाश

**श्योपुर।** श्योपुर के कराहल तहसील में बारिश की वजह से नदी-नाले उफान पर हैं। शुक्रवार को पानी के तेज बहाव में नाला पार करते दो दूध बेचने वाले उसमें बह गए। हादसा गोठरा और सरारी गांवों के बीच हुआ, जहां नाले पर एक पुलिया है। जाखदा गांव से 10-15 दूधिया बाइक पर दूध लेने बरीदेह खिरकाई जा रहे थे। रास्ते में जब वे नाले के पास पहुंचे तो पानी बहुत तेज बह रहा था। लेकिन फिर भी दो युवक- मोर सिंह (32) और विपिन रावत (21) ▶▶ शेष पेज 4 पर

प्रेम-प्रसंग में आत्महत्या

## जबलपुर में नर्मदा किनारे मिले युवक-किशोरी के शव



युवक जबलपुर का और किशोरी महाराष्ट्र की हाथ चुनरी से बंधे मिले

**जबलपुर।** जबलपुर से 25 किलोमीटर दूर गोपालपुर गांव से लगी नर्मदा नदी के किनारे युवक और नाबालिग किशोरी के शव मिले हैं। दोनों के हाथ चुनरी से एक-दूसरे से बंधे हुए थे। स्थानीय ग्रामीणों की सूचना मिलते ही भेड़ाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और शव के आसपास तलाशी ली। पुलिस ने शुरुआती जांच में पाया कि मामला प्रेम-प्रसंग में आत्महत्या का है। दोनों की शिनाख्त हो गई है। युवक जबलपुर का और किशोरी महाराष्ट्र ▶▶ शेष पेज 4 पर

राष्ट्रपति की मिली मंजूरी

## ऑनलाइन गेमिंग बिल बना कानून, उल्लंघन पर होगी जेल



सभी पैसे वाले ऑनलाइन गेम्स और उनके विज्ञापन पर पूरी तरह बैन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 'ऑनलाइन गेमिंग (प्रमोशन और रेग्युलेशन) बिल 2025' को मंजूरी दे दी है। यह बिल संसद के दोनों सदनों से इस हफ्ते ही पास हुआ था। इस कानून का मकसद ई-स्पोर्ट्स और सोशल गेम्स को बढ़ावा देना है, लेकिन ऑनलाइन पैसे वाले गेम्स पर पूरी तरह से रोक लगाना है। सरकार का कहना है कि इस कदम से नशे की लत, आर्थिक नुकसान और आत्महत्या जैसे खतरों को रोका जा सकेगा। ▶▶ शेष पेज 4 पर

मसूद को मिली सुप्रीम कोर्ट से राहत

## एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी की जांच पर रोक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भोपाल के मध्य विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को सुप्रीम कोर्ट से शुक्रवार को बड़ी राहत मिली है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने आदेश दिया था कि भोपाल के इंदिरा प्रियदर्शिनी कॉलेज मामले में तीन दिन के ▶▶ शेष पेज 4 पर



शीर्ष कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक

#### क्या है पूरा मामला?

खानूगांव में इंदिरा प्रियदर्शनी कॉलेज स्थित है। आरिफ मसूद इसकी समिति में सचिव हैं। कॉलेज की मान्यता को लेकर पूर्व विधायक ध्रुवनारायण सिंह ने शिकायत की थी, कॉलेज प्रबंधन और समिति ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मान्यता ली है। मामले में जांच बाद उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त ने यह माना था कि ▶▶ शेष पेज 4 पर

अंबानी परिवार का काफिला अस्पताल पहुंचा

## मुकेश अंबानी की मां कोकिलाबेन की तबीयत बिगड़ी, एचएन रिलायंस अस्पताल में भर्ती



परिवार ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उद्योगपति मुकेश अंबानी और अनिल अंबानी की मां कोकिलाबेन अंबानी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार सुबह मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में 91 वर्षीय कोकिलाबेन भर्ती हुईं। उन्हें एयरलिफ्ट करके अस्पताल लाया गया। वह रिलायंस समूह के संस्थापक दिवंगत धीरूभाई अंबानी की पत्नी हैं। कोकिलाबेन की उम्र को देखते हुए उनकी सेहत को लेकर चिंता बढ़ गई है। अंबानी परिवार का काफिला अस्पताल पहुंचा, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर हो रहा है। डॉक्टरों ने अभी तक उनकी हालत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। परिवार ने भी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें शुक्रवार ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### मुकेश अंबानी के साथ एंटीलिया में रहती हैं

*कोकिलाबेन अपने बड़े बेटे मुकेश अंबानी के साथ एंटीलिया में रहती हैं। साल 2002 में कोकिलाबेन ने धीरूभाई अंबानी के निधन के बाद रिलायंस साम्राज्य के विभाजन के लिए अपने बेटों के बीच दरार को पाटने में अहम किरदार निभाया था।*

डीआरआई का भोपाल जंक्शन और बेंगलुरु स्टेशन पर एक साथ छापा

रेव पार्टियों में होता था इस्तेमाल, बॉलीवुड तक सप्लाई की चेन

## भोपाल जंक्शन में दो तस्करों को पकड़कर बरामद किया 24 करोड़ का विदेशी गांजा

*भोपाल और बेंगलुरु से कुल 72 करोड़ रुपए कीमत का 72.24 किग्रा हाइड्रोपोनिक गांजा मिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी ड्रग्स की मंडी बनती जा रही है। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने भोपाल से विदेशी गांजा (हाइड्रोपोनिक वीड) की बड़ी खेप पकड़ी है। भोपाल जंक्शन पर दो आरोपियों के पास से 24.186 किग्रा गांजा बरामद किया है। इस मामले में डीआरआई ने 19 अगस्त को भोपाल जंक्शन और 20 अगस्त को बेंगलुरु स्टेशन में छापा मारा, जिसमें मास्टर माइंड सहित पांच को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, ड्रग्स का भंडाफोड़ ▶▶ शेष पेज 4 पर



**अब तक भोपाल और बेंगलुरु से मास्टर माइंड सहित 5 गिरफ्तार**

**तस्करी से कमाई 1 करोड़ की राशि भी बरामद**

#### कॉलेज के छात्र छात्राओं को बनाते थे निशाना

*पूछताछ में खुलासा हुआ है कि इस गिरोह के सोशल मीडिया के जरिए कॉलेज के छात्र छात्राओं, नौकरी पेशा युवकों और बेरोजगारों को अपना निशाना बनाते थे। डीआरआई ने विदेशी ड्रग्स तस्करी के मास्टर माइंड के कब्जे से 1.2 करोड़ रुपए राशि भी बरामद की है। जो मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित की गई थी। डीआरआई के भोपाल और बेंगलुरु दोनों स्थानों पर कुल 72 करोड़ की ड्रग्स बरामद हुई है। इस पूरे मामले में एनडीपीएस अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत 72 करोड़* ▶▶ शेष पेज 4 पर

10 पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपए से...


14 हास्य के बहाने समाज को आइना दिखाने की एक...




## उधर, सुप्रीम कोर्ट का आदेश इधर, राजधानी का ये हाल

हमीदिया अस्पताल और एम्स में एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक ही खत्म

# राजधानी में 2 लाख श्वान, हर साल 22 हजार आवारा कुत्तों की ही कर रहे नसबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के एक फरमान के बाद आम लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। आदेश में रैबीज पीड़ित और आक्रामक कुत्तों को खुले में नहीं छोड़ने, सड़कों पर खाना नहीं खिलाने और कुत्ते पकड़ने वाले सरकारी कर्मचारियों के काम में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई होगी। इन आदेशों से उम्मीद जताई जा रही है कि शहर में डॉग बाइट की तादाद में कमी आएगी। दरअसल राजधानी में पिछले साल 19 हजार 285 लोगों को कुत्तों ने काटा था। जबकि जनवरी से जुलाई तक आठ हजार 13 लोगों को कुत्तों ने काटा है।

रैबीज मुक्त शहर-2030 कार्यक्रम के तहत नगर निगम ने शहर में तीन एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर बनाए हैं, जहां हर साल लगभग 22 हजार आवारा श्वानों की नसबंदी की जा रही है। हालांकि प्रत्येक 10 वार्ड पर एक नसबंदी केंद्र होना चाहिए, लेकिन भोपाल में मानक से कम केंद्रों के बावजूद अधिक आवारा श्वानों की नसबंदी की गई है।

*पिछले साल 19 हजार 285 लोगों को कुत्तों ने काटा था*

*इस वर्ष जनवरी से जुलाई तक आठ हजार 13 लोगों को कुत्तों ने काटा*




### शहर में तीन एबीसी सेंटर पर नसबंदी

*एबीसी सेंटर प्रभारी पीपी सिंह का कहना है कि शहर में अरवलिया, आमदपुर और कजलीखेड़ा में तीन एबीसी सेंटर बनाए गए हैं, जहां नगर निगम के पांच वाहनों से बिना नसबंदी वाले कुत्तों को लाया जाता है। यहां उनकी नसबंदी करने के बाद पांच दिनों तक निगरानी की जाती है, जिसके बाद उन्हें वापस वहीं छोड़ दिया जाता है, जहां से उन्हें लाया गया था।*

### पेट लवर्स ने मनाया जश्न

सुप्रीम कोर्ट के संशोधित आदेश के बाद राजधानी के पेट लवर्स ने मिलकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए जश्न मनाया। पेट लवर्स सोनल पाल ने बताया कि इस निर्णय से कॉलोनियों और सड़कों के किनारे फीडिंग स्पॉट बनाए जाने चाहिए, जिससे कुत्तों को आसानी से खाना मिल सकेगा।

### जहां से कुत्ता उठाया, वहीं छोड़ना पड़ेगा

सुको के फैसले को लेकर पीपुल्स फॉर एनीमल की सदस्य स्वाति गौरव का कहना है कि नगर निगम के कर्मचारी पहले की तरह अब भी कुत्तों को जहां से उठाकर नसबंदी करेंगे, उन्हें वापस वहीं छोड़ना पड़ेगा। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से आम लोगों की सुरक्षा के साथ कुत्तों का संरक्षण भी हो सकेगा।

## राजधानी का जेपी अस्पतालः 25 दिन में डॉग बाइट के पहुंचे 3200 मरीज

राजधानी में कुत्तों का आतंक जेपी अस्पताल में मरीजों की कतार देखकर लगाया जा सकता है। शुक्रवार को इंजेक्शन लगवाने की लाइन में लगा हर दूसरा-तीसरा मरीज रैबीज से बचाव के इंजेक्शन वाला होता है। शुक्रवार को जेपी अस्पताल में दोपहर एक बजे तक डॉग बाइट के मरीज आए। अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि डॉग बाइट के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अलग से क्लीनिक शुरू किया गया है। हर दिन 100 मरीज इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे हैं। छुट्टी के अगले दिन मरीजों 200 तक पहुंच जाती हैं। अस्पताल की रिपोर्ट के मुताबिक बीते बीते 25 दिन में यहां 3180 से ज्यादा डॉग बाइट वाले मरीज पहुंचे। मरीज को यहां एंटी-रेबीज वैक्सीन और जरूरत पड़ने पर इम्यूनोग्लोबिन इंजेक्शन दिया जा रहा है।

### सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत के बाद भी कोई फर्क नहीं



चार ईमली के रहवासी आशीष पांडे ने बताया कि पूरा क्षेत्र आवारा कुत्तों से परेशान हैं। कई बार इसकी शिकायत नगर निगम में की है, लेकिन निगम ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। यहां तक की सीएम हेल्पलाइन पर भी इसकी शिकायत की है, इसके बावजूद कोई फर्क नहीं पड़ रहा है।

### जेपी में एक दिन में करीब 100 से ज्यादा लोगों को इंजेक्शन लगाए जा रहे

राजधानी के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल हमीदिया और एम्स में एंटी रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक खत्म हो गया है। मरीजों को बाहर से खरीदकर लाने कहा जा रहा है। यह स्थिति तब है, जब शहर में डॉग बाइट के हर दिन 150 से ज्यादा केस सामने आ रहे हैं। इस बीच अकेले जेपी अस्पताल में एक दिन में करीब 100 से ज्यादा लोगों को डॉग बाइट पर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया जा रहा है।

### यहां से आ रहे ज्यादा केस

जेपी अस्पताल की इमरजेंसी के डॉक्टरों ने बताया कि चार ईमली, मिसरोद, बैरागढ़, लालघाटी, भीम नगर, अन्नानगर, सोनागिरी, ग्यारह सौ क्वार्टर, पंचशील नगर, राजीव नगर, नया बसेरा, साकेत नगर, कमला नगर थाने के पास, शक्ति नगर, पीएनटी चौराहे के आसपास के क्षेत्रों से ज्यादा मरीज आते हैं।

### इस तरह बढ़े डॉग बाइट के केस

| वर्ष | डॉग बाइट केस |
|---|---|
| 2020 | 5391 |
| 2021 | 7433 |
| 2022 | 8976 |
| 2023 | 11700 |
| 2024 | 19659 |
| जुलाई 2025 तक | 8013 |

### यहां लगता है एंटी रैबीज इंजेक्शन

- जेपी अस्पताल
- हमीदिया अस्पताल
- काटजू अस्पताल
- बैरागढ़ सिविल अस्पताल
- एम्स




### कुत्ता काटे तो यह करें

सबसे पहले घाव को साबुन से बहते हुए पानी में धोना चाहिए। घाव को काटे या छीले नहीं न ही टांका लगाएं। कुत्ते को वैक्सीन नहीं लगा है तो मरीज को एंटी रैबीज वैक्सीन और साथ में घाव ज्यादा होने या गंदगी लगी होने पर टिटनेस का इंजेक्शन भी लगवाएं।

डॉ. धीरज शुक्ला
मेडिसिन विशेषज्ञ

### बरसात के मौसम में बढ़ जाती है डॉग बाइट की घटनाएं

बरसात के मौसम में तापमान में गिरावट होने, ब्रीडिंग सीजन होने और आवारा को खाने की कमी की वजह से शहर में लगातार डॉग बाइट की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसलिए लोगों को चाहिए कि बच्चों को समझाइश दें कि आवारा श्वानों से दूरी बनाकर चलें। ऐसी फीमेल डॉग, जिसके पास उनके बच्चें हों, उनसे भी दूरी बनाकर रखें, क्योंकि असुरक्षित महसूस करने व अपने बच्चों को बचाने के लिए वह काट भी सकती है।

डॉ. अजय रामटेके, उप संचालक पशु चिकित्सा

## गिन्नौरी में सौ मीटर के दायरे में सात लोगों को कुत्तों ने काटा

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का पेट लवर्स स्वागत योग्य बता रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ शहर में आवारा कुत्तों ने आतंक बढ़ता जा रहा है। गिन्नौरी इलाकों में 21 अगस्त की शाम को 100 मीटर के दायरे में सात लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा। गिन्नौरी और आसपास के वार्ड-23 में हुई घटना को लेकर इलाके में दहशत का माहौल है। महज 100 मीटर के दायरे में करीब आधे घंटे के भीतर अलग-अलग जगहों पर सात लोगों को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। इन घायलों में 14 साल की एक बच्ची से लेकर मध्यम आयु वर्ग के लोग शामिल हैं। सभी घायलों को हमीदिया और चिरायु अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचाया गया।



**इन लोगों पर किया हमला** गिन्नौरी स्कूल के पास रहने वाले 46 वर्षीय अयाज सिद्दीकी, सोहेल नसीम, रेतघाट इलाके में रहने वाली 14 वर्षीय सारा खान, गिन्नौरी निवासी तनजीम, गिन्नौरी कप्तान शादी हाल के पास 33 वर्षीय सलमान खान, रेहान, चौकी इमाम बड़ा पर रहने वाले मोहम्मद अलमास को कुत्ते ने काटा है।

---

*टेबल पर रखे सामान सहित कुर्सियां हुई क्षतिग्रस्त*

# एसडीएम दफ्तर में छत का प्लास्टर रात में गिरा, फॉल सीलिंग आई नीचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा स्थित पुराने सचिवालय की बिल्डिंग में चल रहे हुजूर तहसील के दफ्तर में बीती रात बड़ा हादसा होने से बच गया। दरअसल रात के समय में छत का प्लास्टर फॉल सीलिंग पर गिरा, जिससे सीलिंग नीचे गिर गई। ऐसे में यहां रखे दस्तावेज सहित कुर्सियां क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत यह रही कि यह हादसा दिन में नहीं हुआ, वरना यहां एसडीएम विनोद सोनकिया बैठकर काम करते हैं, इसके साथ यहां आवेदक और वकीलों की भी भीड़ लगी रहती है। सौ साल पुरानी इमारत में लंबे समय से एसडीएम हुजूर तहसील चलाई जा रही है। संत हिरदाराम नगर में नए तहसील भवन का काम चल रहा है, जिसमें अभी दो माह का समय लगेगा। बारिश के दौरान यहां पहले भी कई बार प्लॉस्टर गिर चुका है।

एसडीएम ने बताया कि जब सुबह कार्यालय खुला तो पता चला। कर्मचारियों ने अंदर जाकर देखा तो ऊपर दीवार के एक बड़े हिस्से का प्लास्टर गिरने से फॉल सीलिंग टूट गई थी। मरम्मत के लिए पीडब्ल्यूडी से कहा गया है।

## सौ साल पुरानी इमारत में चल रही हुजूर तहसील



### घटना के बाद खाली करा दिया कमरा

*एसडीएम ने शुक्रवार को कोर्ट में बैठकर ही काम निपटाए। कार्यालय को खाली कर दिया है, उसमें जिस दीवार का प्लास्टर गिरा है, वह पत्थरों से बनी हुई है। यदि समय रहता मरम्मत नहीं करवाई गई तो पत्थर धसकने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में बड़ा हादसा हो सकता है।*

### दो महीने में तैयार होगी नई इमारत

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह का कहना है कि हुजूर तहसील की नई इमारत संत हिरदाराम नगर में बन रही है। जिसका बचा हुआ काम पूरा होने में करीब दो महीने का समय लगेगा। फिलहाल पुराने कार्यालय की मरम्मत कराई जा रही है।

कोठी का हजारों टन मलबा निगम करेगा रीसाइकल

## सरकारी जमीनों पर कब्जा करने वाले मछली परिवार पर होगी एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के हथाईखेड़ा अनंतपुरा क्षेत्र में करीब 100 करोड़ की 52 एकड़ जमीन पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने वाले मछली परिवार के लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम ने तैयारी शुरू कर दी है।

जिला प्रशासन के अनुसार अनंतपुरा कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में शासकीय भूमि पर शकील अहमद, शारिक मछली, इरशाद, अताउल रहमान, सोहेल अहमद, शफीक व शरीफ ने कब्जा कर रखा था। जिन्हें प्रशासन ने नगर निगम और पुलिस की मदद से कार्रवाई कर जमींदोज कर दिया। अब इन सभी कब्जा करने वाले मछली परिवार के सदस्यों पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर निर्माण करने की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कराई जाएंगी। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, ने बताया कि मछली परिवार के कब्जे से शासकीय भूमि को कार्रवाई करते हुए मुक्त करवा लिया है। इसे अब प्रशासन ने अपने संरक्षण में ले लिया है, जल्द ही मलबा हटवाकर तार फेंसिंग करवाई जाएगी। सभी अतिक्रमणकारियों के खिलाफ एफआईआर करवाई जाएगी। इधर, जिला प्रशासन कोठी के मलबे को नगर निगम के सुपुर्द करने जा रहा है। जिसको निगम के प्लांट में रीसाइकल किया जाएगा। हुजूर एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि मलबे को हटाने की जिम्मेदारी निगम को सौंपी गई है।




शिक्षा और समाज सेवा का दिया संदेश

## जीएमसी में पहली बार देहदान पर गार्ड ऑफ ऑनर देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में शुक्रवार का दिन इतिहास बन गया। यहां पहली बार किसी देहदान को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। यह सम्मान 79 वर्षीय स्वर्गीय रमा की पार्थिव देह को दिया गया, जिन्हें उनके परिजनों ने मेडिकल शिक्षा और अनुसंधान के लिए कॉलेज को दान किया।

वर्ष 2022 से अब तक भोपाल में 14 लोग देहदान कर चुके हैं, लेकिन यह पहला अवसर था जब मप्र शासन के आदेशानुसार सरकारी गार्ड ने गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया। इस भावुक क्षण में हर किसी की आंखें नम हो गई और वातावरण प्रेरणादायी बन गया। रमा के पुत्र राजेश गुप्ता नेशनल अस्पताल के मेडिकल संचालक हैं। उन्होंने बताया कि उनकी मां ने देहदान की इच्छा जाहिर कर दी थी।



### मुख्यमंत्री के निर्देशों का किया पालन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा हाल ही में घोषित निर्णय के अनुसार जीएमसी में देहदानी और अंगदानी को गार्ड ऑफ ऑनर दिए जाने की परंपरा शुरू हुई है। इसी क्रम में भोपाल शहर में पहली बार स्वर्गीय रमा को यह सम्मान प्रदान किया गया। उनकी अंतिम इच्छा को पूरा करने के लिए परिवार ने किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ. राकेश भार्गव से संपर्क किया। इस अवसर पर जीएमसी की अधिष्ठाता डॉ. कविता एन. सिंह, मानव शरीर रचना विभाग के प्रभारी डॉ. संदीप मर्सकोले, जूडा अध्यक्ष डॉ. कुलदीप गुप्ता, संकाय सदस्य और छात्र मौजूद रहे।

### देहदान मेडिकल छात्रों के लिए अमूल्य धरोहर

देहदान मेडिकल छात्रों के लिए अमूल्य धरोहर है। इससे न केवल शोध और पढ़ाई को नई दिशा मिलेगी बल्कि समाज में यह संदेश भी जाएगा कि मृत्यु के बाद भी इंसान अपने शरीर से शिक्षा और विज्ञान की सेवा कर सकता है।

डॉ. कविता एन सिंह, डीन, जीएमसी

घोड़ा नक्कास, जुमेराती में सड़कों की हालत बद से बदतर

# राजधानी की कई सड़कें उखड़ीं: गणेशोत्सव तक भी सुधार संभव नहीं, अब हिचकोले खाते निकलेंगी शोभायात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वर्षा की वजह से उखड़ी सड़कें राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। वहीं चार दिनों बाद गणेश उत्सव शुरू होने जा रहा है। ऐसे में हिचकोले खाते शोभायात्राएं निकलेंगी।

दरअसल इन दिनों त्योहारी सीजन चल रहा है, जो दिवाली तक जारी रहेगा। अभी जन्माष्टमी पर्व बीता है। अब गणेश उत्सव सहित कई बड़े पर्व आएंगे। ऐसे में शहर में जगह-जगह शोभायात्राएं भी निकाली जाएंगी।

त्योहारी सीजन में कैसे निकल सकेंगे चल समारोह

बारिश की वजह से सड़कें हो गईं खस्ताहाल, आयोजक होंगे परेशान

### रेत, बंजरी व मिट्टी से भरे गड्ढे बारिश में हुए जस के तस



राजधानी में दिवाली तक 10 से अधिक शोभायात्राएं निकलेंगी, लेकिन इन दिनों भोपाल शहर के कई क्षेत्रों में सड़कों की स्थिति काफी खराब है। ऐसे में अगर समय से पूर्व सड़कों की मरम्मत नहीं हुई। तो शोभायात्राएं हिचकोले खाते हुए निकलेंगी। आने वाले दिनों में अनेक धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं की ओर से शोभायात्राएं निकाली जाएगी। दरअसल राजधानी में विगत दिनों हुई बारिश की वजह से सड़कें खराब हो गई। पूर्व में रेत, बंजरी व मिट्टी से गड्ढों को भरा गया था, लेकिन बारिश के चलते यह सब पानी में बह गया।

### 10 से अधिक शोभायात्राएं निकाली जाएंगी

गणेश उत्सव में डोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी के साथ विश्वकर्मा पूजा, अग्रसेन पूजा महोत्सव, नवरात्रि, दशहरा सहित अनेक चल समारोह निकाले जाएंगे। यह चल समारोह शहर धूमधाम से निकलते हैं, लेकिन यहां की सड़कों की हालत काफी खराब है। पुराने शहर की बात करें, तो घोड़ा नक्कास और जुमेराती की सड़कें कुछ ज्यादा ही खराब यहां की सड़कों पर एक - दो फीट के गड्ढे है। इसी तरह का हाल नए शहर में बोर्ड ऑफिस से लेकर गणेश मंदिर, बीयू से नर्मदापुरम रोड, साकेत नगर आदि जगहों के भी है। इस संबंध में जब निगम अधिकारी और महापौर का पक्ष जानने के लिए फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

## खानपान स्टॉलों की जांच, 1.43 लाख से अधिक का जुर्माना

**भोपाल।** रेलवे मजिस्ट्रेट भोपाल अनुराग खरे ने भोपाल स्टेशन पर एकदिवसीय कैंप कोर्ट का आयोजन किया गया। इस दौरान वाणिज्य विभाग के अधिकारियों, रेल सुरक्षा बल एवं जीआरपी की मौजूगी में स्टेशन परिसर और खानपान स्टॉलों की जांच की गई। इस दौरान कई खानपान स्टॉल पर खाद्य सामग्री को सही तरीके से ढका न पाए जाने पर पर्यावरण नियमों (एनजीटी प्रावधानों) के तहत कुल 43,490 का जुर्माना किया गया। इसके अतिरिक्त स्टेशन परिसर में विभिन्न वेंडर्स की जांच की गई, जिसमें अनियमितताएं पाए जाने पर 11 वेंडर्स पर कुल 16,500 का जुर्माना लगाया गया। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि कैंप कोर्ट में धाराओं के अंतर्गत 67 मामलों की सुनवाई की गई।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार | भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण | लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन

# नए मार्ग, नए अवसर...
# महाकौशल बढ़ रहा है प्रगति के पथ पर



"हमारी सरकार सुगम सम्पर्क, तेज विकास, बेहतर सुरक्षा और सबकी समृद्धि सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के साथ नेक्स्ट जनरेशन इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के लिए लगातार कदम उठा रही है।"

**नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## ₹4,250 करोड़ से अधिक के निवेश से कुल 174 किमी लंबी 9 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

### लोकार्पण

**CRIF अंतर्गत जबलपुर शहर में दमोह नाका–रानीताल–मदनमहल–मेडिकल रोड फ्लायओवर**
लम्बाई – 6.855 किमी. लागत – ₹ 1232 करोड़

**हिरन–सिंदूर खंड में नौरादेही वन्यजीव अभ्यारण्य भाग का 4–लेन चौड़ीकरण**
NH - 45, लम्बाई – 11.96 किमी. लागत – ₹ 178.18 करोड़

**कटनी बायपास का 4–लेन चौड़ीकरण**
NH - 30, लम्बाई – 19.23 किमी. लागत – ₹ 252.76 करोड़

### शिलान्यास

**अमझर–बरेला रोड (जबलपुर रिंग रोड) का 4–लेन सड़क निर्माण (पैकेज–5)**
लम्बाई – 17.875 किमी. लागत – ₹ 607.36 करोड़

**रीवा बायपास का 4–लेन चौड़ीकरण**
NH - 30, लम्बाई–19.2 किमी. लागत – ₹ 648.05 करोड़

**सिरमौर से डभौरा खंड का 2 लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण**
NH - 135 B, लम्बाई – 37.11 किमी. लागत – ₹ 311.62 करोड़

**मंडला से नैनपुर खंड का 2 लेन पेव्ड शोल्डर के साथ चौड़ीकरण**
NH - 543, लम्बाई – 46.10 किमी. लागत – ₹ 591.65 करोड़

**रीवा–मैहर–कटनी खंड पर 07 अन्डरपास का निर्माण**
NH-30, लम्बाई–10.50 किमी. लागत– ₹ 206.92 करोड़

**कटनी–जबलपुर–लखनादौन खंड पर 06 फ्लायओवर एवं अन्डरपास का निर्माण**
NH - 30/34 , लम्बाई – 5 किमी. लागत – ₹ 260.36 करोड़

### परियोजनाओं से होने वाले लाभ

- बेहतर कनेक्टिविटी से निवेश में वृद्धि, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बल और रोजगार के नए अवसरों का सृजन
- जबलपुर रिंग रोड के पूर्ण होने से शहर में भारी वाहनों के दबाव में कमी एवं सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश
- रीवा एवं कटनी बायपास के चौड़ीकरण से वाराणसी से नागपुर के संपूर्ण खंड पर 4–लेन कनेक्टिविटी
- नौरादेही वन क्षेत्रों में न्यूनतम हस्तक्षेप अधारित विकास कार्यों से वन्यजीव संरक्षण के प्रयासों को मजबूती
- डिंडोरी, मंडला और बालाघाट जैसे आदिवासी क्षेत्रों का सड़क संपर्क और मजबूत
- चौड़ीकरण कार्य पूर्ण होने से रीवा–जबलपुर और भोपाल–जबलपुर में 20 मिनट की बचत
- कान्हा एवं बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यानों तक पहुंच आसान, पर्यटन को बढ़ावा
- जबलपुर फ्लायओवर से शहर में ट्रैफिक जाम से निजात, समय एवं ईंधन की बचत और प्रदूषण में कमी

**नितिन गडकरी**
केन्द्रीय मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग
के द्वारा

**एवं**

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश
की अध्यक्षता में

**शनिवार, 23 अगस्त 2025 | दोपहर 12:00 बजे, महानद्दा, जबलपुर**

### गरिमामयी उपस्थिति

**शिवराज सिंह चौहान** – कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री | **ज्योतिरादित्य सिंधिया** – केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री | **डॉ. वीरेन्द्र कुमार** – केन्द्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री | **अजय टम्टा** – राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **हर्ष मल्होत्रा** – राज्य मंत्री, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय | **सावित्री ठाकुर** – राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | **दुर्गादास उइके** – राज्य मंत्री, जनजातीय कार्य मंत्रालय | **जगदीश देवड़ा** – उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन | **राजेन्द्र शुक्ल** – उप मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन | **प्रहलाद सिंह पटेल** – मंत्री, पंचायत और ग्रामीण विकास एवं श्रम मध्य प्रदेश शासन

**राकेश सिंह** – मंत्री, लोक निर्माण विभाग मध्य प्रदेश शासन | **संपतिया उइके** – मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मध्य प्रदेश शासन | **विवेक के. तन्खा** – राज्य सभा सदस्य | **सुमित्रा बाल्मीक** – राज्य सभा सदस्य | **विष्णु दत्त शर्मा** – सांसद, खजुराहो | **डॉ. फग्गन सिंह कुलस्ते** – सांसद, मण्डला (अ.ज.जा) | **गणेश सिंह** – सांसद, सतना | **जनार्दन मिश्रा** – सांसद, रीवा | **आशीष दुबे** – सांसद, जबलपुर | **दर्शन सिंह चौधरी** – सांसद, होशंगाबाद

### परियोजना क्षेत्र से जुड़े विधायक गण

सुशील कुमार तिवारी (इंदु भैया) | डॉ. अभिलाष पाण्डेय | नीरज सिंह ठाकुर | संतोष वरकड़े | दिव्यराज सिंह | योगेंद्र सिंह (बाबा) | प्रणय प्रभात पांडे (गुड्डू भैया) | संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल | श्रीकान्त चतुर्वेदी | डॉ. राजेन्द्र कुमार सिंह
विक्रम सिंह (विक्की) | जगत सिंह बहादुर (महापौर,नगर निगम जबलपुर)

सड़कें ही नहीं, राष्ट्र का निर्माण भी

FOR LIVE STREAMING : www.facebook.com/nitingadkary | https://twitter.com/nitin_gadkari | www.youtube.com/c/NitinGadkariOfficial

CBC 37107/15/0013/2526

## जैकेट का शेष...

### सड़कों पर आवारा कुत्तों...

और सघनता को ध्यान में रखते हुए भोजन क्षेत्र बनाए जाएंगे। पीठ ने साफ किया कि सड़कों पर आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की अनुमति नहीं होगी।

### तो भ्रष्टाचारी 'जेल'...

जानता है, मेरा साफ मानना है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को अगर अंजाम तक पहुंचाना है तो कोई भी कार्यवाही के दायरे से बाहर नहीं होना चाहिए।

### ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ...

किए जा रहे थे, जेल से ही आदेश जारी किए जा रहे थे। नेताओं का अगर यही रवैया रहेगा तो ऐसे भ्रष्टाचार के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाएगी?

### सुबह-शाम ये लोग मोदी...

सपने चकनाचूर हो जाएंगे। इसलिए सुबह- शाम ये लोग मोदी को भांति-भांति की गाली दे रहे हैं। इतने बौखलाए हैं कि इन जनहित के कानून का विरोध कर रहे हैं। हमारे राजेंद्र बाबू और बाबा साहेब आंबेडकर ने कभी सोचा भी नहीं था, कभी कल्पना भी नहीं की होगी कि सत्ता के भूखे लोग भ्रष्टाचार करेंगे और जेल जाने पर भी कुर्सी से चिपके रहेंगे लेकिन अब भ्रष्टाचारी जेल भी जाएगा और उसकी कुर्सी भी जाएगी। भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त होने का संकल्प देश के कोटि-कोटि लोगों का है जो पूरा होकर रहेगा।

### देश के बड़े औद्योगिक ...

*एरसेलोर मित्तल आलोक मेहता, डायरेक्टर महाकौशल रिफ्रैक्टरीज प्रालि मयंक गुग्गली और सीईओ ऑरो नेचुरल रिसोर्सेस प्रालि अफरोज शामिल होंगे।*

### ड्राइवर की जगह खुद...

था, लेकिन स्कूल संचालक दीवान जाटव ने स्वयं वाहन चलाया। दीवान की बाइक पंक्चर हो गई थी, जिसके बाद उसने ड्राइवर को हटाकर वैन ड्राइविंग संभाल ली। इस हादसे में घायल बच्चों से मिलने के लिए पोहरी से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाह अस्पताल पहुंचे। हादसे में घायल कार्तिक जाटव की हालत गंभीर होने पर उसे ग्वालियर रेफर किया गया। ग्रामीणों की मदद से सभी को बैराड़ अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायल बच्चों और शिक्षिका को जिला अस्पताल शिवपुरी रेफर किया गया और बाद में मेडिकल कॉलेज शिवपुरी में भर्ती कराया गया। बैराड़ थाना प्रभारी रवि शंकर कौशल ने बताया कि पुलिस ने स्कूल संचालक दीवान जाटव के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## पेज एक का शेष

### उपराष्ट्रपति पद...

रूप से देखेगी कि कांग्रेस पार्टी, वामपंथी दलों के दबाव में, एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतार रही है, जिसने नक्सलवाद का समर्थन किया और सुप्रीम कोर्ट जैसे पवित्र मंच का इस्तेमाल किया।

### मुस्लिम युवक...

पत्र और ई-मेल भी भेजा है। समर्पण की वजह आरिफ के अनुसार कवि अमीर खुसरो के समर्पण पर आधारित एक 30 सेकंड के वीडियो ने उन्हें संत प्रेमानंद से इतना प्रभावित किया कि उन्होंने यह बड़ा फैसला लिया। आरिफ ने कहा- मैं रहूं या न रहूं, लेकिन समाज को जोड़ने वाले ऐसे संतों का रहना बहुत जरूरी है। आरिफ एक ऑनलाइन कंसल्टेंसी पेशेवर हैं और उन्होंने बीए तक की पढ़ाई की है। वह लंबे समय से सामाजिक कार्यों से भी जुड़े हुए हैं। वे तंजीम इस्लाहुल मुसलमीन संस्था के माध्यम से लावारिस शवों का कफन-दफन करने का नेक काम करते हैं।

### 6 महीने...

उन्हें यह जानकारी मिली कि महाराज की दोनों किडनियां खराब हैं और उनका डायलिसिस चल रहा है। इसी के बाद उन्होंने अपनी किडनी दान करने का फैसला किया।

### छिंदवाड़ा कलेक्टर...

पहुंचे थे। धार में उमंग सिंघार कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने स्वतंत्र जोशी के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में शामिल हुए। इसी दौरान उन्होंने मंच से कहा कि आप कलेक्टर हो। नौकरी ज्वॉइन करते तो कहा जाता है कि जनता का नौकरशाह, लेकिन ये तो भाजपा के नौकर बन गए। उन्होंने कहा कि मैंने छिंदवाड़ा में कहा था कि कलेक्टर नहीं आया तो देख लेना। जब कलेक्टर नहीं आया तो मैंने एक श्वान को बुलाया और उसे छिंदवाड़ा कलेक्टर बनाया। फिर मैंने और जीतू पटवारी ने उसको ज्ञापन दे दिया। उन्होंने आगे कहा कि आप क्यों डर रहे हो, क्या हमारी सरकार नहीं आएगी। जरूर आएगी और जो दादागीरी करेगा उसके साथ कांग्रेस पार्टी क्या करेगी। मैं सभी आईएएस की बात नहीं कर रहा, लेकिन जो कलेक्टर और आईएएस पार्टीबाजी करेगा तो फिर हम भी बताएंगे की राम नाम सत्य भी होता है।

### पुलिया पार...

बाइक से नाले में उतर गए। इस दौरान दोनों तेज बहाव में बहने लगे। पीछे से आ रहे अन्य लोगों ने हिम्मत दिखाकर मोर सिंह को बचा लिया, लेकिन विपिन पानी में बह गया। वह अब तक लापता है। मामले की जानकारी प्रशासन को दी गई। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम विपिन की तलाश में जुटी हुई है। मोर सिंह को घायल हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि हर साल बरसात में इस नाले में तेज बहाव आता है। हालांकि फिर भी लोग जल्दबाजी में ऐसे खतरनाक फैसले ले लेते हैं। प्रशासन ने भी लोगों से अपील की है कि बरसाती मौसम में नाले या नदी पार करते वक्त पूरी सावधानी रखें और कोई भी खतरा न लें।

### जबलपुर में...

की है। जानकारी के मुताबिक, गोपालपुर से निकलने वाली नर्मदा नदी के किनारे कुछ ग्रामीणों ने दो शव देखे। पास जाकर पता चला कि बॉडी लड़के-लड़की की है, जिनकी उम्र 17 से 19 साल के बीच है। दोनों के हाथ एक लाल रंग की चुनरी से बंधे हुए थे। जांच के दौरान यह भी पता चला कि दोनों शव 3 से 4 दिन पुराने हैं। युवती ने काले रंग का कपड़ा और लड़के ने नीले रंग की जींस पहन रखी थी। नर्मदा नदी मिले युवक और किशोरी के शवों की शिनाख्त शुक्रवार दोपहर को हुई। लड़का जबलपुर के गोरखपुर क्षेत्र का रहने वाला है, जिसका नाम इशान स्टीफन है। वहीं नाबालिग किशोरी महाराष्ट्र के औरंगाबाद की रहने वाली है,जो कि 8 अगस्त को इशान के साथ जबलपुर आई थी। पुलिस ने दोनों के परिवार वालों को सूचना दे दी है। इशान का मेडिकल कॉलेज में पीएम चल रहा है, वही नाबालिग किशोरी के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है, जल्द ही वो जबलपुर आ रहे हैं।

### ऑनलाइन गेमिंग...

साथ ही, ई-स्पोर्ट्स को अब कानूनी मान्यता मिलेगी और युवाओं के लिए खेल का नया क्षेत्र खुलेगा। इस कानून के तहत पैसे वाले ऑनलाइन गेम्स को चलाना, उसका विज्ञापन करना या उनसे जुड़ा लेन-देन करना अपराध होगा। हालांकि, खिलाड़ियों पर कोई सजा नहीं होगी। लेकिन ऐसे गेम चलाने वाले, विज्ञापन देने वाले और आर्थिक मदद करने वालों को जेल और जुर्माना झेलना पड़ सकता है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आयकर विधेयक, 2025 को अपनी मंजूरी दे दी है, यह पुराने आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। आयकर अधिनियम 2025, अगले वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। नया अधिनियम पुराने कर कानूनों को सरल बनाएगा और कानून में शब्दों की अधिकता को कम करेगा, जिससे इसे समझना आसान हो जाएगा।

### एफआईआर दर्ज...

भीतर एफआईआर दर्ज की जाए और इसकी जांच एसआईटी को सौंपी जाए। अब सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट के आदेश इस आदेश के खिलाफ मसूद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाई। विधायक की तरफ से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, विवेक तन्खा और वरुण तन्खा पेश हुए थे। मसूद के वकील विवेक तन्खा ने कहा कि हाईकोर्ट का आदेश अनुचित है, उनकी दलीलों को कोर्ट ने स्वीकार किया। मप्र की हाईकोर्ट के आदेश के बाद मसूद के खिलाफ कोहेफिजा थाने में कूटरचित दस्तावेजों के मामले में एफआईआर दर्ज की गई थी। साथ ही डीजीपी ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी एडीजी संजीव शर्मा के नेतृत्व में गठित की थी। हालांकि अब सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है। ऐसे में अब विधायक के खिलाफ एसआईटी की जांच भी रोक दी गई है।

### क्या है पूरा मामला?...

अमन सोसाइटी ने कॉलेज संसाधन के लिए फर्जी दस्तावेज के आधार पर एनओसी व मान्यता प्राप्त की थी। इस मामले में एसआईजी जांच के आदेश कोर्ट ने दिए थे। इसके बाद भोपाल के कोहेफिजा थाने में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। इधर कॉलेज में नए प्रवेश पर रोक लगा दी गई है।

### मुकेश अंबानी...

की सुबह एयरलिफ्ट किया गया था। एक वीडियो में अंबानी परिवार अस्पताल में आता दिख रहा है। इससे कोकलिाबेन की सेहत को लेकर चिंता हो रही है। डॉक्टरों ने उनकी मेडिकल स्थिति के बारे में कुछ नहीं बताया है। उनकी उम्र के कारण चिंता और बढ़ गई है। कोकिलाबेन ने देश के आर्थिक और सामाजिक बदलाव के दशकों में परिवार के पालन-पोषण में अहम भूमिका निभाई है। उनका जन्म रतिलाल जशराज पटेल और रुक्ष्मणीबेन के घर हुआ था। 1955 में उनकी शादी धीरूभाई अंबानी से हुई थी। उनके चार बच्चे हैं। मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी, नीना कोठारी और दीप्ति सालगावकर।

### भोपाल जंक्शन...

डीआरआई ने ऑपरेशन वीड आउट के तहत किया गया है। इस ऑपरेशन के तहत 19 और 20 अगस्त को बेंगलुरु और भोपाल स्टेशन पर एक साथ कार्रवाई की। दिल्ली जाने वाली राजधानी ट्रेन में बेंगलुरु से 29.88 किग्रा हाइड्रोपोनिक वीड जब्त किया है। बताया जा रहा है कि इस विदेशी ड्रग्स का इस्तेमाल नशे के लिए रेव पार्टियों में किया जा रहा था, एक तरह से यह गांजे की ही किस्म अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत 1 करोड़ रुपए प्रति किलो है। डीआरआई को यह भी इनपुट मिल रहा है कि इसकी सप्लाई बॉलीवुड तक हो रही थी। इसकी भी तस्दीक की जा रही है। मामले में मास्टरमाइंड आरोपी समेत 5 तस्करों को गिरफ्तार कर पूछताछ जारी है। जिसमें और भी बड़े खुलासे की संभावना है।

### कॉलेज के छात्र...

रुपए मूल्य की कुल 72.24 किग्रा हाइड्रोपोनिक वीड और 1.2 करोड़ रुपए की अवैध राशि जब्त की गई है।

**हाइड्रोपोनिक वीड गांजे की खास किस्म... भारत में पूरी तरह से बैन**

जानकारों की माने तो हाइड्रोपोनिक वीड गांजे की एक खास किस्म है। ये हाइड्रोपोनिक तकनीक से समुद्री पानी में उगती है। इसकी कीमत भी सामान्य गांजे से कई गुना ज्यादा होती है। ज्यादा नशा और भारत में बैन होने के चलते अवैध तरीके से तस्करी के कारण इसकी कीमत करोड़ों में है। महंगी होने के कारण रेव पार्टियों में इसकी डिमांड ज्यादा रहती है। ये वीड थाईलैंड, कनाडा, यूएसए में इसकी खेती होती है। यह भारत में पूरी तरह बैन है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**यांत्रिक विभाग, जोन क्रं 20**

क्रमांक 07/यां/वि/जोन क्र. 20/25 — भोपाल, दिनांक – 21/08/2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_446192_1 | REPAIR MAINTENANCE WORK AT GOVERMENT PRIMARY SCHOOL LAUKHEDI W-06, Z-20 | 491434.00 | 05.09.2025 | 05:30 सांय |
| 2 | 2025_UAD_446214_1 | CONSTREPAIR OF C.C. ROAD PANCHWATI, INDRA VIHAR, SAWAN NAGAR, VALLABH NAGAR NYAYPURA, VITHAL NAGAR WARD-06, ZONE-20 | 612475.00 | 05.09.2025 | 05:30 सांय |
| 3 | 2025_UAD_446205_1 | CONST. DRAIN IN PANCHWATI, INDRA VIHAR, SAWAN NAGAR, VALLABH NAGAR NYAYPURA, VITHAL NAGAR WARD-06, ZONE-20 | 328615.00 | 05.09.2025 | 05:30 सांय |
| 4 | 2025_UAD_446225_1 | PROVIDING AND LAYING PAVER BLOCK AT PANCHWATI, INDRA VIHAR, SAWAN NAGAR VALLABH NAGAR, VIJAY NAGAR, JAIN COLONY, NYAYPURA, VITHAL NAGAR WARD-06, ZONE-20 | 342222.00 | 05.09.2025 | 05:30 सांय |

सहायक यंत्री
जोन क्रं 20
नगर पालिक निगम भोपाल
नि.क्र. : 2321/025/026

**कार्यालय अध्यक्ष, काउंसलिंग समिति**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश**
टैगोर छात्रावास क्रमांक-T2, प्रथम तल, श्यामला हिल्स, दूरदर्शन रोड, भोपाल-462002

**संस्था स्तर की काउंसलिंग समय सारणी, सत्र 2025-26 (C-17)**

मध्यप्रदेश के शासकीय/स्वशासी/अनुदान प्राप्त/स्ववित्तीय/निजी क्षेत्र संस्थानों में संचालित, COA द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु

**प्रवेश हेतु उपलब्ध पाठ्यक्रम**

- डिप्लोमा आर्किटेक्चर (Diploma Architecture)
- बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर (B. Arch.) पाठ्यक्रम में प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु
- स्नातकोत्तर आर्किटेक्चर (M. Architecture) पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में प्रवेश हेतु

**समय सारणी**

| ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन | प्रवेश का अवसर प्राप्त करना |
|---|---|
| 25.08.2025 से 27.08.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 28.08.2025 प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 11:45 तक |
| 29.08.2025 से 30.08.2025 रात्रि 11:30 बजे तक | 30.08.2025 प्रातः 10:30 बजे से रात्रि 11:45 तक |

**महत्वपूर्ण :**
- प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिये संस्था स्तर की काउसंलिंग हेतु पंजीयन करा चुके अभ्यर्थी, अधिकृत वेबसाइट संस्था/ब्रांच की उपलब्ध रिक्तियों का अवलोकन कर उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों पर प्रवेश का अवसर प्राप्त करने के लिए इच्छुक संस्था में प्रातः 10:30 बजे स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज करवाना आवश्यक है। तत्पश्चात मेरिट के अनुसार प्रवेश की कार्यवाही की जावेगी।
- प्रवेश नियम, विस्तृत समय-सारणी, अभ्यर्थी मार्गदर्शिका/काउंसलिंग प्रक्रिया, अधिकृत सहायता केन्द्रों की सूची इत्यादि वेबसाइट **dte.mponline.gov.in** पर उपलब्ध है। काउंसलिंग में सम्मिलित होने के पूर्व इनका सूक्ष्मता से अध्ययन लें।

**प्रवेश निरस्त :**
- **प्रवेश का अवसर प्राप्त करने की दिनांक को, प्रवेश निरस्तीकरण की सुविधा उपलब्ध नहीं रहेगी।**
- **संपर्क : 0755-6720205, 2660441, ईमेल : dte.helpcenter@mp.gov.in**

अतिरिक्त संचालक
म.प्र. माध्यम/121698/2025 — तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश


## धनखड़ टेबल टेनिस खेलकर योग करके बिता रहे समय

**नई दिल्ली।** पिछले महीने उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा देने वाले जगदीप धनखड़ अपने परिवार के साथ समय बिताने के साथ ही नियमित रूप से योगाभ्यास कर रहे हैं और टेबल टेनिस खेल रहे हैं। अगस्त 2022 में उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से पहले धनखड़ जब पश्चिम बंगाल के राज्यपाल थे, तब उन्होंने शौकिया टेबल टेनिस खेलना शुरू किया था। धनखड़ की दिनचर्या से वाकिफ लोगों ने बताया कि वह नियमित रूप से योग अभ्यास करते हैं और उपराष्ट्रपति एनक्लेव में अपने शुभचिंतकों व स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति की दिनचर्या से अवगत एक व्यक्ति ने बताया, यहां तक कि यात्रा से लौटने के बाद भी वह अपने स्टाफ सदस्यों के साथ टेबल टेनिस खेलते थे।





हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

**नाम परिवर्तन**

मैं, घनश्याम सिंह पाल आत्मज स्व. श्री पंचम सिंह पाल आयु-वयस्क निवासी-एस-878, नेहरू नगर भोपाल (म.प्र.) मेरे पुत्र के शासकीय अशासकीय दस्तावेजों में उसका नाम गर्व सिंह पाल (Garv Singh Pal) पुत्र घनश्याम सिंह पाल दर्ज है जो सही एवं सत्य है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड नम्बर-3435 9992 1202 मे उसका नाम त्रुटिवश अनुज पाल (Anuj Pal) दर्ज हो गया है जो कि गलत है। अतः भविष्य में सभी शासकीय / अशासकीय दस्तावेजो मे मेरे पुत्र को गर्व सिंह पाल (Garv Singh Pal) पुत्र घनश्याम सिंह पाल के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CZ 004103

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें। मो. 9977912473

**आवश्यकता**

नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 9202613238, 9229187457

R-03-09-2025

**आवश्यक सूचना**


पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक


## राशिफल

- **मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।
- **वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।
- **मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।
- **कर्क** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।
- **सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।
- **कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।
- **तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।
- **वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।
- **धनु** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।
- **मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।
- **कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।
- **मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## शब्द पहेली - 5966



**बाएँ से दाएँ**
1. द्वेष, झगड़ा, रार-3
4. बुरकापोश-5
8. गागर, घड़ा-3
9. प्याऊ (उर्दू-3)
10. पैंदा, तला-2
12. बरस, वर्ष-2
13. सतत, लगातार-5
16. मजार, समाधि-4
17. उदारता, बड़पन्न-4
18. वायदा, कसम-2
19. महीना, माह-2
20. हमसफर-4
23. आदेश, आज्ञा-4
25. कहानी लेखक-5
28. गधा, गर्दभ-2
29. श्रवणेंद्रिय-2
31. बारिश, वर्षा-3
33. देवर्षि-3
35. दया करना-3,2
36. चिंतन

**ऊपर से नीचे**
1. कुपुत्र-3
2. अधिकार-2
3. सलाह, राय-4
4. अफसोस, खेद-4
5. शीतकालीन फसल-2
6. दलहन-2
7. ठंडा, सर्द-3
11. जिज्ञासा, उत्साह-3
12. बारिश का मौसम-3
13. धारावाही, अविराम, सीरियल-5
14. रीत, परंपरा-2
15. जीवनसाथी, हमराही-5
21. मोर-3
22. जल, नीर-2
24. पीहर-3
26. गजशाला, हाथी घर-4
27. करतब, करामात-4
28. उपभोग, खर्च-3
30. नेत्र, चक्षु, आंख-3
31. सवारी गाड़ी-2
32. रहन, गिरवी वस्तु-2
34. ताकत, जोर, बल-2

**शब्द पहेली -5965 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5976

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5975 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## खबर संक्षेप

### एक्सिस निफ्टी 500 क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लांच

**मुंबई।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस निफ्टी500 क्वालिटी 50 इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है जो निफ्टी 500 क्वालिटी 50 टीआरआई को ट्रैक करेगा। इस फंड का प्रबंधन कार्तिक कुमार और हितेश दास फंड मैनेजर करेंगे। यह फंड निवेशकों को निफ्टी 500 यूनिवर्स से चुनी गई भारत की 50 हाई-क्वालिटी कंपनियों में निवेश करने का एक सरल, पारदर्शी और किफ़ायती तरीका प्रदान करेगा।

### रियलमी ने पेश की रियलमी पी4 सीरीज

**मुंबई।** रियलमी ने रियलमी पी4 सीरीज पेश करते हुए दो बेहतरीन स्मार्टफोन रियलमी पी4 प्रो और रियलमी पी4 लांच किए। इन स्मार्टफोंस में फ्लैगशिप इनोवेशन दिए गए हैं। यह सीरीज़ ऑलराउंडर फीचर्स के साथ ड्युअल चिप पॉवर्ड परफॉर्मेंस प्रदान करती है। ये अपनी श्रेणी के हर स्मार्टफोन से बेहतर हैं और 20,000 रुपए से कम मूल्यवर्ग में अब तक के सबसे अच्छे स्मार्टफोन हैं।

### प्रावेग का आय 61.50 फीसदी बढ़ी

**अहमदाबाद।** प्रावेग लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपनी वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 39.86 करोड़ रुपए हुआ जो 61.50 फीसदी की वृद्धि हुई। एबिटडा 6.22 करोड़ रुपए रहा। कुल आय 29.88 करोड़ रुपए इसमें 21.06 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई।

### फिटनेस आइकन से सेंटर फॉर साइट का करार

**नई दिल्ली।** वर्ल्ड सीनियर सिटीजन डे के अवसर पर भारत के अग्रणी सुपर-स्पेशियलिटी आई हॉस्पिटल नेटवर्क सेंटर फॉर साइट ने उम्र से संबंधित नेत्र रोगों में समय पर हस्तक्षेप की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया है। डायरेक्टर डॉ. महिपाल एस. सचदेव ने कहाकि आंखों का स्वास्थ्य बुढ़ापे में गरिमा, आत्मविश्वास और स्वतंत्रता को परिभाषित करता है।

### मंगल इले. को 2.5 गुना से अधिक बोली प्राप्त

**नई दिल्ली।** मंगल इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपनी एंकर बुक का सफल समापन घोषित किया है। एंकर पोर्शन के 120 करोड़ को निवेशकों से जबरदस्त प्रतिसाद मिला और यह 2.5 गुना से अधिक सब्सक्राइब हुआ। कंपनी के आनंद राठी ने बताया कि मंगल इलेक्ट्रिकल का आईपीओ 400 करोड़ का बुक बिल्ड इश्यू है, जो पूरी तरह से फ्रेश इश्यू होगा। यह आईपीओ 20 अगस्त से 22 अगस्त 2025 तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला रहेगा।

### एबॅट का नेक्स्ट-जेन फ्री स्टाइल लिब्रे 2 प्लस लांच

**नई दिल्ली।** हेल्थकेयर कंपनी एबॅट ने फ्रीस्टाइल लिब्रे 2 प्लस सेंसर को लॉन्च किया है। यह कंपनी के फ्रीस्टाइल लिब्रे सेंसर पोर्टफोलियो में नया प्रोडक्ट है। यह इनोवेटिव डिवाइस हर मिनट अपने आप ग्लूकोज रीडिंग्स सीधे आपके फोनपर प्रदान करता है, जिससे डायबिटीज से पीड़ित लोग पूरे आत्मविश्वास, सटीकता और आसानी से अपनी डायबिटीज को मैनेज कर सकते हैं। डायबिटीज से पीड़ित लोग अपनी ग्लूकोज रीडिंग्स को स्कैन किए बिना देख सकते हैं।

### ध्रुव ने हासिल की शुद्ध लाभ में 82 फीसदी वृद्धि

**मुंबई।** ध्रुव कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अप्रत्याशित वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। मुख्य समेकित वित्तीय मुख्य बिंदु-राजस्व 21.40 करोड़, सालाना वृद्धि 6.89फीसदी ईबीआयटीडीए 3.58 करोड़, सालाना वृद्धि 30.18 फीसदी ईबीआयटीडीए मार्जिन 16.72 फीसदी, सालाना वृद्धि 297 बेसिस पॉइंट्स शुद्ध लाभ 1.60 करोड़, सालाना वृद्धि 81.81फीसदी शुद्ध लाभ मार्जिन 7.46 फीसदी की हुई।

---

सब्जियों की कीमतों ने तोड़े रिकॉर्ड

# टमाटर-मिर्च के भाव सुनकर खरीदार हो रहे लाल

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

त्योहारी मौसम में महंगाई ने रसोई घर का जायका बिगाड़ रखा है। मंडियों से लेकर गली-गली के ठेलों तक, सब्जियों के भाव आसमान पर पहुंच गए हैं। आलम यह है कि लाल रंग वाले टमाटर के भाव सुनकर अब उपभोक्ता लाल हो रहे हैं तो हरी मिर्च का तीखापन अब केवल स्वाद में नहीं, जेब पर भी भारी पड़ रहा है। थोक सब्जी विक्रेताओं के अनुसार बारिशों ने फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे उत्पादन घट गया है। वहीं दूसरे राज्यों से आने वाली आवक भी सीमित हो गई है। इन दोनों कारणों से आपूर्ति पर भारी असर पड़ा है और कीमतें लगातार चढ़ रही हैं।





### मंडियों में कम हुई आवक

*राजधानी के करोंद स्थित थोक सब्जी में अब पहले की तुलना में आधे से भी कम ट्रक में सब्जियां पहुंच रही हैं। पहले जहां रोजाना छोटे-बड़े 80-90 वाहनों में सब्जियां आ रहीं थीं, लेकिन मौजूदा समय अब यह संख्या घटकर 25 से 30 तक पहुंच गई है। यही वजह है कि टमाटर की थोक कीमत 40 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है। हरी मिर्च की थोक दर भी 40 से 60 रुपए के पार चल रही है।*

### खुदरा बाजार में है भाव की तिलमिलाहट

राजधानी के हाट बाजार खासकर बिट्टन मार्केट, दस नंबर, कोटरा, हबीबगंज, बरखेड़ा, पिपलानी बागसेवानिया सहित अन्य क्षेत्रों के खुदरा दुकानदारों द्वारा भारी मुनाफाखोरी की जा रही है। ऊंचे भाव पर सब्जियों की बिक्री होने से खरीदारी करने बाजार पहुंचे उपभोक्ता पहले जैसी मात्रा में सब्जियां नहीं ले रहे। जहां पहले एक परिवार 300–400 में हफ्तेभर की सब्जी खरीद लेता था, अब वही खर्च 700 तक पहुंच गया है। सब्जी विक्रेताओं के अनुसार, लोग अब किलो की जगह आधा किलो या पाव सब्जी ही खरीद रहे हैं। कारोबारी राजेंद्र सैनी का कहना है कि राहत की उम्मीद सितंबर के दूसरे सप्ताह के बाद ही बन सकती है, जब नई सब्जियों की आवक होगी। फिलहाल, उपभोक्ताओं को इसी तीखे स्वाद और जेब पर भारी महंगाई के साथ समझौता करना होगा।

---

रेयर मिनरल्स प्रोसेसिंग कैपिटल का यह कदम क्रांतिकारी साबित होगा

## भोपाल को बनाया जाए खनिजों की रिसर्च प्रोसेसिंग और हाई-वैल्यू उपयोग का केंद्र

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल को 'रेयर मिनरल्स सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में स्थापित किया जाए। यह मांग 'कमाल का भोपाल' अभियान के फाउंडर और क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने की है। उन्होंने कहाकि यह कदम भोपाल को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ग्रीन एनर्जी और डिफेंस इंडस्ट्री का स्वाभाविक केंद्र बनाएगा और राजधानी की वैश्विक पहचान को और सशक्त करेगा। आईआईटी, आईआईएसईआर और इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड जैसे संस्थानों का सहयोग इस दिशा में क्रांतिकारी साबित होगा।

मीक ने कहाकि रेयर अर्थ एलिमेंट्स की नई खोज मध्यप्रदेश को एक वैश्विक खनिज शक्ति बनाने की दिशा में ऐतिहासिक अवसर है। राजधानी भोपाल को इन खनिजों की रिसर्च, प्रोसेसिंग और हाई-वैल्यू उपयोग का केंद्र बनाया जा सकता है, ताकि राज्य की खनिज संपदा का वास्तविक लाभ देश और प्रदेश को मिल सके। उन्होंने कहाकि सिंगरौली, सागर और प्रदेश के अन्य हिस्सों में दुर्लभ पृथ्वी तत्वों रेयर अर्थ एलिमेंट का विशाल भंडार मिलने के बाद अब भोपाल राजधानी क्षेत्र को इन खनिजों की रिसर्च, प्रोसेसिंग और वैल्यू एडिशन का मुख्यालय बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल शुरू हो चुकी है।



### सरकार गंभीरता से विचार कर रही

*खनिज संसाधन विभाग की हाल की उच्च स्तरीय बैठक में निर्णय लिया गया कि आईआईटी धनबाद, भोपाल का आईआईएसईआर और इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड मिलकर 'क्रिटिकल एवं स्ट्रैटेजिक मिनरल्स' की खोज और उन्नत प्रयोगशालाओं पर काम करेंगे। साथ ही सरकार भोपाल में "रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" स्थापित करने पर भी गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहाकि यह पहल भोपाल को राष्ट्रीय स्तर पर खनिज विज्ञान, हरित ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा तकनीक के वैल्यू-एडेड हब के रूप में स्थापित कर सकती है। राजधानी क्षेत्र में उच्च-स्तरीय संस्थान, मानव संसाधन और इन्फ्रास्ट्रक्चर पहले से मौजूद हैं, जिससे इसे एक वैश्विक 'रेयर मिनरल्स प्रोसेसिंग कैपिटल' बनाया जा सकता है।*

---

बिक्री के लिए 5-5 लाख टन चावल और गेहूं का आवंटन

## अब दोबारा बिकेगा भारत ब्रांड का आटा और चावल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



केंद्र सरकार ने अपने भारत ब्रांड योजना के अंतर्गत बिक्री के लिए 5 लाख टन चावल तथा 5 लाख टन गेहूं का आवंटित किया है। चावल का बिक्री मूल्य 34 रुपए प्रति किलो तथा इस गेहूं से निर्मित आटे का बिक्री मूल्य 32-33 रुपए प्रति किलो हो सकता है, जबकि पहले आटा का दाम 30 रुपए प्रति किलो निर्धारित किया गया था।

इसका कारण यह बताया गया है कि पिछले साल गेहूं की खरीद 2275 रुपए प्रति क्विंटल की दर से की गई थी, जबकि चालू वर्ष के दौरान 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से हुई। जहां तक चावल का सवाल है तो इसका पुराना स्टॉक ही बेचा जाएगा। इसलिए इसके बिक्री मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। आधिकारिक जानकारी के अनुसार पहले भारत आटा में सोयामील के मिश्रण का प्लान बनाया गया था मगर अब इसे स्थगित कर दिया गया है। पुराने आवंटित कोटे की बिक्री होने के बाद जून में भारत ब्रांड के तहत चावल और आटा की बिक्री बंद कर दी गई थी, लेकिन अब इसे दोबारा शुरू करने का निर्णय लिया गया है ताकि त्यौहारी सीजन के दौरान आम उपभोक्ताओं को कुछ राहत मिल सके। भारत आटा की बिक्री सर्वप्रथम 6 नवंबर 2023 से आरंभ हुई थी जबकि 6 फरवरी 2024 से भारत ब्रांड चावल की बिक्री भी शुरू कर दी गई।

### सरकार चावल-आटा की खुदरा मांग पर नजर रखेगी

*आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार भारत ब्रांड के अंतर्गत अभी तक करीब 19 लाख टन गेहूं एवं लगभग 18 लाख टन चावल का आवंटन एवं विपणन हो चुका है। वरिष्ठ आधिकारिक के अनुसार आगे यदि आवश्यकता पड़ी तो गेहूं एवं चावल का अतिरिक्त कोटा आवंटित किया जा सकता है। फिलहाल महंगाई दर नीचे है और इसलिए खाद्यान्न का कोटा गत वर्ष के मुकाबले काफी छोटा रखा गया है। सरकार चावल-आटा की खुदरा मांग पर नजर रखेगी और इसके अनुरूप जरूरत पड़ने पर ज्यादा स्टॉक आवंटित करने का निर्णय लेगी।*


### तीन सरकारी एजेंसियां करेंगी भारत ब्रांड की बिक्री

*तीन सरकारी एजेंसिया- केंद्रीय भंडार, भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ (नैफेड) तथा राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) के बीच चावल तथा गेहूं के इस आवंटित कोटे का वितरण किया जाएगा। ये एजेंसियां चावल की तो सीधी बिक्री करेंगी, लेकिन गेहूं की पहले मिलिंग एवं पैकिंग करवाएंगी और फिर उससे निर्मित आटे की बिक्री करेंगी।*

---

## केनरा बैंक 25 को नर्मदा क्लब में लगाएगा प्रॉपर्टी और ऑटो एक्सपो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




केनरा बैंक, रीजनल ऑफिस द्वारा 25 अगस्त 2025 को राजधानी में मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन नर्मदा क्लब, रानी कमलापति स्टेशन के सामने, बीएचईएल, भोपाल में किया जा रहा है। यह आयोजन सुबह 10:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस एक्सपो में ग्राहकों को आकर्षक होम लोन, ऑटोमोबाइल लोन के साथ-साथ प्रमुख बिल्डरों और ऑटोमोबाइल डीलरों के विशेष ऑफर एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे।

इस आयोजन में बैंक द्वारा नीलाम की जा रही संपत्तियाँ भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराई जाएंगी। यह संपत्तियाँ ग्राहकों के द्वारा सुरक्षित और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से खरीदी जा सकेंगी। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं कैनरा बैंक के ब्रांड एम्बेसडर वेंकटेश प्रसाद तथा पूर्व क्रिकेटर सुनील जोशी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कैनरा बैंक आम जनता से इस भव्य आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इसे सफल बनाने का अनुरोध करता है।

### आशापुरी गोल्ड को 102 करोड़ रु. का ऑर्डर मिला

**अहमदाबाद।** आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट लिमिटेड ने प्रतिष्ठित इंडिया इंटरनेशनल ज्वेलरी शो (आईआईजेएस प्रीमियर) 2025 में वास्तव में और रूपक रूप से सोना हासिल किया है। कंपनी को देश की प्रमुख क्षेत्रीय और राष्ट्रीय ज्वेलरी रिटेल चेन और शीर्ष श्रेणी के बड़े ज्वेलर्स से लगभग 102 करोड़ रुपए के खरीद ऑर्डर मिले हैं। सभी ऑर्डर घरेलू ग्राहकों से प्राप्त हुए हैं और इन्हें मात्र 90 दिनों के भीतर पूरा किया जाएगा, जोकि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी गोल्ड ज्वेलरी बाजार में आशापुरी की बेहतरीन गति, क्षमता और गुणवत्ता का प्रमाण है।

---

आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 अक्टूबर

## 5100 छात्रों के सपनों को लगेंगे रिलायंस फाउंडेशन की स्कॉलरशिप के पंख

एजेंसी ▶▶ मुंबई




रिलायंस फाउंडेशन की वार्षिक छात्रवृत्ति के लिए आवेदन एक बार फिर खुल गए हैं। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए रिलायंस फाउंडेश 5100 छात्रों को स्कॉलरशिप यानी छात्रवृत्ति देगी। स्कॉलरशिप के लिए केवल प्रथम वर्ष के रेगुलर स्नातक और स्नातकोत्तर छात्र आवेदन कर सकते हैं। उच्च शिक्षा के लिए भारत की इस सबसे बड़ी छात्रवृत्ति के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 अक्तूबर 2025 तय की गई है। बताते चलें कि 2022 में रिलायंस फाउंडेशन की चेयरपर्सन नीता अंबानी ने धीरूभाई अंबानी की 90वीं जयंती पर 10 वर्षों में 50,000 छात्रवृत्तियां देने की घोषणा की थी।

रिलायंस फाउंडेशन स्नातक स्तर पर 5,000 छात्रों और स्नातकोत्तर छात्रों को 100 स्कॉलरशिप देगा। स्नातकों को 2 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। छात्रवृत्ति के लिए छात्रों का चुनाव उनकी शैक्षणिक योग्यता और आर्थिक स्थिति के आधार पर होगा। दूसरी तरफ स्नातकोत्तर छात्रवृत्तियां इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, एनर्जी और जीवन विज्ञान के चुनिंदा क्षेत्रों में भारत के 100 सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को मिलेगी।

राष्ट्रीय विकास और वैश्विक प्रगति के लिए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एडवांस स्टडीज़ और रिसर्च के लिए छात्रों को 6 लाख रुपये तक का अनुदान मिलेगा। इस स्कॉलरशिप का उद्देश्य भविष्य के लीडर्स की एक ऐसी टोली खड़ी करना है, जो समाज, पर्यावरण और डिजिटल सोच रखने वाली हो और भारत के लिए कुछ बड़ा सोच सकें। रिलायंस 29 वर्षों से भी अधिक समय से मेधावी छात्रों को छात्रवृत्ति दे रहा है। रिलायंस अब तक विभिन्न माध्यमों से 28,000 से अधिक छात्रवृत्तियों प्रदान कर चुका है। फाउंडेशन के मुताबिक जिन छात्रों को स्कॉलरशिप दी गई थी।

### आईबीएम के ग्लोबल एंट्रेंस टेस्ट का रजिस्ट्रेशन शुरू

आईबीएम ने अपने ग्लोबल एंट्रेंस टेस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिए हैं। यह एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। इसके जरिए छात्र भारत भर के चुनिंदा विश्वविद्यालयों में पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम में प्रवेश पा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की आखिरी दिनांक 7 सितंबर 2025 है। ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा सकते हैं। यह परीक्षा उन अभ्यर्थियों के लिए है जो एमसीए, एमएससी और एमबीए जैसी पोस्टग्रेजुएट डिग्री प्राप्त करना चाहते हैं। ये प्रोग्राम आईबीएम के क्यूडी पाठ्यक्रम के साथ जुड़ा होने के कारण खास हैं। इनको शैक्षणिक भागीदार के साथ मिलकर इस तरह से बनाया गया है जिससे उच्च शिक्षा को उद्योगों की बदलती जरूरतों के अनुसार बनाया जा सके। इस पहल को तकनीक के क्षेत्र में भविष्य की नेतृत्व भूमिकाओं के लिए छात्रों को तैयार करने के उद्देश्य से बनाया गया है। यह दुनिया भर के विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संगठनों के साथ मिलकर पहले से चले आ रहे पाठ्यक्रम और वास्तविक दुनिया में उद्योगों के अनुभव के बीच की खाई को पाटने का काम करती है।

---

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ पीएनबी का एमओयू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। पीएनबी अपनी प्रमुख योजना पीएनबी रक्षक प्लस के तहत सीआरपीएफ के सभी सेवारत कर्मियों और पेंशनभोगियों को बढ़े हुए बीमा कवरेज और अन्य लाभों के साथ कई तरह की सेवाएं प्रदान कर रहा है। इस मौजूदा एमओयू में किए गए संशोधन का आदान-प्रदान पंजाब नेशनल बैंक के कार्यपालक निदेशक बिभु प्रसाद महापात्र और सीआरपीएफ के डीआईजी (प्रशासन) डी.एस. नेगी की उपस्थिति में हुआ। बैंक और सीआरपीएफ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में, पीएनबी के मुख्य महाप्रबंधक बिनय कुमार गुप्ता और महानिदेशालय, सीआरपीएफ, नई दिल्ली के पुलिस महानिरीक्षक (प्रशासन) जाकी अहमद, आईपीएस ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा रक्षक खाताधारक के आश्रितों और परिवारों को भी कई लाभ दिए जा रहे हैं। बैंक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को समर्पित है और भविष्य में भी इस कार्य को जारी रखेगा।

### टाटा कैपिटल ने 10 लाख लोगों में पहुंच सुनिश्चित की

*मुंबई। टाटा ग्रुप की वित्तीय सेवाओं में अग्रणी एनबीएफसी कंपनी टाटा कैपिटल ने अपने सामाजिक कार्यक्रमों की गति बनाए रखी है और वित्तीय वर्ष 2024-25 में देशभर के 10 लाख से अधिक नागरिकों तक अपनी पहुंच सुनिश्चित की है। कंपनी ने पानी संरक्षण, क्लीन एनर्जी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में केंद्रित पहल करके सकारात्मक योगदान दिया है। कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए जिम्मेदार वित्तीय भागीदार" की भूमिका निभाते हुए टाटा कैपिटल ने सामाजिक और पर्यावरणीय प्राथमिकताओं को अपनी मुख्य संचालन रणनीति का हिस्सा बनाया है।*

---

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला



**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में ईको फ्रेंडली गणेश प्रतिमा निर्माण कार्यशाला का आयोजन प्रबंधन एवं वाणिज्य विभाग द्वारा किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने पर्यावरण अनुकूल गणेश प्रतिमाएं तैयार की। कार्यशाला में ट्रेनर भित्ति चित्र और मूर्तिकला कलाकार रश्मि जैन और गुंजा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। कलाकारों ने प्राकृतिक मिट्टी और टिकाऊ सामग्रियों का उपयोग कर प्रतिभागियों को चरण दर चरण मूर्ति बनाने का मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य हानिकारक रसायनिक पदार्थों के बजाय मिट्टी के जैविक रंगों का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश है, और निश्चित ही यहां से सीख लेकर विद्यार्थी आगे समाज में बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थियों ने अपनी कलात्मक का बखूबी प्रदर्शन कर विभिन्न आकारों की गणेश प्रतिमाएं तैयार कीं। कार्यशाला में मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी और मैनेजमेंट विभाग की डीन डॉ. मीनाक्षी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं और विद्यार्थीगण मौजूद रहे।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज का दो दिवसीय कार्यक्रम



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी, भोपाल के छात्र एवं छात्राओं ने पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ विंध्याचल भवन में दो दिवसीय संसदीय प्रक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यशाला का आरंभ प्रो. मुकेश कुमार साहू (डीन एंड डायरेक्टर,युनिवर्सिटी द्वारा डॉ. प्रतिमा यादव (डायरेक्टर, पंडित कुंजीलाल दुबे राष्ट्रीय संसदीय विद्यापीठ विंध्याचल भवन) को पुष्प गुच्छ भेंट करके किया गया। इस मौके पर विश्वविद्यालय के अध्यापकों सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में डॉ. आशीष जोशी द्वारा विश्वविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को विधानसभा की संरचना, गठन एवं कार्यकाल के विषय पर व्याख्यान प्रदान किया गया। द्वितीय सत्र में पुनीत श्रीवास्तव द्वारा प्रश्नकाल, शून्यकाल, स्थगन एवं लोकहित महत्व के प्रश्न विषय पर व्याख्यान दिया गया। तृतीय सत्र में अनुराग श्रीवास्तव द्वारा विधि बनाने की शक्ति विषय पर व्याख्यान प्रदान किया गया। डॉ. एमके साहू ने अवधेश प्रताप सिंह के साथ विद्यार्थियों एवं अध्यापकों सहित समूह फोटो सेशन किया। डायरेक्टरडॉ. प्रतिमा यादव ने सभी को प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रमाणपत्र वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एमके साहू ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

### आईसीआईसीआई बैंक के सहयोग से मप्र में सिलाई व्यवसाय को मिली नई उड़ान

**भोपाल।** आईसीआईसीआई बैंक से मिली वित्तीय सहायता ने ओंकारेश्वर के पास महिलाओं द्वारा संचालित एक स्वयं सहायता समूह को उनकी छोटी-सी सिलाई गतिविधि को एक टिकाऊ व्यवसाय में बदलने में मदद की है। इससे गाँव की महिलाओं को न सिर्फ आमदनी मिली है, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है।गाँव का जीवन पहले घरेलू कामकाज और दिहाड़ी मजदूरी के इर्द-गिर्द ही सीमित था। संसाधन कम थे और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की उम्मीद भी बहुत कम। बदलाव की शुरुआत अगस्त 2021 में हुई, जब कुछ महिलाएं मिलकर ओंकारेश्वर स्वयं सहायता समूह का गठन किया।

### डेनेशिया डेंटल, अपोलो और ग्लोबल वेलफेयर का सेंट थेरेसा स्कूल में कैंप का आयोजन



**भोपाल।** सेंट थेरेसा गर्ल्स स्कूल में डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल, अपोलो डेंटल एवं ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक सफल डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य स्कूली बच्चों को मुफ्त डेंटल जांच और उपचार प्रदान करना था। कैंप में डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल के डॉ.प्रशांत त्रिपाठी, डॉ.पूजा त्रिपाठी एवं विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने भाग लिया और बच्चों की डेंटल जांच की। इस दौरान बच्चों को उनके दांतों की सेहत के बारे में जानकारी दी गई और आवश्यक उपचार प्रदान किए गए। ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने भी कैंप में भाग लिया और बच्चों को ओरल हाइजीन के महत्व के बारे में जागरूक किया। सेंट थेरेसा गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल ने कैंप के आयोजन के लिए डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल, अपोलो डेंटल और ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया। डेनेशिया डेंटल हॉस्पिटल, अपोलो डेंटल और ग्लोबल वेलफेयर स्माइल फाउंडेशन इस तरह के कैंप आगे भी आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### गणेश चतुर्थी के लिए विशेष स्टोर लांच आवश्यक वस्तुएं होंगी उपलब्ध

**बेंगलुरु।** गणेश चतुर्थी के मद्देनजर अमेजन इंडिया ने अमेजन इन पर विशेष स्टोर लांच की घोषणा की है। इस स्टोर में ग्राहकों के लिए मिट्टी के गणेश प्रतिमाओं और हस्तनिर्मित सजावट से लेकर त्योहारों के परिधान, पूजा सामग्री और मिठाइयां तक सब कुछ उपलब्ध है, ताकि उत्सव न केवल सहज बल्कि टिकाऊ भी बने। ग्राहक अमेजन के एआई-संचालित शॉपिंग असिस्टेंट रुफुस का उपयोग करके उत्पाद खोज सकते हैं। त्योहारों की सजावट के जरूरी आइटम्स पर 90 फीसदी तक की छूट होगी। इसके अलावा पूजा के स्थान को तोरण और फूलों की माला से सजाएं, जैसे असेंशन डोर हैंगिंग बंदनवार तोरण 36 इंच केवल 145 रुपए में और डिजाइन डेकोर गैलरी डेकोरेटिव मेटल दीया टीलाइट होल्डर 140 रूपए में उपलब्ध है।

### केएएल लॉड्र्स ने किया कारखाने में उद्घाटन

**नई दिल्ली।** केएएल लॉड्र्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने अरलुमुडु स्थित केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड के कारखाने में अपना आधिकारिक उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में केरल सरकार के उद्योग, विधि एवं कॉयर मंत्री पी. राजीव उपस्थित थे और इसकी अध्यक्षता नेय्याट्टिनकारा के विधायक के. अंसलन ने की। इस अवसर प रमेश मिगलानी, निदेशक, लॉड्र्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, वीर सिंह, सीईओ, लॉड्र्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, एमडी, काल लॉड्र्स टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, डॉ. सुनील कोरगांवकर निदेशक, लॉड्र्स ऑटोमेटिव प्राइवेट लिमिटेड, एनी जुला थॉमस आईएएस ओएसडी,अथियान्नूर सहित कई व्यक्ति उपस्थित थे।

**न्यायालय सक्षम प्राधिकारी**
**मध्यप्रदेश लोक परिसर (बेदखली) अधिनियम, भोपाल**

लिंक रोड न. 3, एकांत पार्क के पास चार इमली, भोपाल
Web site name www.sampada.mp.gov.in
Email-directorsampada@gmail.com
Phone/FAX-0755-2463053 (Dir), 2441387 (AO)

क्रमांक / /संपदा / बेदखली / 2025 भोपाल दिनांक / /2025

// अधिसूचना पत्र //

शासकीय आवास क्रमांक जी-3/139 1100 क्वार्टर भोपाल श्रीमती नूरजहाँ खॉन के अनाधिकृत कब्जा में होने के कारण दिनांक 19.08.2025 को म.प्र.लोक परिसर (बेदखली) अधिनियम की धारा 6 (1) के अतंर्गत सील किया गया। आपको सूचित किया जाता है कि शासकीय आवास क्रमांक जी-3/139 1100 क्वार्टर में उपलब्ध निजी सामान को दिनांक 03.09.2025 तक प्राप्त करने हेतु सक्षम प्राधिकारी म.प्र. लोक परिसर (बेदखली) को आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सामान प्राप्त करें अन्यथा नियमानुसार नीलामी की कार्यवाही की जावेगी।

सक्षम प्राधिकारी
म.प्र.लोक परिसर (बेदखली)
अधिनियम भोपाल

G-17604/25 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "

**रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ,पश्चिम मध्य रेल**
**Railway Recruitment Cell,West Central Railway**
आर.बी.-IV, 290, स्टेशन रोड, साउथ सिविल लाइंस, जबलपुर, 482001
RB-IV, 290, Station Road, South Civil lines, Jabalpur-482001
website:-www.wcr.indianrailways.gov.in
**सांकेतिक विज्ञापन**
**अधिसूचना संख्या-01/2025 ( एक्ट अप्रेंटिस )**

पश्चिम मध्य रेल (सभी यूनिटों के लिए) पर वर्ष 2025-26 में अप्रेंटिस एक्ट 1961 के तहत प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए चयन हेतु 2865 स्लॉट के लिए अधिसूचना पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट पर दिनांक 20/08/2025 को जारी की गई है। विवरण निम्नानुसार है-

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन शुरू होने की तिथि | 30/08/2025 |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय | 29/09/2025 को 23:59 बजे तक |

विस्तृत अधिसूचना एवं ऑनलाईन आवेदन करने की लिंक पश्चिम मध्य रेल की वेबसाईट www.wcr.indianrailways.gov.in www.wcr.indianrailways.gov.in {Path as follows- About us > Recruitment >Railway Recruitment Cell > Engagement of Act Apprentices > Engagement of Act Apprentices for 2025-26 > Notification No. 01/2025 (Act Apprentice)} पर उपलब्ध है।

दिनांक-20/08/2025 ( हस्ता. )
स्थान-जबलपुर अध्यक्ष-रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

## चिंतन

# गंभीर आरोप लगने पर पदेन रहना उचित नहीं

कानून की नजर में सब समान है। अगर कोई सरकार में पदेन व्यक्ति किसी गंभीर अपराध में आरोपी है, तो उन्हें इंसाफ होने तक पद से मुक्त होना चाहिए। अफसरों कर्मियों पर यह नियम लागू है, लेकिन केंद्रीय मंत्री, पीएम, सीएम व राज्य के मंत्री अब तक बचे हुए हैं। अब सरकार 130वें संविधान संशोधन विधेयक लेकर आई है। मानसून सत्र के आखिर में इस बिल को संसद के पटल पर रखा गया है, इसे अभी सिलेक्ट कमेटी को भेजा गया है, लेकिन इस पर विपक्ष आक्रोशित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के गयाजी में इस बिल को केंद्र में रखकर विपक्षी दलों को सीधा संदेश दिया है कि किसी भी दबाव में सरकार पीछे नहीं हटेगी, अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और कुर्सी भी छोड़नी पड़ेगी। सवाल है कि संशोधन बिल की जरूरत क्यों पड़ी और क्या सरकार की मंशा साफ है? या विपक्ष का संदेह जायज है कि कहीं इस कानून की आड़ में सरकार विपक्षी दलों की सरकारों को परेशान तो नहीं करेगी? विपक्ष की कानून के दुरूपयोग किए जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन किसी गंभीर आरोपी का पद पर बने रहना भी लोकतंत्र की नैतिकता के लिए ठीक नहीं है। मंत्री अगर आरोपी रहने पर भी पद से चिपके रहेंगे, तो पद की गरिमा भी कम होगी और कानूनी प्रक्रिया में भी असहजता उत्पन्न होगी। जेल से कोई सरकार चलाए, यह सरकार के प्रति जनविश्वास के लिए ठीक नहीं है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गत 20 अगस्त को लोकसभा में 130वां संविधान संशोधन बिल 2025, गवर्नमेंट ऑफ यूनियन टेरिटरीज संशोधन बिल 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) बिल 2025 पेश किया। इन बिलों में प्रावधान है कि अगर केंद्रीय मंत्रिपरिषद का कोई मंत्री, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या राज्यों के मंत्री को ऐसे गंभीर अपराधों में गिरफ्तार किए जाते हैं, जिनमें कम से कम पांच साल की जेल हो सकती है और उन्हें लगातार 30 दिन हिरासत में रखा जाता है, तो 31वें दिन उन्हें पद से हटा दिया जाएगा। राजनीति में कम से कम दो ऐसे उदाहरण हैं जिससे इस बिल के महत्व को समझा जा सकता है। पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले में 156 दिन तिहाड़ जेल में रहे, लेकिन उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं दिया। इसी तरह तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी 8 महीने तक जेल में रहने के बावजूद मंत्री बने रहे। सेंथिल को आखिर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद इस्तीफा देना पड़ा था। संविधान के अनुच्छेद 75 में प्रधानमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के गठन के बारे में प्रावधान किया गया है। अब नए संशोधन के मुताबिक, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री की सलाह पर आरोपित मंत्री को पद से हटा देंगे। यदि प्रधानमंत्री सलाह नहीं देते तो 31वें दिन के बाद वह मंत्री अपने आप पद से हटा हुआ मान लिया जाएगा। अगर प्रधानमंत्री खुद कार्यकाल के दौरान 30 दिन लगातार ऐसे आरोप में जेल में रहे हैं, तो उन्हें 31वें दिन तक इस्तीफा देना होगा। यदि इस्तीफा नहीं दिया, तो उनका पद खुद ही समाप्त मान लिया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 164 राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रिमंडल से संबंधित है। राज्य के मुख्यमंत्रियों व मंत्रियों के लिए भी राज्यपाल के द्वारा ऐसे ही नियम होंगे। अपराधमुक्त होने पर वे दोबारा पीएम, सीएम या मंत्री बन सकते हैं। दिल्ली के सीएम व मंत्रिपरिषद से संबंधित अनुच्छेद 239एए में भी संशोधन होगा। देश में एक ऐसे बिल की भी जरूरत है, जिसमें पद पर रहते हुए पीएम, केंद्रीय मंत्री, सीएम, राज्य के मंत्री चुनाव प्रचार में शामिल हो सकें।



मानसून सत्र
प्रो. नीलम महाजन सिंह

# संसदीय मर्यादा का तिरस्कार क्यों?

संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। खासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

संसद को प्रजातंत्र का मंदिर माना जाता है। जनता के द्वारा चुने हुए व्यक्ति संसद में आतें है। फ़िर ऐसा क्यों होता है कि केन्द्रीय सरकारों व विपक्ष के बीच सहयोग नहीं बनता? बिल, बिना चर्चा के पारित हो रहे हैं। युवा पीढ़ी के समक्ष क्या उदाहरण दिया जा रहा है? संसद के मानसून - 2025 सत्र में आम आदमी के सवाल धुल गए। 21 जुलाई, संसद के मानसून सत्र का आखिरी दिन हंगामेदार था। विपक्ष वोटर लिस्ट में संशोधन समेत अलग-अलग मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में थी। सत्र की शुरुआत से अंतिम दिन तक, लगभग पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

बीते एक महीने में संसद की कार्यवाही के दौरान विपक्ष ने अलग-अलग मुद्दों को लेकर जमकर हंगामा किया। ख़ासकर बिहार में एसआईआर का मुद्दा सदन के अंदर व बाहर छाया रहा। विपक्षी सांसद सदन में एसआईआर पर चर्चा की मांग उठाते रहे, जिसके बाद 22 अगस्त को संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया गया। इस सत्र में लोकसभा में 12 विधेयक पारित हुए व 419 प्रश्न शामिल किए गए। विपक्ष के हंगामे पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन में गरिमापूर्ण तरीके से चर्चा होनी चाहिए। पीएम नरेंद मोदी ने मानसून सत्र को 'विजयोत्सव सेशन' बताया था। इसके बाद भी सदन में पहले दिन से आखिरी दिन तक विपक्ष ने हंगामा जारी रखा। गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन अहम बिल पेश किए। विपक्ष ने इन तीनों बिलों का विरोध किया। विपक्ष के हंगामे के बीच 'ऑनलाइन मनी गेम्स' पर पूरी तरह से बैन लगाने वाले 'ऑनलाइन गेमिंग प्रमोशन और रेगुलेशन बिल : 2025' को संसद के दोनों सदनों में पारित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन, विपक्ष को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि विपक्ष चर्चा में शामिल हो सकता था लेकिन उसने जमकर हंगामा किया। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के रवैये को निराशापूर्ण बताया। बिरला ने कहा कि जनता को अपने प्रतिनिधियों से बहुत उम्मीदें होती हैं, इसलिए उन्हें सदन में अपने समय का उपयोग जनहित की समस्याओं और मुद्दों तथा महत्वपूर्ण विधेयकों पर गंभीर और सार्थक चर्चा के लिए करना चाहिए। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। इस गरिमामयी सदन में हमें नारेबाज़ी और व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए. संसद सदस्य के रूप में हमें अपने कार्य और व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए। सदन और संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित और मर्यादित होनी चाहिए। लोकसभा स्पीकर ने सदन की कार्यवाही में सहयोग के लिए पीएम मोदी, सभापति तालिका पर विराजमान सहयोगियों, केंद्रीय मंत्रिगणों,नेता प्रतिपक्ष, विभिन्न दलों के नेताओं, माननीय सदस्यों, प्रेस और मीडिया के प्रतिनिधियों, लोकसभा सचिवालय और संबद्ध एजेंसियों का धन्यवाद अदा किया। राज्यसभा की कार्यवाही 38.6 घंटे चली। वहीं लोकसभा की कार्यवाही 36.1 घंटे चली।

लोकसभा व राज्य सभा में मर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं हुआ। संसद परिसर में नारेबाज़ी करना, तख्तियां दिखाना और नियोजित गतिरोध संसदीय मर्यादा



को आहत करता है। सत्र में जिस प्रकार की भाषा व आचरण को देखा गया, वह संसदीय गरिमा के अनुकूल नहीं है। हम सभी का दायित्व है कि हम सदन में स्वस्थ परंपराओं के निर्माण में सहयोग करें। हमें नारेबाज़ी व व्यवधान से बचते हुए गंभीर और सार्थक चर्चा को आगे बढ़ाना चाहिए था। संसद सदस्य के रूप में सांसदों को अपने कार्य व व्यवहार से देश और दुनिया के समक्ष एक आदर्श स्थापित करना चाहिए।

संसद परिसर में हमारी भाषा सदैव संयमित व मर्यादित होनी चाहिए। कार्यसूची में 419 तारांकित प्रश्न शामिल किए गए थे, लेकिन लगातार विपक्षिय हंगामे की वजह से मौखिक उत्तर के लिए सिर्फ 55 प्रश्न ही लिए जा सके। सत्र की शुरुआत में यह तय किया गया था कि इस सत्र में 120 घंटे चर्चा और संवाद होगा। बिज़नेस एडवाइजरी कमेटी में भी इस पर सहमति थी। लेकिन लगातार गतिरोध व नियोजित व्यवधान की वजह से ऐसा नहीं हुआ। मानसून सत्र में 12 विधेयक पारित हुए। 18वीं लोकसभा के पांचवें सत्र की समाप्ति के दौरान, स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि इस दौरान 14 सरकारी विधेयक पुनः स्थापित किए गए और कुल 12 विधेयक पारित किए गए। 28 - 29 जुलाई को 'ऑपरेशन सिंदूर' पर विशेष चर्चा हुई, जिसका समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तर के साथ हुआ। 18 अगस्त, 2025 को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की उपलब्धियों पर विशेष चर्चा शुरू की गई। पहले दिन से आख़िरी दिन तक पूरा सत्र हंगामे की भेंट चढ़ गया।

राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को संयुक्त तौर पर पेश किया। इस बिल को जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) को भेजा गया। संसद की एक घंटे की कार्यवाही में करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। आपराधिक मामलों में गिरफ़्तारी के बाद पीएम और सीएम को कुर्सी से हटाने वाले बिलों पर खूब बवाल हुआ। ऐसे में सवाल यह है कि संसद में होने वाली इस चर्चा पर एक दिन का खर्च कितना आता है और हंगामे से कितना नुकसान होता है? यह जनता से टैक्स के रूप में लिया गया धन है। संसद में जब भी चर्चा होती है तो एक मिनट का खर्च आम आदमी की पूरे सालभर की कमाई के बराबर होता है। यहां एक मिनट के लिए 2.5 लाख रुपये खर्च होते हैं। यानी एक घंटे में 1.5 करोड़ रुपये से ज्यादा का खर्च आता है।

ये आंकड़ा साल 2012 में पूर्व संसदीय कार्य मंत्री पवन बंसल ने दिया था। अब करीब 13 साल बाद ये खर्च कई गुना ज़्यादा हो सकता है। इसमें लाइव टेलीकास्ट, एयर कंडीशनिंग और कर्मचारियों का पूरा खर्च शामिल हैं। इस दौरान कई अतिरिक्त कर्मचारी भी लगाए जाते हैं। साथ ही सांसदों को आने-जाने व बाकी भत्ते भी दिए जाते हैं। सुषमा स्वराज ने 2012 में कहा था कि 'संसद को चलने न देना भी अन्य लोकतंत्रों की तरह ही लोकतंत्र का एक रूप है'।

अरुण जेटली ने कहा था कि 'संसदीय अवरोध अलोकतांत्रिक नहीं है'। सारांशार्थ, यह कहना अनुचित नहीं होगा कि जहां मोदी सरकार अपने कार्यों को सकारात्मक रूप से पेश करने की कोशिश कर रही थी, वहीं विपक्ष भी सरकार को आईना दिखाने का अधिकार रखती है। आम जनता के हितों हेतु संसद में प्रश्नोत्तर काल महत्वपूर्ण है। संसद को ना चलने देना, विपक्ष की पराजय है, परंतु संसद को नियंत्रित कर सुचारु रूप से नहीं चला पाना, सरकार की विफलता भी है। इससे लोकतांत्रिक प्रणाली पर धब्बा अंकित होता है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

चर्चित खबर के आगे
मानसी द्विवेदी



# क्या अर्चना केस सामाजिक परंपराओं की विफलता है?

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का निजी संबंध नहीं रहा है, बल्कि यह परिवार, परंपरा और सामाजिक अपेक्षाओं का संगम माना जाता है। जब यही संगम व्यक्ति की स्वतंत्रता पर भारी पड़ता है, तब उसका परिणाम त्रासदी, विद्रोह या कानूनी संघर्ष के रूप में सामने आता है। हाल ही का अर्चना तिवारी का मामला इसका स्पष्ट उदाहरण है। अर्चना, जो सिविल जज बनने की तैयारी कर रही थीं, अपने परिवार द्वारा पटवारी से विवाह के लिए दबाव का सामना कर रही थीं। पांच प्रस्ताव ठुकराने के बाद भी जब दबाव नहीं रुका, तो उन्होंने 7 अगस्त को घर छोड़कर नेपाल जाने का कदम उठाया। यह घटना केवल एक लड़की के भागने की नहीं, बल्कि उस सामाजिक ढांचे का आईना है, जहां व्यक्ति की स्वतंत्रता की तुलना में परिवार की इज़्ज़त को अधिक महत्व दिया जाता है।

भारतीय आदिवासी समाज गोंड, संथाल, भील और नगा जैसे समुदाय विवाह को सहमति और परस्पर सम्मान पर आधारित मानते आए हैं। गोंड समाज में युवाओं को मेलजोल और साथी चुनने की पूरी स्वतंत्रता होती है। संथाल समुदाय में विवाह प्रेम और सहमति का प्रतीक माना जाता है। वहीं नगा परंपरा में दुल्हन की इच्छा को सर्वोपरि समझा जाता है। यदि अर्चना जैसी महिला किसी आदिवासी समाज का हिस्सा होतीं, तो शायद उन्हें इतना कठोर कदम उठाने की आवश्यकता ही न पड़ती। ऋग्वैदिक संस्कृति भी इसी दृष्टिकोण को पुष्ट करती है। ऋग्वेद (10.85) में विवाह का मंत्र आता है: सम्राज्ञी श्वशुरे भव, सम्राज्ञी श्वश्वरां भव-इसमें वधू को परिवार में सम्मानित स्थान दिया गया है। महाभारत हमें यह भी सिखाता है कि जब स्त्री की सहमति की उपेक्षा की जाती है, तो उसका परिणाम समाज के लिए विनाशकारी होता है। अंबा का प्रसंग इसका जीवंत उदाहरण है। अंबा का स्वयंवर भीष्म द्वारा जबरन रोक दिया गया था जिसके उपरांत अंबा ने अपने जीवन को प्रतिशोध की आग में झोंक दिया। यह प्रसंग हमें बताता है कि स्त्री की इच्छा की अनदेखी केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक संकट भी है।

धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से देखें तो यह स्पष्ट होता है कि जबरन विवाह हमारी परंपरा का हिस्सा नहीं, बल्कि बाद की सामाजिक विकृतियों का परिणाम है। आधुनिक कानून भी यही कहता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी बार-बार यह दोहराया है कि विवाह व्यक्तिगत स्वतंत्रता का मूल अधिकार है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी मानवाधिकार घोषणा (यूनिवर्सल डिक्लेरेशन ऑफ ह्यूमन राइट्स, अनुच्छेद 16) कहती है कि विवाह केवल पूर्ण और स्वतंत्र सहमति से ही वैध है। फिर भी, भारतीय समाज में आज भी अनेक बेटियां इज़्ज़त और परंपरा के नाम पर दबाव झेल रही हैं। यह स्थिति दिखाती है कि कानून बनाने से अधिक ज़रूरत सामाजिक चेतना को जगाने की है। विवाह को परिवार की प्रतिष्ठा के विषय के साथ इसे दो व्यक्तियों के बीच का स्वैच्छिक निर्णय ज्यादा माना जाना चाहिए।


समाधान के लिए कुछ बिंदु महत्वपूर्ण हैं। सबसे पहले, पीड़ितों को त्वरित न्याय और सुरक्षा मिले। पुलिस, न्यायपालिका और एनजीओ का सहयोग उन्हें मजबूती देता है। दूसरा, महिला सशक्तिकरण शिक्षा और आर्थिक आत्मनिर्भरता महिलाओं को निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। लेकिन केवल शिक्षा ही पर्याप्त नहीं, परिवार के भीतर पारदर्शी संवाद भी उतना ही आवश्यक है। जब माता-पिता बच्चों की भावनाओं और सपनों को सुनेंगे, तभी टकराव और दबाव की स्थिति कम होगी।

सबसे महत्वपूर्ण मानसिकता का बदलाव है। हमें यह समझना होगा कि असली सम्मान किसी की खुशी और स्वतंत्रता में है, न कि सामाजिक दिखावे या झूठी प्रतिष्ठा में। जब समाज इस सच्चाई को स्वीकार करेगा, तभी जबरन विवाह जैसी कुरीतियां समाप्त होंगी।

अर्चना तिवारी का कदम एक प्रतीक है, लेकिन यह हमारे समाज की परंपराओं की विफलता का प्रमाण भी है। अगर हम अपनी आदिवासी परंपराओं, ऋग्वेद के आदर्शों, रामायण और महाभारत के प्रसंगों से सीख लें, तो समझेंगे कि जबरन विवाह न केवल आधुनिक कानून, बल्कि हमारी प्राचीन संस्कृति की आत्मा के भी खिलाफ है। असली इज़्ज़त परिवार या परंपरा की कठोरता में नहीं, बल्कि व्यक्ति की स्वतंत्रता और खुशी में छिपी है। जब तक यह मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक अर्चना जैसी बेटियां अपने जीवन के फैसलों के लिए इस तरह के चरम कदम उठाने के लिए विवश होती रहेंगी? पर, असल सवाल ये है कि ये भी कोई अंतिम समाधान है क्या? या इससे भी आगे कोई समाधान है?

(लेखिका भोपाल में शिक्षिका हैं)


## सुख की चाह के लिए तप की साधना ज़रूरी



संकलित
दर्शन

तप संकल्प की प्राप्ति का एकमात्र उपाय है। जिसे सत्य संकल्प द्वारा सुख की चाह है, उसे तप की साधना अवश्य करनी चाहिए। संकल्प के दृढ़ एवं सत्य न होने का सबसे बड़ा कारण तप की कमी होता है। जो व्यक्ति अपने स्थूल और सूक्ष्म शरीर के द्वारा तप नहीं करता, वह अपने संकल्पों को कभी प्राप्त नहीं कर सकता। तप से हमें अपने मन और तन, दोनों को पक्का बनाना होता है। जैसे मिट्टी का कच्चा घड़ा पानी डालने पर गल जाता है। वह अग्नि में बिना तपे कभी जल नहीं ला सकता। इसी प्रकार जब तक मनुष्य अपने जीवन को तप द्वारा पक्का नहीं बनाता, तब तक वह कभी भी अपने संकल्पों की सिद्धि को धारण नहीं कर सकता। तप से जीवन की समस्त अशुद्धियां दूर होती हैं। अशुद्धियों के दूर होने से शरीर और इंद्रियों को विशेष सिद्धि मिलती। तभी कहा जाता है कि तप से सभी कुछ साध्य है। वेदों में भी तप की महिमा और आवश्यकता का अनेक स्थानों पर वर्णन किया गया है। कल्याण की कामना करने वाले ऋषिगण भी प्रथम तप और दीक्षा का ही अनुष्ठान करते हैं। श्रीमद्भागवत कथा के द्वितीय स्कंध में श्री भगवान ब्रह्मजी से कहते हैं कि 'मैं इस दृश्यमान अखिल प्रपंच को तप द्वारा रचता हूं और पुनः तप द्वारा ही ग्रसित कर लेता हूं। मैं तप द्वारा ही इस विश्व का भरण-पोषण करता हूं और मेरा अत्यंत तेजस्वी पराक्रम तप ही है। तप द्वारा वह तेज और वह शक्ति प्राप्त की जा सकती है, जो किसी भी संकल्प की प्रतिपूर्ति का आधार बनती है।'

## मंजिल तक कैसे पहुंचा जाए



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक संत ने अपने दो भक्तों को बुलाया और कहा आप को यहाँ से पचास कोस जाना है। एक भक्त को एक बोरी खाने के समान से भर कर दी और कहा जो लायक मिले उसे देते जाना। और एक को खाली बोरी दी उससे कहा रास्ते मे जो उसे अच्छा मिले उसे बोरी में भर कर ले जाए। दोनों निकल पड़े जिसके कंधे पर समान था वो धीरे चल पा रहा था। खाली बोरी वाला भक्त आराम से जा रहा था। थोड़ी दूर उसको एक सोने की ईंट मिली उसने उसे बोरी में डाल लिया। थोड़ी दूर चला फिर ईंट मिली उसे भी उठा लिया। जैसे-जैसे चलता गया उसे सोना मिलता गया और वो बोरी में भरता हुआ चल रहा था। और बोरी का वजन बढ़ता गया उसका चलना मुश्किल होता गया और साँस भी चढ़ने लग गई। एक एक कदम आगे चलना कठिन होता गया। दूसरा भक्त जैसे-जैसे चलता गया रास्ते में जो भी मिलता उसको बोरी में से खाने का कुछ समान देता गया धीरे-धीरे बोरी का वजन कम होता गया। और उसका चलना आसान होता गया। जो बाँटता गया उसका गंतव्य स्थान तक पहुँचना आसान होता गया। और जो लालच में आकर इकट्ठा करता रहा वो रास्ते में ही दम तोड़ गया। हम सभी को अब ये सोचना चाहिए कि हमने जीवन में क्या बाँटा और क्या इकट्ठा किया हम मंजिल तक कैसे पहुँच पाएँगे। आखिर लालच ही बुरी बला है।

## सटाका




## आज की पाती

### ऑनलाइन गेमिंग की लत से युवाओं को मिलेगा छुटकारा

देश में लाखो लोग रातों-रात करोड़पति बनने के लिए आनलाइन गेम में पैसे लगाते हैं। युवाओं में बढ़ने चलन से हजारों परिवार प्रभावित हुए है। यह सट्टा है। जिससे हजारों परिवार जाने अनजाने में इससे नुकसान उठा ही रहे हैं। यह लत न केवल परिवार के लिए घातक है, बल्कि युवाओ का जीवन बर्बाद करने में कमतर नही है। देश में लाखो लोग आनलाइन गेमिंग से अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई बर्बाद कर रहे हैं। यह व्यसन बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा करता है। युवाओं के लिए खतरनाक बनते आनलाइन गेम पर सरकार ने संज्ञान लेकर ऐसे ऐप पर प्रतिबंध लगाने के लिए संसद में बिल पेश किया। सरकार का मकसद रियल मनी गेम्स पर शिकंजा कसना है।

## ट्रेंड

### विकास कार्यों का लोकार्पण



एनडीए सरकार बिहार के चहुंमुखी विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में आज गया जी की पवित्र धरती से हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास का सौभाग्य मिला है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### प्रो. गोकुलानंद का योगदान



उत्कल विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. गोकुलानंद दास ने अपने पीछे एक अमिट शैक्षणिक विरासत छोड़ी है। एक प्रख्यात गणितज्ञ और अद्भुत शिक्षक, गणित और अनुसंधान के क्षेत्र में उनका योगदान सदैव प्रेरणादायी रहेगा।
- धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षामंत्री

### पालकी उत्सव



पालकी उत्सव के पावन अवसर पर मुझे श्री देवी भगवती देवस्थान, पारसे में पूजा-अर्चना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। गोवा के लोगों की शांति, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। देवी भगवती हर घर, हर हृदय पर असीम कृपा बरसाएँ।
- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा


### कोर्ट के निर्देशों का स्वागत



आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट के संशोधित निर्देशों का स्वागत है, क्योंकि यह पशु कल्याण और जन सुरक्षा के बीच संतुलन बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। यह दृष्टिकोण न केवल करुणामय है, बल्कि वैज्ञानिक तर्क पर आधारित भी है।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

## करंट अफेयर

### जलवायु परिवर्तन से प्रभावित हो रही कनाडा में आजीविका



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) वर्षों से यह चेतावनी देता रहा है कि जलवायु परिवर्तन से कामकाज के हालात, तौर-तरीकों और उपलब्धता पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। एक ओर जहां जंगल की आग और अन्य मौसम संबंधी घटनाएं जंगलों को नष्ट करके लोगों के लिए खतरे पैदा कर रही हैं, तो दूसरी ओर समुद्र का तापमान बढ़ने से समुद्री क्षेत्रों में रहने वाले लोगों और मत्स्य पालन पर असर पड़ रहा है। मैंने अपने सहकर्मियों के साथ मिलकर कनाडा में 'वर्क-लाइफ' नामक एक शोध प्रोजेक्ट का नेतृत्व किया था, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जुड़ी सच्चाई सामने आई। पिछले चार वर्षों में, हमारी शोध टीम ने सात प्रांतों के विभिन्न क्षेत्रों में 100 से ज्यादा लोगों की तस्वीरें और साक्षात्कार लिया। हमने उनके कामकाज के सामाजिक अर्थों पर ध्यान केंद्रित किया। इस दौरान हमें कामकाज के ऐसे सूक्ष्म व प्रत्यक्ष तरीके भी देखने को मिले जिनके कारण बदलती पर्यावरणीय परिस्थितियां लोगों के कामकाजी जीवन के सामाजिक व आर्थिक ताने-बाने को बिगाड़ रही हैं। हम अपने दो प्रोजेक्ट स्थलों का उपयोग यह दर्शाने के लिए कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन किस प्रकार आजीविका को प्रभावित कर रहा है। इन दो स्थलों में उत्तरी सस्केचवान में लाक ला रोन्ज और न्यू ब्रंसविक में ग्रैंड मनन द्वीप शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### आनुवांशिक जानकारी से जान सकते हैं बहुत कुछ



कई वैज्ञानिक शोध अध्ययन एक विशिष्ट शोध प्रश्न का उत्तर देने के लिए डेटा एकत्र करते हैं। उदाहरण के लिए, मधुमेह की आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए, शोधकर्ता आनुवंशिक डेटा के अलावा आपके रक्तचाप और लिपिड स्तर पर डेटा एकत्र कर सकते हैं। वैज्ञानिक बायोबैंक में रखने के लिए बड़ी मात्रा में डेटा एकत्र कर रहे हैं - ऐसे भंडार जो आनुवंशिक डेटा और रक्त, मूत्र या ट्यूमर ऊतक जैसे अन्य जैव नमूनों को भविष्य के अध्ययनों की एक विस्तृत संख्या में उपयोग करने के लिए संग्रहीत करते हैं। कुछ बायोबैंक, जैसे यूके बायोबैंक, बायोस्पेसिमेन डेटा को अन्य एकत्रित डेटा, जैसे यौन व्यवहार, चिकित्सा इतिहास, वजन, आहार और जीवन शैली से जोड़ते हैं। वे अक्सर आश्चर्यचकित होते हैं कि जिस आनुवंशिक डेटा को उन्होंने डीएनए परीक्षण किट का उपयोग करके या अपने स्थानीय क्लिनिक का दौरा करते समय एक निजी कंपनी में अनुसंधान के लिए उपयोग करने की सहमति दी थी, उसका उपयोग समलैंगिक यौन व्यवहार या जोखिम के आनुवंशिकी का अध्ययन करने के लिए किया जा सकता है। बायोबैंक डेटा के साथ जो शोध किया जा सकता है वह डरावना लग सकता है, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## 'एसआईआर' पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# 1.60 लाख से ज्यादा बूथ एजेंट, लेकिन आपत्तियां सिर्फ 2

सुप्रीम कोर्टने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है। पीठ ने चुनाव अधिकारियों से ये भी कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा आवेदन कराए जाने पर उन्हें एक पर्ची भी दी जाए। कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट से बाहर रह गए लोगों की सहायता करें।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन एसआईआर के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान आश्चर्य व्यक्त किया। सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे वोटर लिस्ट के ड्राफ्ट से बाहर रह गए लोगों की सहायता करें। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने इस बात पर हैरानी जताई कि बिहार में राजनीतिक दलों के 1.60 लाख से अधिक बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) हैं, लेकिन चुनाव आयोग का कहना है कि इस मामले में केवल दो आपत्तियां दर्ज की गई हैं। पीठ ने मामले की अगली सुनवाई अब 8 सितंबर को तय की है। पीठ ने चुनाव अधिकारियों से ये भी कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स द्वारा आवेदन कराए जाने पर उन्हें एक पर्ची भी दी जाए।

### बीएलए को अपनी आपत्तियां रखने की इजाजत नहीं दी जा रही

अदालत ने राजनीतिक दलों की ओर से दिए गए इस तर्क पर भी गौर किया कि बीएलए को आपत्तियां रखने की इजाजत नहीं दी जा रही है। अदालत ने सभी 12 राजनीतिक दलों को निर्देश दिया कि वे बीएलए को निर्देश जारी करें कि वे वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए डॉक्यूमेंट्स जमा करने में सहायता करें।

### आधार कार्ड को भी मानना ही होगा



सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची से बाहर हुए हैं, वे ऑनलाइन तरीके से आवेदन कर सकते हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने आवेदनकर्ताओं को आधार कार्ड के साथ ही 11 अन्य दस्तावेजों के साथ आवेदन करने की मंजूरी दे दी।

### 65 लाख लोग आगे नहीं आ रहे

सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर हैरानी जाहिर की कि राजनीतिक पार्टियां मतदाता सूची से बाहर किए गए 65 लाख लोगों के नामों पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आगे नहीं आ रही हैं? सुप्रीम कोर्ट ने राजनीतिक पार्टियों की निष्क्रियता पर हैरानी जताई।

### अदालत का सिंघवी से सवाल- आप भाजपा की पैरवी कर रहे?



जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने हंगामा करने वाले दलों के आगे नहीं आने पर आश्चर्य जताया। वकीलों से पूछा कि कौन किस दल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अपनी बात न रखने पर शीर्ष कोर्ट ने सिंघवी से सवाल किया। क्या आप भाजपा की पैरवी कर रहे?

### पात्र लोग सूची से बाहर नहीं हमें समय दिया जाए: आयोग

चुनाव आयोग की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने आग्रह किया कि आयोग को यह साबित करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाए कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है। राजनीतिक दल शोर मचा रहे हैं, लेकिन स्थिति उतनी खराब नहीं है। हम पर विश्वास रखें और हमें कुछ और समय दें। हम आपको दिखा देंगे कि कोई भी मतदाता सूची से बाहर नहीं है।

**मतदाता सूची विवाद पर बोली कांग्रेस**

### लोकतंत्र बच गया फैसला स्वागत योग्य

एसआईआर मुद्दे पर कांग्रेस ने कहा कि यह फैसला लोकतंत्र पर हुए एक कठोर हमले से देश को बचाने वाला है और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली को पूरी तरह उजागर कर दिया है। कांग्रेस ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को सुरक्षित किया है। चुनाव आयोग ने अब तक बाधा डालने वाली और मतदाताओं के अधिकारों के खिलाफ काम करने वाली भूमिका निभाई थी। लेकिन अब अदालत ने राजनीतिक दलों को भी इस पूरी प्रक्रिया में शामिल करने का रास्ता खोल दिया है। यह एक ऐतिहासिक कदम है। कांग्रेस ने सीधे चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि आज चुनाव आयोग पूरी तरह बेनकाब और बदनाम हो चुका है। उसके पीछे के 'जी-2 कठपुतली संचालक' भी पूरी तरह पराजित हो गए हैं। इसी तरह कई दलों ने भी प्रतिक्रिया दी है।

---

## पीएम मोदी ने गयाजी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया

# दो ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी और औंटा से सिमरिया 6 लेन पुल का लोकार्पण किया

*बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़ की परियोजनाओं को समर्पित किया*



एजेंसी ▶▶ गयाजी

बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव धीरे-धीरे नजदीक आ रहा है। राज्य की सभी प्रमुख पार्टियों ने सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है। मुख्य विपक्ष महागठबंधन के नेता राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की ओर से पूरे प्रदेश में वोटर अधिकार यात्रा निकाल रहे हैं। वहीं पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए भी हर रोज कोई न कोई ऐलान कर रही है। पीएम मोदी ने बिहार के गयाजी में तमाम परियोजनाओं का उद्घाटन किया और इसके साथ ही उन्होंने कई चुनावी समीकरण को भी साधा। पीएम मोदी ने गयाजी में विभिन्न क्षेत्रों के लिए बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शहरी विकास और जल आपूर्ति संबंधी लगभग 13,000 करोड़ की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई। ये ट्रेन गया से दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस और वैशाली से कोडरमा (झारखंड) के बीच बौद्ध सर्किट के लिए शुरू की गई। पीएम मोदी बेगूसराय गए, जहां उन्होंने औंटा-सिमरिया 6 लेन पुल का भी लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने लंबा रोड शो भी किया।

**बेगूसराय में लंबा रोड शो किया**

### सौगातों के जरिए पूरे मगध को साधने की कोशिश



### अन्य दल लोक कल्याण पर नहीं सोचते

पीएम मोदी ने गयाजी में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार में परियोजनाओं की शुरुआत से राज्य के लोगों को रोजगार मिलेगा। स्वास्थ्य ढांचे में और सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बिहार के मगध क्षेत्र में पक्के मकान दिए गए, हम देश के हर गरीब परिवार को ऐसे आवास उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि राजद और उसके सहयोगी बिहार के लोगों को केवल अपना वोट बैंक समझते हैं। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस के शासन में बिहार में कोई बड़ी परियोजना पूरी नहीं हुई, वे कभी लोगों के कल्याण के बारे में नहीं सोचते और जेब भरने में लगे रहते हैं।

### मंच पर दिखे राजद के 2 विधायक

विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पार्टी को बड़ा झटका लगा है। मोदी के गया दौरे के दौरान नवादा से राष्ट्रीय जनता दल की वर्तमान विधायक विभा देवी और रजौली विधायक प्रकाश वीर पीएम मोदी के मंच पर दिखाई दिए।

### पीएम मोदी का बेगूसराय में रोड शो

पीएम मोदी बेगूसराय में हैं, जहां वे जनता के बीच रोडशो किया और सड़क के दोनों तरफ खड़ी जनता से अभिवादन स्वीकार भी किया।

### एनडीए सरकार घुसपैठियों को बाहर करेगी

पीएम मोदी ने कहा कि एनडीए सरकार ने तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को तय करने नहीं देंगे। बिहार के युवाओं का भविष्य घुसपैठियों को बर्बाद करने नहीं देंगे। मैंने डेमोग्राफी मिशन की शुरू करने का संकल्प लिया गया है। घुसपैठियों की बढ़ती संख्या देश के लिए चिंता का विषय है। एनडीए सरकार जल्द ही डेमोग्राफी मिशन की शुरुआत करने जा रही है। कांग्रेस और राजद जैसे दल बिहार के गरीबों का हक छीनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं।

### यह धरती चंद्रगुप्त-चाणक्य की यहां का संकल्प खाली नहीं जाता

पीएम मोदी ने कहा कि बिहार चंद्रगुप्त और चाणक्य की धरती है। यहां लिया गया संकल्प खाली नहीं जाता। यही कारण है कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद मैंने भी आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का संकल्प इसी धरती से लिया था। आज दुनिया देख रही है। बिहार की धरती से लिया गया वह संकल्प पूरा हो चुका है।

### राजद-कांग्रेस सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते रहे

बिहार के लोगों को राजद और उनके साथ सिर्फ अपना वोट बैंक मानते हैं। उन्हें गरीबों के मान सम्मान से कोई मतलब नहीं है। आपको याद होगा कि कांग्रेस के एक मुख्यमंत्री ने मंच से कह दिया था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे।

### तृणमूल पर पीएम का हमला

### बंगाल में केंद्र का पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च किया जा रहा



**कोलकाता।** पीएम बिहार के बाद बंगाल के दौरे पर रहे। पीएम ने सबसे पहले कोलकाता मेट्रो के 3 नए रूट का शुभारंभ किया और जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने राज्य की टीएमसी सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मोदी ने कहा कि बंगाल में विकास कार्यों के सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है, चुनौती ये है कि बंगाल के लिए जो पैसा हम सीधे राज्य सरकार को भेजते हैं, उसमें से ज्यादातर हिस्सा लूट लिया जाता है। वो पैसा टीएमसी कैडर पर खर्च होता है।

### बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े

पीएम ने कहा कि राज्य में महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। अपराध और भ्रष्टाचार टीएमसी सरकार की पहचान बन गए हैं। जब तक राज्य में टीएमसी सत्ता में है, तब तक विकास नहीं होगा।

## कर्नाटक विधानसभा में हंगामा

# नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे और कांग्रेस में मचा बवाल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक विधानसभा में गुरुवार को एक अप्रत्याशित घटनाक्रम उस समय सामने आया जब उपमुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने सदन में भाषण के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का प्रसिद्ध गीत नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे गाया। उनके इस कदम से कांग्रेस के भीतर असहज स्थिति पैदा हो गई है और भाजपा ने भी इसे लेकर तीखे हमले शुरू कर दिए हैं।

राजनीतिक टिप्पणीकार डीके के इस कदम को शीर्ष नेतृत्व पर दबाव बनाने के रूप में भी देख रहे हैं। विदित हो कि कुछ महीने से कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री शिवकुमार के बीच सबकुछ ठीकठाक नहीं।

ढाई-ढाई साल के फार्मूले की याद दिलाते हुए उनके समर्थकों ने दिल्ली कूच कर याद दिलाया था कि सिद्धारमैया के ढाई साल पूरे हो गए, अब डीके शिवकुमार को कमान मिलनी चाहिए। मगर, तब शीर्ष नेतृत्व ने दखलंदाजी कर मामले को शांत कराया था। राजनीतिक पंडितों का ये भी मानना है कि ऊपर से शांत दिखने वाली कर्नाटक की कांग्रेसी सियासत के अंदरखाने उबाल आता दिख रहा है। लेकिन इस संबंध में कोई भी नेता खुलेआम नहीं बोल रहा है।

### कांग्रेस खेमे में भी इस पर हलचल बढ़ गई

*कांग्रेस खेमे में भी इस पर हलचल मच गई। कई नेताओं ने अनौपचारिक रूप से नाराजगी जताई। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय की है। किसी भी नेता को ऐसे बयान या गीतों से बचना चाहिए जो पार्टी की लाइन के विपरीत हों।" हालाँकि शिवकुमार की ओर से अभी तक इस विवाद पर कोई औपचारिक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। उनके करीबी सूत्रों का कहना है कि उन्होंने यह पंक्तियां केवल अपनी बात को समझाने के लिए उद्धृत की थीं और इसे राजनीतिक संदेश के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। राजनीतिक जानकार मानते हैं कि कर्नाटक की राजनीति में यह घटना कांग्रेस के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकती है। विपक्ष को इससे एक नया हथियार मिला है, वहीं भाजपा अब इसे जोरशोर से भुनाने में जुट गई है।*

### कांग्रेस के नेता संघ के प्रभाव में आए

*संघ के गीत शिवकुमार ने लालकिले से दिए गए भाषण की प्रतिक्रिया में तंज के रूप में गाया था, ये बताते हुए कि स्कूल के दिनों में वे भी संघ की शाखा में जाया करते थे। शिवकुमार उपमुख्यमंत्री के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भी हैं। शिवकुमार ने चूंकि संघ के गीत विधानसभा में गुनगुनाई, 73 सेकंड का वो वीडियो वायरल हो गया। भाजपा ने इसे कांग्रेस की "विचारधारा की पराजय" बताते हुए कहा कि कांग्रेस नेता स्वयं आरएसएस के प्रभाव में हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र में राजमार्गों पर श्रद्धालुओं का टोल माफ



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने गणेशोत्सव के उपलक्ष्य पर भक्तों को तोहफा दिया है। सरकार ने ऐलान किया है कि गणेश भक्तों को लेकर कोकण जाने वाले वाहन और राज्य परिवहन की बसों को इस बार टोल टैक्स नहीं देना होगा। यह छूट 23 अगस्त से 8 सितंबर तक लागू रहेगी। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ऐलान किया कि टोल माफी मुंबई-बेंगलुरु नेशनल हाईवे, मुंबई-गोवा हाईवे के अलावा पीडब्ल्यूडी और राज्य सड़क विकास निगम की सड़कों पर भी लागू होगी।

### अहंकारी मत बनो, हाईकोर्ट माता-पिता की तरह हो



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले पर कहा कि हाईकोर्ट्स को न्यायिक अधिकारियों के लिए माता-पिता की तरह काम करना चाहिए। यह टिप्पणी एक महिला जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की है, जिसमें उन्होंने बेटे की शिक्षा का हवाला देते हुए ट्रांसफर की मांग की है। कोर्ट ने कहा कि याचिका सुविधा का नहीं, बल्कि उनके बेटे की शिक्षा की जरूरत से जुड़ा है। झारखंड हाईकोर्ट से यह भी कहा कि अहंकारी रवैया अपनाने के बजाए महिला जज की याचिका को शालीनता के साथ देखना चाहिए।

## 'वोटर अधिकार यात्रा' पर मुंगेर पहुंचे विपक्ष के नेता

**40 मिनट तक बैठकर बात भी की**

# राजीव गांधी की राह पर चले राहुल खानकाह रहमानी में लगाई हाजिरी

एजेंसी ▶▶ मुंगेर

बिहार में वोटर अधिकार यात्रा पर निकले लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार को मुंगेर में दूसरे दिन खानकाह रहमानी पहुंचे। यहां उन्होंने खानकाह रहमानी की सज्जादानशीन हजरत मौलाना फैसल वली रहमानी से मुलाकात की तथा संविधान, मतदाता सूची के विशेष ग्रहण पुनरीक्षण तथा मतदाता पंजीकरण आदि पर लगभग 40 मिनट तक बातचीत की। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, वीआईपी के अध्यक्ष मुकेश सहनी, भाजपा (माले) के दीपांकर भट्टाचार्य भी थे। इमारत-ए-सरिया के अमीर-ए-शरियत हजरत मौलाना रहमानी ने बताया कि राहुल के साथ यह चर्चा हुई कि हम संविधान को किस नजरिया से देखें। इसे एक ऐसे दस्तावेज के रूप में देखें, जिसमें सभी का साथ हो।



**भाजपा बोली- जग चुका राष्ट्रवाद**

### मौलाना की चाकरी से नहीं मिलती सत्ता

मौलाना की चाकरी करने से किसी को सत्ता नहीं मिलने वाली है। कांग्रेस के अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति को भारतवासी पहचान चुके हैं। देशवासियों के अंदर का राष्ट्रवाद अंगड़ाई ले चुका है। अब देश तुष्टिकरण नीति राष्ट्रवाद की नीति पर चलेगा। यह बातें भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सौरभ कुमार ने राहुल की यात्रा पर कही। भाजपा ने कहा कि इस कार्यक्रम के नाम पर शहर में अराजकता का माहौल उत्पन्न किया गया।

### सवाई माधोपुर में बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही

# नाव पलटने से 10 डूबे और 7 लोग लापता

एजेंसी ▶▶ सवाई माधोपुर

राजस्थान के कोटा और सवाई माधोपुर में जोरदार बारिश से बाढ़ आ गई है। कोटा में बचाव के लिए सेना को बुला लिया गया है। उधुर, सवाई माधोपुर में लोगों को बचाने के लिए गई एक नाव पानी में पलट गई। हादसे में नाव में सवार 10 लोग डूब गए, इनमें 7लोग लापता हैं। सवाई माधोपुर में रेलवे स्टेशन पर पटरियां पानी में डूब गईं। जिससे पांच ट्रेन प्रभावित हुई हैं। ज सवाई माधोपुर के सूरवाल बांध में नाव डूब गई हैं। इसमें 10 लोग सवार थे। इनमें से 3 लोगों को बचा लिया गया है। बाकी लापता सात लोगों की तलाश की जा रही है।

**3 लोगों को बचाया, बाढ़ से निपटने कोटा पहुंची सेना**



### कोटा में 4 फीट पानी भर गया

कोटा के सुल्तानपुर में 4-4 फीट तक पानी भर गया। लोग पानी में तैरते नजर आ रहे हैं। दीगोद में बाढ़ प्रभावित इलाके में सेना बुलाई गई है। बूंदी के कई गांवों का भी जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया। झालावाड़, कोटा और बूंदी में भी शनिवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित की गई है।

**सवाई माधोपुर में 250 घर**

बारिश से सवाई माधोपुर में एक बार फिर से बाढ़ की स्थिति बनी है। पुराने शहर के पल्ली पार इलाके में घरों में पानी घुस गया। करीब 250 घर जलमग्न हो गए हैं। वहीं, नेशनल हाईवे-552 पर तेज बारिश के कारण पुलिया टूट गई।

### बूंदी में भी कॉलोनियों में भरा पानी

बूंदी के कापरेन कस्बे में लगातार बारिश के चलते कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई हैं। शिवनगर में भी बारिश के कारण घरों में पानी आ गया।

### हिमाचल में भूस्खलन से 339 सड़कें बंद

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से सैकड़ों सड़कें ठप हैं। राज्य में शुक्रवार सुबह 10:00 बजे तक एक नेशनल हाईवे सहित 339 सड़कें बंद रहीं। राज्य में 132 बिजली ट्रांसफार्मर और 141 जल आपूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हैं। इससे कई इलाकों में बिजली-पानी की आपूर्ति ठप है। मंडी में सबसे अधिक 165 व कुल्लू में 123 सड़कें बाधित हैं। इससे लोग परेशान हैं।

## संघ ने पश्चिम बंगाल में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई

**संघ का कोई संविधान नहीं है, जिसमें 75 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति का नियम हो**

# बंगाल में हिंसा क्यों होती है, लोगों को इस पर विचार करना चाहिए

**संघ ने अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख शाखाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने पश्चिम बंगाल में बढ़ती हिंसा पर चिंता जताई। संघ ने कहा कि बंगाल में हिंसा क्यों होती है, लोगों को इस पर विचार करना चाहिए। संघ ने देश में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर भी कड़े कदम उठाने पर जोर दिया। संघ के अनुसार भारत में जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि एक समग्र जनसंख्या नीति की जरूरत है, जो सभी भारतीयों पर लागू हो। संघ ने अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख शाखाएं स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। बंगाल में 2018 शाखाएं सक्रिय हैं। संघ ने पश्चिम बंगाल में हिंसा पर चिंता जताते हुए कहा कि ऐसी घटनाएं संरक्षण के कारण होती हैं। उन्होंने लोगों से इस पर विचार करने की अपील की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आरएसएस का कोई संविधान नहीं है।



### संपर्क भाषा एक हो सकती है लेकिन राष्ट्रीय भाषाएं अनेक

आरएसएस का यह भी मानना है कि सभी को स्वतंत्रता के साथ जीने का अधिकार है, लेकिन देश के प्रति निष्ठा पर कोई समझौता नहीं होना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि न तो भारत में गैर-हिंदुओं को प्रताड़ित किया जाना चाहिए और न ही बांग्लादेश में हिंदुओं को। वहीं, भाषा के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि संपर्क भाषा एक हो सकती है, लेकिन राष्ट्रीय भाषाएं अनेक हो सकती हैं। उन्होंने बंगाल में 'राजधर्म' की कमी पर असंतोष जताया और कहा कि वे ममता बेनर्जी की सरकार से खुश नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें एक-दूसरे की दुश्मन नहीं हैं। हम कांग्रेस के साथ भी नीतिगत मुद्दों पर चर्चा करते थे। हम प्रणब दा से भी बात करते थे।

## सीएम रेखा के कार्यक्रम में फिर हंगामा

# गांधीनगर में की गई नारेबाजी पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के कार्यक्रम में फिर से हंगामा हुआ है। बताया जा रहा है कि अशोक बाजार गांधी नगर में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता थोक रेडीमेड गारमेंट डीलर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित वस्त्रिका 2025 कार्यक्रम में हिस्सा लेने पहुंची थीं। एक शख्स यहां नारेबाजी कर हंगामा कर रहा था। जिसे बैरिकेडिंग के बाहर ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया, पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, जानकारी मिली है कि एक अन्य शख्स को भी हंगामा करने के संदेह में पकड़ा गया है।



जनसुनवाई में मुख्यमंत्री पर हुए हमले के बाद रेखा गुप्ता पहली बार किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से बाहर निकली थीं। कार्यक्रम में स्थानीय सांसद हर्ष मल्होत्रा, स्थानीय विधायक अरविंद सिंह लवली, पार्षद और गांधीनगर मार्केट के तमाम व्यापारी मौजूद रहे। कार्यक्रम पर कोई असर नहीं पड़ा।

सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति समेत समूह के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ हो सकती है प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय मुलाकात

ट्रंप के व्यापार सलाहकार ने कहा यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच शांति का मार्ग भारत की राष्ट्रीय राजधानी से होकर ही गुजरता है। भारतीय नेतृत्व की रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त कराने में अहम भूमिका है

31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन में आयोजित किए जा रहे एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे पीएम मोदी

# टैरिफ संकट के बीच 29 अगस्त से 1 सितंबर तक जापान-चीन की यात्रा पर रहेंगे प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस से कच्चे-तेल की खरीद पर अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद भारत-अमेरिका संबंधों में उपजे तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अगस्त से लेकर 1 सितंबर तक जापान और चीन की यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत 29 से 30 अगस्त तक जापान से होगी और उसके बाद राष्ट्रपति शी जिनपिंग के निमंत्रण पर पीएम मोदी 31 अगस्त से 1 सितंबर तक चीन की यात्रा करेंगे। जहां तियानजिन शहर में इस वर्ष चीन की अध्यक्षता में आयोजित किए जा रहे शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भारत का नेतृत्व करेंगे। एससीओ सम्मेलन से इतर प्रधानमंत्री की चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के अलावा समूह के कई अन्य देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय मुलाकात हो सकती हैं। भारत वर्ष 2017 से एससीओ का सदस्य है और उसने 2022-23 में समूह के राष्ट्राध्यक्षों के शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता की थी। यह जानकारी शुक्रवार को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी किए गए एक बयान से मिली है।


फाइल फोटो

## जापान में यह रहेगा पीएम का कार्यक्रम

मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान की यात्रा करेंगे। जिसमें वह मुख्य रूप से दोनों देशों के बीच आयोजित किए जाने वाले 15 वें भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यह पीएम का जापान का आठवां दौरा होगा। जबकि प्रधानमंत्री इशिबा के साथ ये उनका पहला शिखर सम्मेलन होगा। इसके अलावा दोनों शीर्ष नेता अपनी मुलाकात के दौरान भारत-जापान विशेष सामरिक और वैश्विक भागीदारी की समीक्षा भी करेंगे। जिसमें रक्षा-सुरक्षा, व्यापार, अर्थव्यवस्था, प्रौद्योगिकी, नवाचार और लोगों का लोगों से संबंध जैसे विषय शामिल हैं। पीएम मोदी और इशिबा की वार्ता में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के मामलों पर भी चर्चा की जाएगी। उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच मौजूद लंबी विशेष दोस्ती के प्रति प्रतिबद्धता को भी दर्शाएगी।

## सस्ती दरों पर कच्चा तेल खरीद कर बेच रहा भारतः अमेरिका

*वहीं, रूस से जारी कच्चे तेल की खरीद पर बौखलाए अमेरिका के रुख में अभी तक कोई बदलाव नहीं आया है, उसकी तरफ से भारत पर आरोप लगाने का सिलसिला जारी है। ताजा मामला व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो के एक बयान से जुड़ा हुआ है। जिसमें उन्होंने भारत पर बेहद तीखा हमला बोलते हुए कहा कि नई दिल्ली रूस से सस्ती दरों पर तेल खरीदकर उसे भारी मुनाफे के साथ बाकी दुनियाभर के देशों को बेचकर क्रेमलिन के लिए कपड़े धोने की मशीन की तरह से काम कर रही है। रूस से तेल खरीद से मॉस्को को यूक्रेन युद्ध के लिए धन मिल रहा है। जबकि भारत इससे कमाई कर रहा है। नवारो ने ये भी कहा कि उनके देश द्वारा लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ का निर्णय बिलकुल ठीक है। क्योंकि अमेरिका को भारत के साथ व्यापार में घाटा हो रहा है। जिसके पीछे नई दिल्ली द्वारा लगाया गया सबसे ज्यादा यानी महाराजा टैरिफ जिम्मेदार है। यह एक प्रकार से व्यापार में दगा करने जैसा है। उन्होंने कहा, 2022 में यूक्रेन युद्ध की शुरुआत से पहले भारत ने रूस से कोई तेल नहीं खरीदा था। लेकिन अब जब यह लगभग 35 फीसदी तक हो गया है तो यह कहना कि रूसी तेल की जरूरत नहीं है। यह तर्क बकवास है।*

## मोदी की तारीफ की, बताया महान नेता

*नवारो ने हालांकि भारत के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व यानी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और कहा कि मोदी एक महान नेता हैं। लेकिन यूक्रेन-रूस युद्ध के बीच शांति का मार्ग उनके देश की राष्ट्रीय राजधानी से होकर ही गुजरता है। भारतीय नेतृत्व की रूस-यूक्रेन संघर्ष को समाप्त कराने में अहम भूमिका है। भारत को इन सबके बीच अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अपनी भूमिका पर भी ध्यान देना चाहिए। आप अभी जो कर रहे हैं, वह शांति स्थापित करने की बजाय युद्ध को और अधिक भड़का रहा है। यहां बता दें कि अमेरिकी टैरिफ संकट के बीच भारत को रूस के साथ ही चीन का भी समर्थन मिला है। चीन के राजदूत ने कहा है कि वह भारतीय माल का चीन के बाजारों में स्वागत करते हैं। अमेरिका का भारत पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का कदम किसी भी लिहाज से ठीक नहीं है।*

## खबर संक्षेप

### कोलंबिया में हुए हमले में 17 की मौत, कई घायल


**बोगोटा।** दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में हुए बड़े हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई है। एक हमले में



विस्फोटक से भरी कार से एक सैन्य स्कूल के पास धमाका किया गया, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा घायल हुए हैं। वहीं एक दूसरे हमले में पुलिस के हेलिकॉप्टर को निशाना बनाया गया, जिसमें 12 पुलिसकर्मियों की मौत हुई है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो ने दोनों घटनाओं में उग्रवादी संगठन रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस ऑफ कोलंबिया को जिम्मेदार ठहराया है।

### भारत में खुल रही है टिकटॉक की वेबसाइट

**नई दिल्ली।** चीनी वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म टिकटॉक की वेबसाइट लगभग पांच वर्षों के बाद भारत




फिर से लाइव हो गई है। टिकटॉक की वेबसाइट का मुख्य पेज खुल रहा है। हालांकि सरकार की ओर से चीनी वीडियो-शेयरिंग प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध हटाने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। एप अभी भी उपलब्ध नहीं है। दरअसल, 2020 में भारत सरकार ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर टिकटॉक समेत कई चीनी ऐप्स पर प्रतिबंध लगा दिया था।

### दो कर्मचारी को एलजी सिन्हा ने किया बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को आतंकवादी संगठनों से संबंध



रखने के आरोप में दो सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया। कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद 311 (2) (सी) के तहत की गई है, जो राज्य को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में बिना जांच के कर्मचारी को बर्खास्त करने का अधिकार देता है। बर्खास्त किए गए कर्मचारियों में खुर्शीद अहमद राथर-करनाह, कुपवाड़ा में कार्यरत एक शिक्षक और सियाद अहमद खान-केरन, कुपवाड़ा में भेड़ पालन विभाग में सहायक स्टॉकमैन शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ बोले

# महिला शांति रक्षक बदलाव की मशाल यूएन मिशनों में उनकी भूमिका अहम

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में आयोजित किए गए दो सप्ताह के संयुक्त राष्ट्र महिला सैन्य अधिकारी पाठ्यक्रम (यूएनडब्ल्यूएमओसी -2025) में भाग ले रही कुल 15 देशों की महिला अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी बदलाव की अग्रदूत हैं और वे शांति अभियानों में अमूल्य परिदृश्य व दृष्टिकोण प्रस्तुत करती हैं। यूएन का ये पाठ्यक्रम उसके सूक्ष्म जगत और एकता व सहयोग की चिरस्थायी भावना का प्रतिबिंब है। महिला अधिकारियों का समर्पण न केवल शांति स्थापना बल्कि वैश्विक सुरक्षा के ताने-बाने को भी मजबूत करता है। भारत आपके साथ खड़ा है, उसे आपके योगदान पर गर्व है। वह आपकी यात्रा का समर्थन करने की अपनी प्रतिबद्धता के प्रति भी दृढ़ है।

यूएन में महिलाओं को नेतृत्व के अवसर देने के लिए भारत प्रयासरत

पाठ्यक्रम में शांति स्थापना से जुड़ी चुनौतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा



## भारत यूएन मिशन में सबसे बड़ा योगदानकर्ता

सिंह ने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में सबसे बड़ा योगदानकर्ता होने के नाते हमेशा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देता रहा है। उन्होंने कहा कि हम अपनी सशस्त्र सेनाओं और शांति स्थापना दलों में महिलाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों को मजबूत कर रहे हैं, ताकि उन्हें नेतृत्व और सेवा का समान अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी शांति अभियानों में 'अमूल्य और अनोखा दृष्टिकोण' लेकर आती हैं, जिससे स्थानीय समुदायों के साथ भरोसा मजबूत होता है, यौन हिंसा की घटनाओं को रोका जा सकता है और मानवीय सहायता को प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सकता है।

### 16 देशों की महिलाएं भाग ले रहीं

इस पाठ्यक्रम में भारत सहित आर्मेनिया, डीआर कांगो, मिस्र, आइवरी कोस्ट, केन्या, किर्गिज गणराज्य, लाइबेरिया, मलेशिया, मोरक्को, नेपाल, सिएरा लियोन, श्रीलंका, तंजानिया, उरुग्वे और वियतनाम की महिला अधिकारी हिस्सा ले रही हैं। इन अधिकारियों की मौजूदगी को राजनाथ सिंह ने 'संयुक्त राष्ट्र की एकता और सहयोग की भावना का प्रतीक' बताया।

### यूएन जर्नल 2025 का किया विमोचन

*इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने 'ब्लू हेलमेट ओडिसी : 75 ईयर्स ऑफ इंडियन पीसकीपिंग' शीर्षक वाली यूएन जर्नल 2025 का विमोचन भी किया, जो वैश्विक शांति में भारत के 75 वर्षों के योगदान को उजागर करता है। पाठ्यक्रम में आधुनिक शांति स्थापना से जुड़ी चुनौतियों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून, नागरिकों की सुरक्षा, शरणार्थियों के अधिकार, संघर्ष से जुड़ी यौन हिंसा और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय शामिल हैं। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र ड्यूटी के लिए नामित एक इन्फैंट्री बटालियन द्वारा फील्ड डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य वरिष्ठ रक्षा अधिकारी भी मौजूद रहे।*

### पाक पर कसा तंज

#### पाक की स्थिति डंपर वाली, तो यह उनकी अपनी नाकामी

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर के हालिया बयान पर तंज कसा है। मुनीर अपने बयान के कारण पाकिस्तान में और दुनिया भर में ट्रोल हो रहे हैं। राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर दो देश एक साथ आजाद हुए, और एक ने कड़ी मेहनत, सही नीतियों और दूरदृष्टि से फेरारी जैसी अर्थव्यवस्था बनाई, जबकि दूसरा अभी भी डंपर की स्थिति में है, तो यह पाकिस्तान की अपनी नाकामी है। उन्होंने कहा कि वह आसिम मुनीर के इस बयान को एक कन्फेशन के रूप में देखते हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख ने जाने-अनजाने में एक ऐसी 'कबीलाई और लुटेरी मानसिकता' की तरफ इशारा किया है, जिसका शिकार पाकिस्तान अपने जन्म से रहा है।*

'वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ

# ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाई भारत की प्रतिबद्धता अपने दिमाग में कोई भ्रम न रखे पाकिस्तान

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पहलगाम हमले के जवाब में की गई भारत की रक्षात्मक कार्यवाही 'ऑपरेशन सिंदूर' को इस महीने की शुरुआत में तीन महीने पूरे हो गए हैं। सीमाओं पर सेनाएं पूरी मुस्तैदी के साथ डटी हुई हैं। सरकार की नीति भी साफ है, अब अगर कोई आतंकी हमला हुआ तो जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ उसका तुरंत करारा जवाब दिया जाएगा। इन सबके बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में आयोजित किए गए 'वर्ल्ड लीडर्स फोरम' में पुनः ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि इस अभियान ने आतंकवाद के खिलाफ बने हुए हमारे दृढ़ संकल्प, प्रतिबद्धता और देश की ताकत को मजबूती के साथ प्रदर्शित किया है। जिसके बाद पाकिस्तान के दिमाग में किसी तरह का कोई भ्रम में नहीं रहना चाहिए।

भारत का चरित्र या उसकी प्रकृति वैश्विक व्यवस्था को दबाव के साथ प्रभुत्व स्थापित करने की प्रतिस्पर्धा के रूप में देखने का नहीं है। हम आपसी सम्मान, सामंजस्य और गौरव की साझा यात्रा के पक्षधर हैं। हमारी नजर में ताकत का अर्थ किसी को नियंत्रित-निर्देशित करना नहीं है। बल्कि यह देखभाल की क्षमता पर आधारित है। जिसमें कहीं पर भी छोटे हित आड़े नहीं आते हैं, अंतरराष्ट्रीय भलाई की प्रतिबद्धता ही दृष्टिगत होती है।

### पांचवीं पीढ़ी का विमान देश में बनेगा



*राजनाथ ने कहा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को हाल ही में 97 तेजस मार्क-1 लड़ाकू विमानों की खरीद के लिए 66 हजार करोड़ रुपए का आर्डर मिला है। ये पूर्व में 83 तेजस विमानों के लिए दिए गए 48 हजार करोड़ रुपए के अलावा दिया गया नया आर्डर है। तेजस विमान देश की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं का सबसे बड़ा उदाहरण प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि हमने देश में पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास और विमानों के इंजन निर्माण की दिशा में कदम उठाए हैं।*

### पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए थे 26 लोग

बता दें, इस साल 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले में पाकिस्तान समर्थित लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकवादियों ने कुल 26 निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया था। हमले का भारत ने जवाब दिया और 7 मई की मध्यरात्रि के बाद सेना, वायुसेना के संयुक्त अभियान के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के कुल 9 कैंपों को मटियामेट कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान कुल करीब 100 से अधिक आतंकी मारे गए थे।

भारतीय ड्राइवर की लापरवाही से हुई थी दुर्घटना

# अमेरिका ने सभी विदेशी ट्रक ड्राइवरों का तत्काल प्रभाव से रोक दिया वीजा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी सरकार ने विदेशी ट्रक ड्राइवरों को वीजा देने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने गुरुवार को इसका ऐलान कर दिया। दरअसल अमेरिका में एक भारतीय ट्रक ड्राइवर की लापरवाही से भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई।

इस हादसे के बाद अमेरिका में विदेशी ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ माहौल बन गया है और इस घटना ने राजनीतिक रंग ले लिया है। मार्को रूबियो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'तत्काल


मार्को रूबियो

प्रभाव से कमर्शियल ट्रक ड्राइवरों को जारी होने वाले वीजा पर रोक लगाई जाती है।

अमेरिका की सड़कों पर विदेशी ट्रक ड्राइवरों की संख्या बढ़ती जा रही है और ये ट्रक और ट्रेलर चालक अमेरिकी लोगों की जान खतरे में डाल रहे हैं और साथ ही अमेरिकी ट्रक चालकों की आजीविका में भी सेंध लगा रहे हैं।

## ट्रक ड्राइवर पर फ्लोरिडा में चलेगा केस

*दरअसल, फ्लोरिडा के राजमार्ग पर एक भारतीय ट्रक ड्राइवर ने गलत तरीके से यू-टर्न लिया, जिससे एक कार ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। आरोपी ट्रक ड्राइवर की पहचान हरजिंदर सिंह के रूप में हुई है, जो मेक्सिको के जरिए अवैध तरीके से अमेरिका में दाखिल हुआ था। अब ट्रक ड्राइवर हरजिंदर सिंह को आरोपों का सामना करने के लिए फ्लोरिडा के उपराज्यपाल जे कॉलिन्स विमान से उतारकर ले गए। एक्स पर पोस्ट में कॉलिन्स ने कहा कि वह और गवर्नर रॉन डेसेंटिस सिंह को वापस लाए हैं।*

## इस मुद्दे पर गरमाई अमेरिकी राजनीति

अब आरोपी भारतीय ट्रक ड्राइवर को अमेरिका से निर्वासित करने की तैयारी हो रही है। इस मामले में राजनीति होने की वजह ये है कि हरजिंदर सिंह को ट्रक ड्राइवर का लाइसेंस कैलिफोर्निया से मिला, जो कि डेमोक्रेट पार्टी का गढ़ है। अब ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम, हरजिंदर सिंह को ड्राइविंग लाइसेंस देने के जिम्मेदार हैं। हालांकि न्यूसम ने ट्रंप की संघीय सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया है।

ट्रंप टैरिफ का तोड़ निकाल रहा भारत

# कूटनीतिक माध्यमों के जरिए यूएस सांसदों से मिल रहे हैं राजदूत क्वात्रा

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर उपजे तनाव के बीच भारत कूटनीतिक माध्यमों के जरिए समस्या का समाधान करने में जुटा हुआ है। अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने नौ अगस्त से अब तक 16 अमेरिकी सांसदों से मुलाकात की है। इन मुलाकातों से साफ है कि भारत-अमेरिका रिश्तों को और मजबूत करने की कोशिशें तेज हैं। उन्होंने अमेरिकी सांसदों से मुलाकात कर द्विपक्षीय व्यापार और ऊर्जा सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा की। क्वात्रा ने सीनेटर बिल हेगर्टी को भारत-अमेरिका साझेदारी के लिए निरंतर और मजबूत समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सीनेटर हेगर्टी के साथ भारत की ऊर्जा सुरक्षा और हाइड्रोकार्बन में भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते व्यापार पर भी अपना दृष्टिकोण साझा किया।

## द्विपक्षीय व्यापार संबंधों पर की चर्चा

क्वात्रा ने कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन के साथ भी बातचीत की और उन्हें द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में प्रगति के बारे में जानकारी दी। क्वात्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कांग्रेस सदस्य ग्रेग लैंड्समैन को द्विपक्षीय व्यापार संबंधों,



ऊर्जा सुरक्षा में हाल के घटनाक्रमों तथा हमारे देशों के बीच बढ़ती हाइड्रोकार्बन साझेदारी के बारे में जानकारी दी। इससे पहले क्वात्रा ने राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी और साइबर उपसमिति, हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के रैंकिंग सदस्य प्रतिनिधि जोश गोटेहाइमर से मुलाकात की। क्वात्रा ने उनसे तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों पर चर्चा की। क्वात्रा कहा कि तेल और गैस में दोतरफा व्यापार और संतुलित, निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार संबंधों सहित द्विपक्षीय ऊर्जा सहयोग में नवीनतम विकास पर अपडेट साझा किए।

नेशनल मीट 2025 में बोले इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन

# अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे, लाए क्रांतिकारी परिवर्तन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने शुक्रवार को नेशनल मीट 2025 के उद्घाटन सत्र को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत की अंतरिक्ष तकनीक अब केवल वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर नागरिकों की जिंदगी में बदलाव लाने का माध्यम बन चुकी है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष तकनीक के जरिए देश में सुरक्षा, संचार, मौसम पूर्वानुमान और विकास के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं, और यही प्रगति 'विकसित भारत 2047' के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाएगी। इसरो निरंतर अपने परिचालन अनुप्रयोगों को अधिक सटीक, तेज और उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर बनाने पर काम कर रहा है।



## चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा भारत का

इसरो प्रमुख ने 2025 की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि इसरो ने 29 जनवरी को अपना 100वां रॉकेट लॉन्च किया। भारत अब उन चार देशों में शामिल हो गया है, जिन्होंने अंतरिक्ष में दो सैटेलाइट को सफलतापूर्वक डॉक और अनडॉक किया है। साथ ही, पीएम नरेंद्र मोदी के निर्देशन में शुभांशु शुक्ला को अंतरिक्ष में भेजा गया और आज चंद्रमा की कक्षा में सबसे उन्नत कैमरा भारत के पास है।

## आज अंतरिक्ष दिवसः भारत सैटेलाइट से लेकर आईएसएस तक की यात्रा का मनाएगा जश्न



*भारत शनिवार को दूसरा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाने जा रहा है। यह दिन सैटेलाइट से लेकर ह्यूमन स्पेसफ्लाइट तक देश की यात्रा का जश्न मानने के रूप में खास होगा। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 23 अगस्त 2023 को भारत ने चंद्रमा पर उतरने वाले चौथे और उसके दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले देश के रूप में इतिहास रच दिया।*

ट्रंप पर चीन का तंज

# एक देश अपने हितों से दुनिया को शांति के खतरे में डाल रहा

एजेंसी ⏭ बीजिंग

अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अर्थव्यवस्था को एक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया है। बीते कुछ महीनों में उसने भारत, चीन, ब्राजील समेत कई देशों पर भारी टैरिफ लगाए हैं। इसके कारण अब दुनिया की भूराजनीतिक स्थिति के अलावा तमाम समीकरण भी बदलते दिख रहे हैं। लंबे समय से एक-दूसरे के मुकाबले खड़े रहने वाले कई देश भी अब करीब आते दिखे हैं, इनमें सबसे चर्चित हैं भारत और चीन। चीन के उप विदेश मंत्री लियू बिन ने शंघाई सहयोग संगठन



की मीटिंग से पहले अमेरिका का नाम लिए बिना ही निशाना साधा। उन्होंने कहा कि एक देश है, जो अपने हितों को दुनिया में सबसे ऊपर रखता है और उसके लिए शांति को खतरे में डाल रहा है। एक देश अपने राष्ट्रीय हितों को दूसरों के हितों से ऊपर रखता है, जिससे वैश्विक शांति को खतरा है। शंघाई सहयोग संगठन में दुनिया के 20 देशों के नेता जुटने वाले हैं।

# बाथरूम में नहा रही महिला का वीडियो बनाया, छेड़छाड़ का मामला दर्ज

### कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित एक कॉलोनी में रहने वाली महिला के पड़ोसी द्वारा नहाते समय उसका वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। हालांकि महिला के परिवार ने जब पड़ोसी का मोबाइल चेक किया तो उसमें वीडियो नहीं मिला। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर मोबाइल जब्त कर लिया है। पुलिस मोबाइल की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार 26 साल की महिला पति और ननद के साथ रहती है। पति राजाभोज विमानतल पर प्राइवेट काम करते हैं। गुरुवार सुबह पति काम पर चले गए। घर में महिला की ननद थी। सुबह साढ़े 11 बजे महिला बाथरूम में नहाने गई। उसने अपने बच्चे को नहलाया और ननद को दे दिया। इसी बीच उनकी नजर पड़ी तो ऊपर खिड़की के पास रवि चंद्रवंशी खड़ा था और उसके हाथ में मोबाइल था। संभवतः वह मोबाइल में वीडियो बना रहा था। उसने शोर मचाया तो वह खिड़की से अलग हट गया।

ननद को उसने रवि के कमरे में पहुंचाया और उससे मोबाइल लेकर आई। मोबाइल चेक किया गया। उसमें वीडियो नहीं मिला। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी रवि चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसका मोबाइल जब्त किया है। मोबाइल जांच के लिए भेजा गया है।

## स्टाफ नर्स से सहेली के लिव इन पार्टनर ने की छेड़छाड़

इधर, शाहपुरा पुलिस ने निजी अस्पताल की स्टाफ नर्स की शिकायत पर सहेली के लिव इन पार्टनर पर छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। 23 साल की पीड़िता ने शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि वह हॉस्टल में रहती है। उसके साथ ड्यूटी करने वाली स्टाफ नर्स अपने बॉयफ्रेंड निक्की उर्फ निखिल के साथ अलग कमरा लेकर लिव इन रिलेशन में रह रही है। सहेली का बॉयफ्रेंड उससे मारपीट करता है। वह बॉयफ्रेंड से परेशान होकर चली गई। उसने बॉयफ्रेंड को बताया था कि अपनी सहेली के हॉस्टल पर जा रही हूं। पंद्रह अगस्त की रात में निक्की ने अपनी गर्लफ्रेंड को कॉल किया। उसने कॉल रिसीव नहीं किया। इस पर आरोपी ने पीड़िता को कॉल करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने कॉल रिसीव नहीं किया तो आरोपी ने उसे अश्लील मैसेज कर दिए। पीड़िता ने उसे ब्लॉक किया तो आरोपी उसके हॉस्टल पहुंच गया और वहां मैनेजर से कहकर आया कि उसे समझा देना नहीं तो जान से खत्म कर दूंगा। मैनेजर ने पीड़िता को घटना की जानकारी दी और उसे लेकर थाने पहुंचा। वहां आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

## बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही महिला से पड़ोसी ने की छेड़छाड़

जहांगीराबाद पुलिस ने कल्याणी (कल्याणी) महिला की शिकायत पर ससुराल के पड़ोस में रहने वाले मनचले पर छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। 33 साल की महिला ने शिकायत करते हुए बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। करीब तीन साल पहले पति की मौत हो चुकी है। वह ससुराल में बच्चों के साथ रहती है और ब्यूटिशियन का काम सीख रही है। पड़ोस में रहने वाले एक युवक से उसकी बातचीत होती थी, लेकिन पति की मौत के बाद उसने उससे बातचीत करनी बंद कर दी। गुरुवार सुबह सात बजे वह बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए निकली थी। तभी गली में पड़ोसी ने उसका बुरी नियत से हाथ पकड़ लिया। किसी तरह उसने हाथ छुड़ाया और बच्चे को बस तक छोड़ने के बाद घर लौट रही थी। गली में आरोपी बाइक पर बैठा हुआ था और उसका वीडियो बनाने लगा। वीडियो बनाते हुए अश्लील कमेंट्स करने लगा। पीड़िता ने ससुराल पहुंचकर देवर और परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।



## विधायक पटवा ने की मुख्यमंत्री डॉ. यादव से भेंट, माना आभार

**औबेदुल्लागंज।** मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मनोज चौरसिया, युवा नेता जीतू नंदवंशी ने बताया कि विधायक सुरेंद्र पटवा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से भेंट किया। इस दौरान पटवा ने ग्राम उमरिया में 1800 करोड़ की बीईएमएल इंडस्ट्री (हाई स्पीड रेल व मेट्रो कोच) का भूमि पूजन और ग्राम तमोट में 800 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन व लोकार्पण एवं विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही विधायक पटवा ने मुख्यमंत्री से गो सुरक्षा अभियान की जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



### गल्ला मंडी में राम सत्ता का किया आयोजन

**औबेदुल्लागंज।** गल्ला मंडी में राम सत्ता का आयोजन किया गया, जिसमें सुरेश नायक, आरती यादव सहित भोजपुर नारी शक्ति की महिलाओं ने भाग लिया। राम सत्ता शनिवार को गणेश चौक वार्ड नंबर 10 पूजा लोधी के सहयोग से दोपहर 2 बजे प्रारंभ होगी।

### विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**संतनगर।** ब्रम्हकुमारी मिशनरी सीआरपी बैरागढ़ क्षेत्र के प्रभारी दीदी वंदना ने बताया कि राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में विश्व बंधुत्व दिवस के पावन पर्व पर ब्रम्हकुमारी मिशनरी सीआरपी बैरागढ़ द्वारा 24 अगस्त रविवार सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रक्तदान शिविर सीआरपी क्षेत्र में लगाया गया है।

### नेत्र परीक्षण में 508 छात्राओं ने कराई जांच





**संतनगर।** चिल्ड्रन्स होप इंडिया गर्ल्स स्कूल, गांधी नगर, भोपाल में विज़नस्प्रिंग फाउंडेशन एवं चिल्ड्रन्स होप इंडिया यूएसए के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय शिविर में कुल 508 छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया, जिनमें से 98 छात्राओं के लिए चश्मे आवश्यक पाए गए, जबकि 46 छात्राओं को विशेषज्ञ परामर्श के लिए चिह्नित किया गया।

### उद्यमिता व नवाचार पर ई-समिट प्रवाह

**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में शुक्रवार को विगत दिवस से जारी उद्यमिता व नवाचार से सम्बंधित ई-समिट प्रवाह के दूसरे दिन पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। इस चर्चा का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार, स्टार्ट-अप, इनक्यूबेशन तथा कौशल विकास के विषयों के प्रति जागरूक करना था। चर्चा में डॉ. राजन कुमार, स्टेट हेड (सविष्कार), डॉ. रोनाल्ड फरनानडिज़, सीईओ (एआईसी-रविंद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल), डॉ. दीपक पालीवाल, जॉइंट निदेशक (पी.एस.एस.आई.वी.ई., भोपाल) विशेष वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के उद्गम प्रकोष्ठ की नोडल अधिकारी डॉ. निधि चौहान ने अतिथियों का स्वागत कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पैनल चर्चा के उद्देश्यों से अवगत करवाया।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 2749 | | |
| दिनः | 899 | 68 | 279 |
| रातः | 579 | 17 | 124 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 478 | 93 | 238 |
| रातः | 233 | 89 | 360 |

## भोपाल-विदिशा रोड पर बावड़ी वाली पुलिया पर हुआ हादसा

# शक्ति ट्रेवल्स की बस ने एक्टिवा सवार टेरिटरी मैनेजर को मारी टक्कर, मौत

### डॉक्टर ने चेक करने पर मृत घोषित कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित भोपाल विदिशा रोड पर पर बावड़ी वाली पुलिया पर शक्ति ट्रेवल्स की बस ने एक्टिवा सवार टेरिटरी मैनेजर को टक्कर मार दी। गुरुवार शाम साढ़े 6 बजे हुए इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई थी और एंबुलेंस की मदद से उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस जब्त कर आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार पुनीतधर द्विवेदी पिता भास्कर द्विवेदी (34) मानस विहार कॉलोनी, पिपलिया बाजखां सूखीसेवनिया में रहते थे। मूलतः रीवा के रहने वाले पुनीतधर ने निजी कॉलेज से बीटेक की पढ़ाई की थी। बाद में एमबीए किया और वी-गार्ड कंपनी में टेरिटरी मैनेजर बतौर नौकरी कर रहे थे। गुरुवार सुबह वह कंपनी के काम से अपनी एक्टिवा से विदिशा गए थे। वहां से शाम को घर लौट रहे थे। भोपाल-विदिशा रोड पर टोल से पहले बावड़ी वाली पुलिया के पास पहुंचते ही उनकी एक्टिवा को सामने से आ रही शक्ति ट्रेवल्स की बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह एक्टिवा सहित सड़क पर गिर गए। इस हादसे में उन्हें गंभीर चोट थी। राहगीरों ने उन्हें एंबुलेंस की मदद से हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद पुनीतधर को मृत घोषित कर दिया।

### इंजीनियर की 9 महीने की है बेटी



पुनीतधर की दो साल पहले ही शादी हुई थी। उनकी 8-9 महीने की बच्ची है। उनकी मौत से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पिता भास्कर द्विवेदी एमपीईबी से रिटायर्ड हैं। परिजन का कहना है कि यदि समय रहते किसी नजदीकी अस्पताल में पुनीतधर को भर्ती करा दिया जाता तो उसकी जान बच सकती थी, लेकिन एंबुलेंस उसे बीस किलोमीटर दूर हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंची। हादसे में गंभीर चोट होने और समय पर इलाज नहीं मिलने से पुनीतधर की जान गई है।

## जेपी अस्पताल की स्टाफ नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल। टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित तुलसी टॉवर के पास रहने वाली जेपी अस्पताल की स्टाफ नर्स की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बेसुध अवस्था इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार तुलसी टॉवर के पीछे रहने वाली सोरज मनी श्रीवास (60) जयप्रकाश अस्पताल में स्टाफ नर्स थीं। उनके पति पुलिस विभाग के रिटायर्ड हैं। गुरुवार की शाम पति कोलार स्थित निमार्णाधीन मकान पर गए थे, जबकि बेटी घर से बाहर थी। कुछ देर बाद बेटी घर लौटी तो सरोज बिस्तर पर बेसुध लेटी हुई मिली। सूचना मिलते ही पति घर लौटे और परिजन उन्हें इलाज के लिए जयप्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद सरोज को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### करंट लगने से महिला की मौत

बैरसिया इलाके में रहने वाली एक महिला को बिजली के तार से करंट लग गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। केसर बाई (28) ग्राम बिरहा श्यामखेड़ी थाना बैरसिया में रहती थी और गृहणी थी। घर के पीछे से बिजली की लाइन गई हुई है, जहां से तार डालकर बिजली की सप्लाई ली है। गुरुवार शाम को महिला बर्तन धोने के लिए घर के पीछे पहुंची, तभी जमीन पर गिरे बिजली के तार पर उसका पैर पड़ गया और करंट लग गया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया।

# टीटी नगर से लापता दो किशोरी रायसेन और उत्तर प्रदेश में मिलीं

मोबाइल चलाने पर फटकार लगाने और पेपर बिगड़ने से दुखी होकर घर से बिना बताए चली गई थीं नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर पुलिस ने इलाके से लापता हुई 15 और 16 साल की नाबालिगों को महज 24 घंटे के भीतर तलाश निकाला। एक नाबालिग मां की फटकार से दुखी होकर रायसेन पहुंच गई थी, जबकि दूसरी नाबालिग सप्लीमेंट्री का पेपर बिगड़ने से दुखी होकर झांसी पहुंच गई थी। नाबालिगों को सकुशल बरामद कर उनके परिजन के सुपूर्द कर दिया गया है। साथ ही परिजन को बच्चियों की ठीक से देखभाल करने की हिदायत दी गई।

थाना प्रभारी गौरव सिंह दौहर के अनुसार 18 अगस्त की दोपहर सूरज नगर इलाके से 15 साल की नाबालिग रहस्यमय तरीक से लापता हो गई। वह घर से कोचिंग जाने का कहकर निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी। आस-पास रिश्तेदारों मे तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला तो परिजन ने टीटी नगर थाने पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। मामला नाबालिग से जुड़ा होने के कारण हरकत में आई पुलिस ने परिजन से पूछताछ की। इस दौरान पता चला कि नाबालिग अपने साथ मोबाइल लेकर गई है। पुलिस ने टॉवर लोकेशन के आधार पर एक टीम रायसेन भेजी। वहां से नाबालिग को बरामद कर लिया गया। नाबालिग ने पूछताछ में बताया कि उसका मोबाइल चलाने को लेकर मां से विवाद हुआ था। मां ने उसे फटकार लगाई थी। इससे दुखी होकर वह रायसेन अपने दादा दादी के घर जाने के निकल गई थी।

### बेटी बिना बताए कहीं चली गई...

इसी प्रकार इलाके में रहने वाले एक परिवार ने बताया कि 18 अगस्त को वह 16 साल की बेटी के साथ रंगमहल चौराहा आए थे। इस दौरान बेटी बिना बताए कहीं चली गई। काफी देर तक तलाश करने पर भी उसका कुछ पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इस दौरान उसकी लोकेशन रेलवे स्टेशन की तरफ मिली। पुलिस ने जीआरपी को नाबालिग का हुलिया भेजा और झांसी में जीआरपी की टीम ने हुलिए के आधार पर नाबालिग को स्टेशन पर देखकर पुलिस को सूचना दी। टीटी नगर पुलिस की टीम तत्काल झांसी पहुंची और वहां से बच्ची को दस्तयाब कर लिया गया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि 10वीं की परीक्षा दी थी। उसमें उसे सप्लीमेंट्री आई थी। सप्लीमेंट्री की परीक्षा दी तो पेपर बिगड़ गया था। उसे डर था कि यदि फेल हो गई तो परिजन फटकार लगाएगे। लिहाजा डर के कारण वह चली गई थी।

## शूटर्स के साथ गन लाइसेंस ऑनर्स के कारतूस का भी होगा हिसाब



**भोपाल।** राजधानी के 77 शूटर्स के कारतूसों में हेरफेर को लेकर शुरु की गई जांच तेज कर दी गई है, जिसके तहत शुक्रवार को तीस शूटर्स को नोटिस जारी किए गए हैं, जिनसे तीन दिन में लिखित में जवाब तलब किया गया है। इन शूटर्स को दस साल के कारतूस खरीदी और खोखों का हिसाब देना पड़ेगा। इधर आर्म्स डीलर्स से कारतूस खरीदने वाले गन लाइसेंस ऑनर्स से भी कारतूस का रिकार्ड लिया जाएगा। जिससे पारदर्शिता लाई जा सके, दरअसल पिछले दिनों सेफिया कॉलेज स्थित शाह आर्मरी के यहां जांच में कारतूस बिक्री रजिस्टर में गड़बड़ी मिली थी, जिसके बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। दुकान संचालक ने बिक्री रजिस्टर में कई कारतूस की बिक्री में गन लाइसेंस नंबर, मोबाइल नंबर सहित अधूरी जानकारी दर्ज की थी।

### जहांगीराबाद पुलिस ने की कार्रवाई

## वाहन चुराने वाले दो चोर गिरफ्तार चोरी के दो ई-रिक्शे किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जहांगीराबाद पुलिस ने ई-रिक्शा चुराने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी के दो ई रिक्शे बरामद किए है। आरोपियों ने क्रमशः लाल परेड मैदान और कमला पार्क के पास से दोनों ई-रिक्शा चुराए थे। वे ई-रिक्शा बेचने की फिराक में थे। इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। उनसे चुराए गए दोनों ई रिक्शा बरामद कर लिए है।

पुलिस के अनुसार 12 अगस्त को सईद (58) बागफरहत अफ्जा ऐशबाग ने शिकायत करते हुए बताया कि उन्होंने अपना ई-रिक्शा खराब होने के कारण लाल परेड ग्राउंड के सामने मजार के पास मुख्य सड़क किनारे जहांगीराबाद में खड़ा किया था। अगले ही दिन वह मजार के पास पहुंचे तो ई-रिक्शा चोरी हो गया था। इसी प्रकार दो दिन बाद 14 अगस्त को नन्दू शर्मा (48) अहीर मोहल्ला जहांगीराबाद का ई-रिक्शा मस्जिद बादशाह बहू, नीलम पार्क के पास से किसी ने चुरा लिया था।

### सीसीटीवी फुटेज से पकड़ाए चोर

पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी की शिकायत दर्ज की। इसके बाद घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए। करीब चालीस से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे चेक करने के बाद पुलिस ने संदिग्धों का फुटेज मुखबिर को दिखाया। फुटेज देखने के बाद मुखबिर की सूचना पर रमेश राजपूत (22) अहीर मोहल्ला, जहांगीराबाद, रामसिंह यादव, पीपल चौराहा, निशातपुरा को गिरफ्तार किया।



## सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग से व्यक्तित्व का विकास कर सकती हैं छात्राएं

**संतनगर।** संत हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में एमबीए एवं इंटीग्रेटेड एमबीए पाठ्यक्रम की नवागत छात्राओं के लिए 21 दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'प्रारम्भ' का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को संस्थान, कॅरियर प्लानिंग एवं समग्र विकास की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है।

यह कार्यक्रम एआईसीटीई के दिशा निर्देशों के अनुरूप तैयार किया गया है। उद्घाटन समारोह में संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी, निदेशक डॉ. आशीष ठाकुर, इंडस्ट्री एक्सपर्ट एवं ड्रीम्स ग्लोबल एजुकेशन सर्विसेज की डायरेक्टर श्वेता केसवानी तथा ग्रुप एडवाइज़र पीएस राठौर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानचंदानी ने संत हिरदाराम साहिब जी के विज़न और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला।

## वीर सावरकर महाविद्यालय में मिट्टी के गणेश बनाने का दिया प्रशिक्षण



**औबेदुल्लागंज।** माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को मिट्टी के गणेश बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। वीर सावरकर महाविद्यालय में ग्राम-नगर विकास प्रस्फुटन समितियों एवं सीएमसीएलडीपी के प्रेरकों, नवांकुर संखियो को मिट्टी की मूर्तियां बनाने के लिए प्रेरित कर मूर्तियों के निर्माण का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण दिया गया। प्रसिद्ध मूर्तिकार लक्ष्मीनारायण प्रजापति ने प्रशिक्षण प्रदान किया। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जनपद निखिलेश कटारे, जिला समन्वयक कल्याण सिंह राजपूत, ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार इस दौरान मौजूद थे।



## बाबा गोविंददास उदासीन की बरसी पर हुए भजन-कीर्तन

**संतनगर।** सुखसागर उदासीन आश्रम बैरागढ़ में सतगुरु स्वामी बाबा गोविंददास उदासीन का बरसी महोत्सव, तीजड़ी पर्व, श्री कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव व 33वां महोत्सव आश्रम के गददीशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन के सानिध्य में मनाया गया। सात दिवसीय महोत्सव में प्रातः सांयकाल भजन कीर्तन का कार्यक्रम होता है। इस अवसर पर गददीशीन बाबा रामदास उदासीन द्वारा गुरु ग्रन्थ साहिब, भागवत कथा व गीता का धर्मप्रेमी बंधुओं को श्रवण करवाया। इस अवसर पर महंत बाबा रामदास उदासीन के अलावा गुरु माता राधा देवी, संतोष उदासीन, नानक उदासीन, बाबा गोविंद दास सेवा समिति के नारायण दास सभनानी, माधु चांदवानी, लालचंद जसवानी, श्याम कुमार गोपलानी आदि लोग मौजूद थे।

### विधायक पटवा ने भोजपुर विधानसभा में चलाया गो-माता की रक्षा के लिए जागरुकता अभियान

# औबेदुल्लागंज दशहरा मैदान पर बनाई अस्थाई गोशाला, दिलाया सुरक्षा का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने गुरुवार को औबेदुल्लागंज रेस्ट हाउस में देर रात तक एसडीम एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में गोमाता के एवं मूक प्राणी की सुरक्षा एवं उनकी रक्षा के लिए विचार-विमर्श किया। वहीं शुक्रवार सुबह विधायक सुरेंद्र पटवा और भाजपा के स्थानीय नेता एवं एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ, नगर पंचायत सीएमओ ने मिलकर गो माता की रक्षा के लिए अभियान चलाया। इसके तहत नयापुरा, सराकीया, खामखेड़ा, नानाखेड़ी, बिसनखेड़ा, औबेदुल्लागंज (पटेल चौराहा), तामोट, बीलखेड़ी, गौहरगंज, साजड़ी, ठीकरी, बिनेका, डामडोंघरी घाट खमरिया, सुल्तानपुर, घाट पिपलिया, दहगांव, बागसपुर सिहलारी, झिरपाई केमवाली आदि गांव में विधायक सुरेंद्र पटवा ने गो-संवर्धन का संकल्प

### खास बातें

- गो-पालकों से आग्रह किया वे अपनी गायों को खुला न छोड़ें
- सड़क हादसे में डेढ़ दर्जन से ज्यादा गायों की हो चुकी है मौत









औबेदुल्लागंज और भोजपुर क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर हो रही गोमाताओं की मौत को लेकर क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा ने सड़क सुरक्षा को मजबूत करने प्रशासन एवं समाज से सामुदायिक रूप से एकजुट होकर इस समस्या के समाधान के लिए औबेदुल्लागंज दशहरा मैदान पर अस्थाई गोशाला बनाई। इस अवसर पर जगह-जगह गो-सुरक्षा का संकल्प दिलाया। साथ ही आश्वासन दिया कि इस कार्य को गंभीरता से किया जाएगा। गो-माता की सुरक्षा को लेकर सारे उपाय किए जाएंगे। गोपालकों से भी आग्रह किया है कि वे अपनी गायों को खुला न छोड़ें। इस अवसर पर एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने गायों की सुरक्षा के लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं।

### 110 किमी वाहन रैली निकालकर किया गोरक्षा के लिए जागरुक

इस अवसर पर विधायक पटवा ने संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को गोमाता की सुरक्षा के लिए चिकलोद के पास एक विशाल गोशाला बनाने का प्रस्ताव दिया है, जो शीघ्र ही मंजूर होने की संभावना है। शुक्रवार को हजारों कार्यकर्ताओं के साथ 110 किलोमीटर की वाहन रैली निकालकर जगह-जगह शपथ दिलाई गई एवं गोरक्षा के लिए जागरुकता अभियान चलाया। इस अवसर वरिष्ठ कन्हैया नंदवंशी, ओपी मीणा, अशोक यादव, संजीव सिंह चौहान तमोट, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, रूपेश चौहान, वरिष्ठ नेत्री राधा कुशवाहा, नरेंद्र शर्मा, पंकज कोठारी, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, दीपू परमार, नरेश सेठी, पवन जोत, नंदू शर्मा, देवेंद्र सिंह राजू, सुरजीत सिंह बिल्ले, लोकेश परमार, बागीश अग्रवाल, दशरथ गुर्जर, माधव यादव, गजेंद्र नागर, रामकिशोर चौहान, जीतू नंदवंशी, भूपेंद्र नंदवंशी, रामपाल सिंह, बाबूलाल रामकिशोर चौहान, मनोज जैन, मनोज चौरसिया, सोनू चौकसे, कांता पटेल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# जनजातीय परिवारों को सशक्त करने बनेगा तीन लाख आदि कर्मयोगियों का समर्पित संवर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के जनजातीय परिवारों को सशक्त बनाने और प्रत्येक परिवार को योजनाओं का लाभ देने के लिए तीन लाख आदि कर्मयोगियों का समर्पित संवर्ग तैयार किया जा रहा है। इससे 41 जिलों के 11 हजार 294 जनजातीय बहुल गांवों में रह रहे परिवारों को लाभ होगा। इसका उद्देश्य जनजातीय कल्याण के लिए उत्तरदायी, पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देना है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि विकसित भारत के निर्माण में जनजातीय परिवारों की समान भागीदारी हो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आदि कर्मयोगी अभियान में शासकीय अधिकारी 'आदि कर्मयोगी' के रूप में, युवा नेता, शिक्षक, डॉक्टर, सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनजातीय कार्यों में रूचि रखने वाले प्रतिबद्ध लोग 'आदि सहयोगी' के रूप में और स्व-सहायता समूह, जनजातीय नेता, स्वयंसेवक, सांस्कृतिक कार्यकर्ता, गांव के निवासी आदि साथी के रूप में जुड़ सकते हैं। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आदि कर्मयोगी अभियान में मप्र में विशेषज्ञ संस्था भारत ग्रामीण आजीविका फाउंडेशन - बीआरएलएफ के जरिए आदि कर्मयोगियों को राज्य, जिला, विकासखंड और ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर तैयार किए जा रहे हैं।

## 41 जिलों के 11294 जनजातीय बहुल गांवों को मिलेगा लाभ



### 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ

प्रधानमंत्री मोदी ने 2 अक्टूबर 2024 को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ किया था। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से इस अभियान के तहत प्रधानमंत्री मोदी के मिशन अनुरूप आदि कर्मयोगी अभियान प्रारंभ किया गया है। आदि कर्मयोगी एक राष्ट्रीय मिशन है। इसमें जमीनी स्तर पर शासन-प्रशासन तंत्र तथा सेवाओं को जनजातीय परिवारों के हित में मजबूत बनाया जाएगा। इस अभियान से देश में 20 लाख जिला अधिकारियों एवं अन्य हितधारकों का एक कैडर विकसित हो रहा है। इसमें मप्र के तीन लाख आदि कर्मयोगी शामिल हैं।

### सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास बढ़ाने का कार्य करेगा

आदि कर्मयोगी अभियान में स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, वन, पंचायती राज विभाग और जल जीवन मिशन शामिल हैं। यह अभियान केन्द्र से लेकर विकासखंड स्तर तक जनजातीय विकास के संपूर्ण दृष्टिकोण को बढ़ावा देने और सार्वजनिक संस्थानों में विश्वास बढ़ाने का कार्य करेगा। आदि कर्मयोगी अभियान के प्रथम चरण में देश के 27 राज्यों के 326 जिलों को शामिल किया गया है। इसमें मप्र के 41 जिले शामिल हैं। अभियान अंतर्गत धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ग्राम स्तर पर अपेक्षित परिणामों में मुख्य रूप से महत्वपूर्ण सेवाओं जैसे आवास, सड़क, पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य में सौ प्रतिशत लक्ष्य हासिल करना है।

## ग्राम के विकास का विजन तैयार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन

आदि कर्मयोगी अभियान की प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य, जिला, विकासखंड और ग्राम स्तर पर उत्तरदायी समूह बनाए गए हैं। राज्य स्तर पर मुख्य सचिव जिला स्तर पर संबंधित कलेक्टर और विकासखंड स्तर पर एसडीएम उत्तरदायी समूहों की अध्यक्षता करेंगे। जनजातीय बहुल गांव अब नया परिवर्तन अनुभव करने के लिए तैयार हो रहे हैं। सड़क संपर्क, पक्के मकान, पेयजल, घरेलू बिजली, आयुष्यमान भारत, डिजिटल सेवा जैसी सेवाओं से जनजातीय परिवार अब वंचित नहीं रहेंगे। प्रदेश में आदि सेवा केन्द्र बनाने की भी तैयारी है, जहां शिकायत निवारण रजिस्टर, नोडल अधिकारियों के संपर्क नम्बर और ग्राम के विकास का विजन तैयार करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाएगा।

### चार दिवसीय दूसरा सत्र आज से भोपाल सहित 24 जिलों में

स्टेट प्रोसेस लैब प्रशिक्षण का चार दिवसीय दूसरा सत्र 23 अगस्त से भोपाल सहित 24 जिलों में शुरू हो रहा है। प्रथम चरण के 17 जिलों में एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम हुआ। राज्य स्तरीय प्रोसेस लैब प्रशिक्षण के प्रथम चरण में 11 से 14 अगस्त को भोपाल में दो स्थानों पर 17 जिलों के 136 डिस्ट्रिक्ट मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षति किया गया। डिस्ट्रिक्ट प्रोसेस लैब 20 से 22 अगस्त तक चली। इसमें केन्द्रीय जनजातीय कार्य राज्यमंत्री दुर्गादास उइके और मध्यप्रदेश के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने मार्गदर्शन दिया।

## खबर संक्षेप



### आयुक्त तकनीकी शिक्षा का अभिनंदन

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच के तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रतिनिधिमंडल ने तकनीकी शिक्षा विभाग के आयुक्त अवधेश शर्मा का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शासकीय सेवा के दौरान उत्कर्ष कार्य करने के लिए गोल्ड मेडल से सम्मानित करने पर अभिनंदन किया। प्रतिनिधिमंडल में अशोक पांडे, देवराज विश्वकर्मा, बसंत कटारे, अतुल मिश्र, गेंदा लाल लोधी, लालचंद आहूजा, रंजीत सेन, अनीता गुप्ता, पूजा बाथम आदि कर्मचारी शामिल थे। प्रदेशाध्यक्ष पांडे ने बताया कि शर्मा से दैवेभो कर्मचारियों को पांच माह की बकाया अंतरराशि का भुगतान करने व उच्च न्यायालय के आदेश के पालन की मांग की है। आयुक्त ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मंत्री और अधिकारियों से चर्चा कर मांगों का निराकरण किया जाएगा।

### खंडेलवाल, हितानंद ने खिलाड़ियों को दी बधाई

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कजाकिस्तान में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग शॉटगन चैंपियनशिप के जूनियर महिला वर्ग में शॉटगन स्किट शूटर मानसी रघुवंशी को स्वर्ण पदक एवं जूनियर पुरूष वर्ग में ज्योतिरादित्य सिंह सिसौदिया को कांस्य पदक चेन्नई में 64वीं नेशनल स्टेट सीनियर एथिलिट्स चैंपियनशिप में पुरूष वर्ग के 1500 मीटर प्रतियोगिता में अर्जुन वास्कले को कांस्य पदक, श्रीनगर में खेलो इंडिया वाटर स्पोर्टस फेस्टिवल में केनोइंग स्पर्धा महिला वर्ग में निहारिका सिंह एवं चन्द्रकला को स्वर्ण पदक, पुरूष केनोइंग के 1000 मीटर कृष्णा जाट को रजत पदक, महिला केनोइंग में सी 1-200 मीटर प्रतिस्पर्धा में मौसम यादव एवं मयंक को कांस्य पदक एवं अन्य विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### भारतीय मजदूर संघ की कार्यकारिणी का शुभारंभ

**भोपाल।** हम केवल ट्रेड यूनियन ना रहे, पारिवारिक संगठन भी बने। आने वाली नई टेक्नोलॉजी का सही उपयोग कर हर हाथों को काम दिलवाएंगे। यह उद्बोधन शुक्रवार को राज्य कृषि विस्तार एवं प्रशिक्षण संस्थान बरखेडी कला में भारतीय मजदूर संघ की अखिल भारतीय कार्यसमिति का शुभारंभ के अवसर पर अखिल भारतीय अध्यक्ष हिरान्मय पड्या ने दिया। उन्होंने कहा कि समय के साथ हम संभलकर भारत देश को विश्व गुरु बनाकर हमारा भी कर्त्यव्य निभाते हुए सही योगदान करे। पुराने कार्यकर्ताओं ने जो कीमत चुकाई है उसको याद रखते हुए संगठन को आगे बढ़ाना है। हिरान्मय पड्या ने कहा कि हम सब मिलकर हर स्तर पर सामूहिक निर्णय करें। संगठन के कार्य में 70 वर्ष भी एक पड़ाव है, रुकना नहीं है, थकना नहीं है, आगे बढ़ाना ही है। हर प्रकार की चुनौतियों का सामना करना है। भारतीय मजदूर संघ के मीडिया प्रभारी कमलेश नागपुरे ने बताया कि कार्यसमिति का शुभारंभ हिरान्मय पड्या, महामंत्री रविंद्र हिमते ने किया।

अमेजन प्राइम, जी-5, आईएचएसओएल, ट्रेजर ग्रुप, आईटीसी होटल्स, हिल्टन समूह इच्छुक

# पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव


### पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा

### रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार को पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में 5,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इनमें अमेज़न प्राइम, जी-5, आईएचएसओएल, ट्रेजर ग्रुप, आईटीसी होटल्स, हिल्टन समूह आदि के 300 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव शामिल हैं।

आकर्षक निवेश से निसंदेह मप्र में पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। इससे रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। जानकारी के अनुसार इमेजिका वर्ल्ड एंटरटेनमेंट लिमिटेड ने इंदौर में वाटर पार्क के लिए 200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। नीमराना समूह ने चंदेरी के राजा-रानी महल को विकसित करने के लिए 20 करोड़ के



निवेश का प्रस्ताव दिया है। इवॉल्व बैक रिसॉर्ट्स ने पन्ना टाइगर नेशनल पार्क के पास नए वेलनेस रिसोर्ट के लिए 150 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इंडिगो ने ग्वालियर किले में पर्यटन सुविधाओं में विस्तार का प्रस्ताव दिया। जीआईएस-भोपाल में चंबल में 'बागी म्यूज़ियम' बनाने का सुझाव भी आया। बताया गया कि यह इंग्लैंड के रॉबिन हुड म्यूज़ियम की तरह विकसित किया जा सकता है। यहां चंबल-बैंडिट्स के हथियारों को प्रदर्शित किया जाए, जिससे यह एक अनूठा पर्यटन आकर्षण बने।

### भाषाओं और सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक पहचान

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया है कि मध्यप्रदेश की नई फिल्म एवं पर्यटन नीति-2025 राज्य को एक प्रमुख पर्यटन एवं फिल्म-निर्माण हब के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी। इससे प्रदेश में आर्थिक निवेश, रोजगार, पर्यटन और फिल्म निर्माण को एक नई दिशा मिलेगी। यह नीति राज्य के स्थानीय कलाकारों, भाषाओं और सांस्कृतिक धरोहरों को भी वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाएगी। एमआरएस ग्रुप ने महेंद्र भवन पन्ना, क्योटी किला रीवा, एवं सिंहपुर महल, चंदेरी में लग्जरी बुटीक के लिये 200 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। ओबेरॉय होटेल समूह ने राजगढ़ पैलेस, खजुराहो में 450 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। हिल्टन समूह जबलपुर एवं भोपाल में 254 कमरों की 2 इकाइयों की स्थापना के लिए 200 करोड़ के निवेश प्रस्ताव दिया है।

### जीआईएस-भोपाल से बढ़ेगा होटल पर्यटन उद्योग

*जहांनुमा ग्रुप ऑफ होटल्स ने मांडू में नए प्रीमियम होटल की स्थापना के लिए 18 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव दिया है। ट्रेजर ग्रुप ने खंडवा में नजरपुरा आईलैण्ड में लग्जरी रिसॉर्ट, दतला पहाड़ खजुराहो के समीप मिनी गोल्फ कोर्ट एवं रिसोर्ट और सांची के पास गोल्फ कोर्ट एवं लग्जरी रिसॉर्ट 600 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव दिए हैं। आईएचसीएल ने विभिन्न नेशनल पार्क, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, एवं पेंच में 5 नई इकाइयों की स्थापना के लिए 1960 करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। आईटीसी होटल प्राइवेट लिमिटेड ने लुनेरा कासेल, धार और भोपाल में आईटीसी हेरिटेज होटल के विकास के लिए 250 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है।*

### जीआईएस-भोपाल से बढ़ेगा क्रूज पर्यटन

अयोध्या क्रूज़ लाइन्स ने 70 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव मप्र में क्रूज पर्यटन परियोजनाओं के लिए दिया है। नॉलेज माइनिंग एंड इंजीनरिंग वर्क्स लिमिटेड ने भी क्रूज पर्यटन परियोजनाओं के साथ ही हाउस बोट और वाटर-स्पोर्ट्स के लिए 100 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। अल्केमी क्रूज़ लाइंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से नर्मदा नदी पर धार जिले के कुक्षी (मप्र) से गुजरात स्थित स्टेचू-ऑफ-यूनिटी तक क्रूज संचालन की योजना बना रही है।

पीआईबी भोपाल ने किया वार्तालाप मीडिया वर्कशॉप का आयोजन

# एआईजी सारिका ने कहा: सतर्कता रखने से साइबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

किसी भी व्यक्ति के साइबर अपराध का शिकार बनने के पीछे मुख्य रूप से डर, लालच या आलस्य में से ही कोई एक वजह होती है। थोड़ी-सी जागरुकता और सतर्कता रखने से साइबर धोखाधड़ी से बचा जा सकता है। शुक्रवार को राजधानी के एक होटल में साइबर सुरक्षा विषय पर आधारित मीडिया वर्कशॉप वार्तालाप के दौरान विशेषज्ञों ने इस विषय पर अपना व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ स्टेट साइबर पुलिस मुख्यालय की एआईजी सारिका शुक्ला ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बदलते डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा एक गंभीर चुनौती है और समाज के हर वर्ग को इसके लिए जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने साइबर सुरक्षा पर केंद्रित वार्तालाप को पीआईबी भोपाल की सराहनीय पहल बताया और कहा कि पत्रकारों के माध्यम से यह संदेश आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा। साथ ही कहा कि स्टेट साइबर पुलिस के सहयोग आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य मीडिया प्रतिनिधियों को साइबर सुरक्षा से जुड़े खतरों एवं सावधानियों से अवगत कराना तथा समाज में व्यापक जन-जागरुकता बढ़ाना है।

### साइबर ठगी की राशि का आंतकी गतिविधियों में उपयोग: पाठराबे

इस अवसर पर पीआईबी भोपाल के अपर महानिदेशक प्रशांत पाठराबे ने कहा कि डिजिटल लेन-देन बढ़ने के साथ ही ऑनलाइन फ्रॉड भी चिंताजनक स्तर तक बढ़े हैं। वर्ष 2022 से 2024 के दौरान भोपाल के नागरिकों को लगभग 104 करोड़ रुपए का नुकसान ऑनलाइन ठगी के माध्यम से हुआ, जिसमें से केवल 2 प्रतिशत राशि ही रिकवर हो पाई। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से प्राप्त धनराशि का उपयोग आतंकी गतिविधियों में भी होता है। इसलिए इस विषय पर लोगों की जागरुकता बढ़ाना बहुत जरूरी है। पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने कहा कि दैनिक जीवन में अधिकांश लोग किसी न किसी रूप में साइबर अपराध से प्रभावित होते हैं। चूंकि मीडिया की आसान पहुंच उन तक होती है इसलिए मीडिया प्रतिनिधियों के बीच वर्कशॉप आयोजित करना अधिक प्रभावी और उपयोगी है।

### डर, आलस्य और लालच साइबर अपराध के मुख्य कारण: अनुज

साइबर कमांडो अनुज समाधिया ने डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर स्लेवरी विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि डर, आलस्य और लालच साइबर अपराध के मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के भ्रामक संदेश पर प्रतिक्रिया करने से पहले ठहर कर उसकी वास्तविकता पर विचार करना आवश्यक है। साइबर सुरक्षा प्रशिक्षक अतुल श्रीवास्तव ने सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं एवं उनसे बचाव पर मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन पीआईबी भोपाल के सहायक निदेशक अजय उपाध्याय ने किया तथा आभार प्रदर्शन सीबीसी भोपाल के उप निदेशक शारिक नूर ने किया।

डीजी डिस्क पाने वालों में एआईजी सारिका शुक्ला और विनीता

# एमपी के 80 पुलिस अफसर और कर्मचारियों को डीजी डिस्क अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने वर्ष 2024 के एमपी पुलिस के 80 पुलिस अफसर और कर्मचारियों के उत्कृष्ठ कार्यो को देखते हुए डीजी कमेंडेशन रोल एवं डिस्क प्रदान किया है।

डीजी डिस्क पाने वालों में पुलिस मुख्यालय और उनसे जुड़ी शाखाओं केआरक्षक से लेकर एआईजी तक शामिल है। प्रदेश के विभिन्न थानों में पदस्थ पुलिसकर्मियों को भी डीजी डिस्क की सूची में शामिल किया गया है। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सूची के अनुसार डीजी डिस्क पाने वालों में सहायक पुलिस महानिरीक्षक विनीता मालवीय, सहायक पुलिस महानिरीक्षक आभा तिर्की विशेष शाखा भोपाल, सहायक पुलिस महानिरीक्षक सारिका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक मउगंज विक्रम सिंह, शीला सुराणा एसडीओपी औबेदुल्लागंज, अदिति बी सक्सेना एसडीओपी बाड़ी जिला रायसेन, नवीन दुबे एसडीओपी लवकुशनगर, दिलीप सिंह परिहार कार्यवाहक डीएसपी यातायात उज्जैन, अविनाश कुमार शर्मा कार्यवाहक डीएसपी सुरक्षा मंत्रालय, जय सिंह तोमर रक्षित निरीक्षक नगरीय पुलिस भोपाल, कपिल गुप्ता निरीक्षक बरेली रायसेन, विजय कुमार त्रिपाठी निरीक्षक सतलापुर रायसेन, परसराम डाबर निरीक्षक लवकुश नगर, दीपेन्द्र यादव निरीक्षक थाना प्रभारी कोतवाली, राजेश सातनकर कार्यवाहक निरीक्षक चोपना बैतूल, रामकृष्ण दुबे उपनिरीक्षक विशेष शाखा ग्वालियर, रमन शर्मा उपनिरीक्षक साइबर क्राइम, धर्मेन्द्र अहिरवार उपनिरीक्षक वंशिया जिला छतरपुर, मनोज गोयल उपनिरीक्षक विशेष शाखा छतरपुर, अभिषेक जादौन उपनिरीक्षक साइबर सेल प्रभारी मुरैना, कपिल पाराशर उपनिरीक्षक कोतवाली, लक्ष्मण गौर उपनिरीक्षक ग्वालियर, अमित पवार उपनिरीक्षक आमला बैतूल, सचिन यादव उपनिरीक्षक साइबर पुलिस भोपाल, दिनेश सिंह नागर रीडर रतलाम, संतोष कुमार द्विवेदी कार्यवाहक उपनिरीक्षक जिला विशेष शाखा, राधेलाल पन्द्रे कार्यवाहक उपनिरीक्षक पुलिस उपायुक्त आसूचना भोपाल, पवन शर्मा पुलिस लाइन उज्जैन, सुरेन्द्र सिंह सहायक उप निरीक्षक साइबर सेल रायसेन, सुखनंदन नर्रे एएसआई कोतवाली नर्मदापुरम सहित 80 पुलिस अफसर कर्मचारी शामिल है।

# अल्पसंख्यकों की संस्थाओं पर हमला बंद हो: नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कहा है कि प्रदेश में अल्पसंख्यक समुदाय की संस्थाओं को झूठे आरोपों और मनगढ़ंत मुकदमों के सहारे निशाना बनाया



जा रहा है। यह भाजपा सरकार की सोची-समझी राजनीतिक साजिश है, जिसका उद्देश्य समाज को बांटना और लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन करना है। उन्होंने पीसीसी में प्रेस कांफ्रेस में विधायक आरिफ मसूद महाविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी, तब मैंने स्वयं नियमों को शिथिल करते हुए आरिफ मसूद को महाविद्यालय खोलने की अनुमति दी थी। उस समय अनेक महाविद्यालयों को भी भवन, जमीन या एफडी न होने के बावजूद मान्यता प्रदान की गई थी ताकि शिक्षा का प्रसार हो सके और गरीब बच्चों को अवसर मिल सके। मसूद के विश्वविद्यालय में 300 से अधिक गरीब छात्र निशुल्क शिक्षा प्राप्त कर रहे थे। लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही दस्तावेज गायब कर दिए और झूठे आरोप लगाकर संस्था को बंद कर दिया। यह दुर्भाग्य है कि सिर्फ अल्पसंख्यक होने के कारण उन्हें निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब मसूद को जनता की अदालत में नहीं हरा सके, तब भाजपा ने हथकंडे अपनाना शुरू कर दिए।

विधायक शर्मा ने की सिंघार के बयान की आलोचना

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ताकत समझना है तो नेहरू, इंदिरा से पूछो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता व हुजूर विधानसभा से विधायक रामेश्वर शर्मा ने नेता प्रतिपक्ष उमंग



सिंघार के हालिया बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सिंघार ने नेता प्रतिपक्ष जैसे संवैधानिक पद की मर्यादा को भूलते हुए जिस प्रकार की भाषा और सोच का परिचय दिया है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है। भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक शर्मा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष का पद जनता की ओर से सौंपा गया एक गंभीर और जिम्मेदार दायित्व होता है, लेकिन उमंग सिंघार ने इसे मजाक बनाकर रख दिया है। उनका बयान दर्शाता है कि वे न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना कर रहे हैं, बल्कि भाषा की गरिमा भी भूल चुके हैं।

### कुत्ते को ज्ञापन देकर बाबा साहेब के संविधान का अपमान किया

*विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संविधान को सर्वोपरि मानते हुए राष्ट्रसेवा के कार्य में निरंतर संलग्न है। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की ओर से रचित संविधान ही संघ की प्रेरणा है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि पं. जवाहरलाल नेहरू और लाल बहादुर शास्त्री जैसे पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के देशभक्ति और अनुशासन से प्रभावित होकर उसे गणतंत्र दिवस की परेड में आमंत्रित कर चुके हैं। सिंघार के छिंदवाड़ा के कलेक्टर को अमर्यादित शब्दों से संबोधित किए जाने को उनके मानसिक दिवालियापन और राजनीतिक हताशा का प्रमाण बताया।*

भौगोलिक स्थिति और अनुकूल औद्योगिक वातावरण के कारण सर्वोत्तम स्थान

### डिफेंस इंडस्ट्री इंटरैक्शन प्रोग्राम में उद्योगों और नीति-निर्माताओं ने साझा किए विजन

# मेक इन इंडिया के तहत रक्षा एवं एयरोस्पेस क्षेत्र में मध्य प्रदेश अग्रणी बनने को तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र रक्षा और एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने के लिए नई पहचान बना रहा है। अनुकूल औद्योगिक माहौल, मजबूत बुनियादी ढांचा और अग्रणी नीतियों के बल पर राज्य रक्षा उत्पादन और तकनीकी नवाचार का नया केंद्र बनता जा रहा है। इसी उद्देश्य से रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने और नए अवसरों पर चर्चा के लिए रक्षा इंडस्ट्री इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार के रक्षा उत्पादन विभाग की संयुक्त सचिव डॉ. गरिमा भगत ने कहा कि मप्र में रक्षा और एयरोस्पेस निर्माण का हब बनने की अपार संभावनाएं हैं।

हमारा प्रयास है कि एमएसएमई और स्टार्टअप को मजबूत सहयोग देकर उन्हें राष्ट्रीय रक्षा आपूर्ति श्रृंखला में महत्वपूर्ण भागीदार बनाया जाए। उद्योग, अकादमिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के बीच निरंतर सहयोग ही इस क्षेत्र में नवाचार को गति देगा और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाएगा।



### देश का सबसे स्वाभाविक और सर्वोत्तम स्थान

औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन प्रमुख सचिव राघवेंद्र सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक स्थिति और अनुकूल औद्योगिक वातावरण के कारण रक्षा निर्माण में निवेश के लिए देश का सबसे स्वाभाविक और सर्वोत्तम स्थान है। राज्य में ऑटो क्लस्टर, ड्रोन टेक्नोलॉजी, तकनीकी वस्त्र और इलेक्ट्रॉनिक्स सैक्टर रक्षा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने के लिए तेजी से विकसित हो रहे हैं।

### पीएसयू और बड़े प्राइवेट सेक्टर से सीधे जोड़ते हैं

संयुक्त सचिव डॉ. गरिमा भगत ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एमएसएमई को रक्षा पीएसयू और बड़े प्राइवेट सेक्टर से सीधे जोड़ते हैं जिससे टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, जॉइंट वेंचर और महत्वपूर्ण प्रणालियों के सह-विकास के अवसर बढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि एसआरआईजन पोर्टल पर अब तक 39 हजार से अधिक प्रोडक्ट स्वदेशीकरण के लिए सूचीबद्ध हैं, जो निवेशकों और स्टार्टअप के लिए बड़े अवसर पैदा करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जबलपुर के रक्षा उद्योग के मजबूत ईकोसिस्टम और वेंडर बेस पर विशेष चर्चा हुई।

### नवाचार का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा मप्र

*मप्र अपनी प्रगतिशील नीतियों, सुदृढ़ औद्योगिक ढांचे और भारत सरकार के साथ मजबूत साझेदारी के माध्यम से रक्षा उत्पादन और नवाचार का अग्रणी केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आयुक्त एमएसएमई प्रीति मैथिल ने भी एमएसएमई में डिफेंस सैक्टर के संबंध में जानकारी साझा की। कार्यक्रम में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें रक्षा पीएसयू, निजी क्षेत्र की अग्रणी कंपनियां, एमएसएमई, स्टार्टअप, शिक्षाविद और शोध संस्थान शामिल थे।*

# डीआरआई के साथ मेफैड्रोन फैक्ट्री में अंडरवर्ल्ड कनेक्शन की एनआईए भी करेगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

डीआरआई के छापे में भोपाल के जगदीशपुर स्थित मेफेड्रोन फैक्ट्री का अंडरवर्ल्ड से कनेक्शन मिलने के बाद एनआईए ने भी इस मामले की जांच की तैयारी कर ली है।

इस फैक्ट्री को लगाने में अंडरवर्ल्ड ड्रग तस्कर सलीम डोला का नाम सामने आने के बाद नेशनल जांच एजेसी सक्रिय है। डोला को मुंबई के भगोड़े डॉन दाउद इब्राहिम का नजदीकी माना जाता है और उसके अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स स्मगलिंग गिरोह से भी संबंध होने की बात कही जा रही है। इस मामले के अंडरवर्ल्ड और विदेश से जुड़ा होने के कारण एनआईए भी इस केस की जांच करेगी। यह भी पता चला है कि भोपाल के बगरौदा इंडस्ट्रियल एरिया से दस माह पहले पकड़ी गई फैक्ट्री का भी लिंक भी सलीम डोला से ही था। बगरौदा स्थित फैक्ट्री से जो केमिकल जब्त हुए हैं, ठीक वैसे ही केमिकल जगदीशपुर में भी मिले हैं। सलीम उर्फ डोला ने गुजरात के अंकलेश्वर की फार्मा कंपनी में काम कर रहे अशोकनगर निवासी फैसल कुरैशी को इस काम के लिए चुना। इसके बाद सलीम के गुर्गों ने उसे गुजरात में ही कुछ दिन मेफेड्रोन बनाने की ट्रेनिंग दी। इसके बाद फैसल एमपी आया और गंजबासौदा निवासी रज्जाक खान से मिला। रज्जाक डिप्लोमा होल्डर है और कंपनी में नौकरी करता था।

## खबर संक्षेप

### एएसीसीसी ऑल इंडिया कोटा आयुष काउंसलिंग शुरू

**भोपाल।** मध्य प्रदेश समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा, होम्योपैथी, यूनानी-आयुष मेडिकल कॉलेजों में यूजी स्तर पर सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु एएसीसीसी ऑल इंडिया कोटा की 15 प्रतिशत सीटों पर सेंट्रल काउंसलिंग का प्रथम चरण 22 अगस्त से शुरू हो गया है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ राकेश पाण्डेय ने कहा कि फर्स्ट राउंड यूजी काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन व पेमेंट 22 अगस्त से एक सितंबर तक, च्वाइश फिलिंग एण्ड लॉकिंग 26 अगस्त से एक सितंबर, प्रोसेस ऑफ सीट अलॉटमेंट दो से तीन सितंबर तक, रिजल्ट पब्लिकेशन चार सितंबर तथा अलॉटेट कॉलेज में रिपोर्टिंग पांच सितंबर से 12 सितंबर तक होगा। डेटा का सत्यापन एएसीसीसी, एनसीआईएसएम, एनसीएच द्वारा 13 व 14 सितंबर तक होगा।

### भोपाल का नाम भोजपाल करने आज करेंगे प्रदर्शन

**भोपाल।** भोजपाल मित्र परिषद की ओर से 23 अगस्त को भोपाल शहर के नाम को 'भोपाल' से बदलकर 'भोजपाल' करने की मांग को लेकर विशाल प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन शहर के 14 प्रमुख स्थानों पर होगा। परिषद के अध्यक्ष आशीष पाण्डे और कार्यक्रम समन्वयक हरिओम जटिया ने बताया कि इस प्रदर्शन के माध्यम से हम शहर की मूल पहचान और गौरव को वापस लाने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा उम्मीद है कि सरकार इस मांग पर विचार करेगी और शहर के नाम को 'भोजपाल' करने की प्रक्रिया शुरू करेगी। यह धरना प्रदर्शन सुबह 10 बजे बैरागढ़ चंचल चौराहा से शुरू होगा। इसके बाद लालघाटी चौराहा स्थित राजा भोज प्रतिमा, कर्फ्यू वाली माता मंदिर, पॉलिटेक्निक चौराहा, रोशनपुरा चौराहा, माता मन्दिर चौराहा, कोलार चौराहा (काली मन्दिर), मनीषा मार्केट शाहपुरा, वन्दे मातरम चौराहा, बिट्ठन मार्केट, बोर्ड ऑफिस चौराहा, महात्मा गांधी चौराहा (भेल) प्रभात चौराहा पर होगा।

### नूतन कॉलेज में पुस्तक परिचर्चा का आयोजन

**भोपाल।** सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ ने एक पुस्तक परिचर्चा का आयोजन किया। परिचर्चा डॉ. मथुरा प्रसाद, अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रस्तुत की गई। पुस्तक का शीर्षक '' संघर्ष महामानव का'' जिसके लेखक रमेश पतंगे हैं। जिन्होंने अंबेडकर के जीवन की महत्वपूर्ण घटनाएं और उनके संघर्ष एवं आरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रज्ञा प्रवाह के विशिष्ट वक्ता के रूप में विनय दीक्षित एवं धीरेंद्र चतुर्वेदी रिटायर्ड अपर संचालक, स्कूल शिक्षा विभाग, ने भारतीय ज्ञान परंपरा पर महत्वपूर्ण विचारों से छात्राओं को अवगत कराया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन डॉ. दीप्ति श्रीवास्तव द्वारा किया गया, महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. अर्चना गौड की अध्यक्षता में कार्यक्रम का संचालन डॉ. अशोक नेमा द्वारा किया गया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. संजना शर्मा ने आभार को प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता की।

---

शिकारियों का शिकार कब? नर्मदापुरम में तवा नदी के किनारे मिला बाघ का शव

बाघ के शव को नदी से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा

# बाघ का पंजा काटकर ले गए शिकारी 10 दिन में यह 'दूसरे' बाघ का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में तवा नदी के किनारे एक बाघ का शिकार किया गया। शिकारी टाइगर का पंजा काटकर ले गए। शुक्रवार सुबह वन विकास निगम की जमीन से लगी तवा नदी के बैक वाटर में एसटीआर (सतपुड़ा टाइगर रिजर्व) की गश्ती टीम को शव मिला। मौके पर पहुंची फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने बताया कि बाघ के एक पैर का पंजा गायब है। बाकी तीन पंजे सुरक्षित मिले हैं। शव को नदी से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। जिले में 10 दिन में दूसरे बाघ की मौत है। डिप्टी डायरेक्टर ऋषभा नेताम ने बताया कि तवा नदी के बैक वाटर में बाघ मृत अवस्था में मोटर बोट गश्ती टीम को दिखा। जिस जगह शव मिला वो वन विकास निगम का क्षेत्र है। वहां से बढ़ चापड़ा गांव नजदीक है। बाघ नदी में कहीं



से बहकर आया है या शिकारियों ने उसी जगह फेंका इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। डॉग स्क्वॉड भी मौके पर पहुंचा है। केस दर्ज कर लिया है। गौर हो कि 12 अगस्त को मढ़ई के कोर क्षेत्र में लगदा कैंप के पास भी एक टाइगर पानी में मृत पाया गया था। उस समय अधिकारियों ने इसकी वजह आपसी संघर्ष बताई थी। हालांकि, शुक्रवार को शव जिस क्षेत्र में मिला वह वन विकास निगम के क्षेत्र में आता है, जहां कोर और बफर क्षेत्र से दूरी होने के कारण आपसी संघर्ष की संभावना कम मानी जा रही है।

### 6 बाघ व तेंदुए की मौत पर पीसीसीएफ हॉफ ने जताई नाराजगी, सख्त एक्शन लेने को कहा

**भोपाल।** मप्र में 20-25 दिनों में ही 6 टाइगर व तेंदुओं की मौत के बाद पीसीसीएफ हॉफ बीएन अंबाड़े ने वाइल्ड लाइफ के सभी अधिकारियों को पत्र लिखकर वन्य जीवों की हत्या पर कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि वन जीवों के संरक्षण के लिए लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है। इसके बाद भी टाइगर रिजव में 5-6 बाघ व तेंदुए की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि यह लापरवाही सहनीय नहीं है, भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। इस पर सख्त एक्शन लें। पीसीसीएफ हॉफ ने दो दिन पहले लिखे अपने पत्र में घटना का सिलसिलेवार ब्यौरा देते हुए जवाब-तलब किया है। उन्होंने कहा कि हर तरह से निगरानी की जाती है, इसके बाद भी क्षेत्र संचालकों को जानकारी नहीं होना उचित नहीं है। बालाघाट में जिस तरह से गंभीर लापरवाही बरती गई, यह अत्यंत ही अशोभनीय एवं खेद कर विषय है।

---

# गायत्री परिवार ज्योति कलश रथ यात्रा ने किया लोगों को जागरूक



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार के ज्योति कलश रथ यात्रा कार्यक्रमों में शुक्रवार को रथ का भ्रमण भोपाल के रायसेन रोड स्थित बिजली नगर कार्यालय में संपन्न हुआ। इस रथ यात्रा को शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा संस्था की गुरु माता वंदनीया भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी के अवसर पर एवं अखंड दीप के प्रकट के वर्ष की 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरे देश में चलाया जा रहा है। संस्था के स्थानीय मीडिया प्रभारी रमेश नागर ने बताया कि आगामी वर्ष में होने वाले इस विशाल कार्यक्रम में लोगों को साधना से जोड़ते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए अपने कर्तव्यों का बोध कराना है। रथ यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ पूरे बिजली नगर में रथ के भ्रमण के साथ हुआ जिसमें कई स्थानों पर श्रद्धालु लोगों ने रथ में रखे कलश एवं दीपक का पूजन किया।

---

परिजनों का आरोप, तीन दिन लगातार बुलाया, लेकिन इलाज नहीं मिला

गॉल ब्लैडर में अंतिम स्टेज का कैंसर था

# एम्स में लापरवाही: इलाज के इंतजार में मरीज की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के एम्स अस्पताल में इलाज के इंतजार में ही बुजुर्ग मरीज की मौत हो गई। मरीज के परिजनों का आरोप है कि एम्स के डॉक्टर उन्हें तीन दिन तक बुलाते रहे लेकिन इलाज नहीं किया। इस दौरान मरीज की मौत हो गई। मामले में एम्स प्रबंधन ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। जानकारी के मुताबिक शहडोल जिले के रहने वाले 62 वर्षीय रामधनी प्रजापति की गुरुवार को ओपीडी में मौत हो गई। उन्हें गॉल ब्लैडर में अंतिम स्टेज का कैंसर था। परिजनों का आरोप है कि उन्हें लगातार तीन से डॉक्टर बुला रहे थे? लेकिन इलाज नहीं मिल पाया। परिवार ने इसकी लिखित में अधीक्षक कार्यालय सहित अन्य फोरम में दर्ज कराई है।

परिवार ने लिखित में अधीक्षक कार्यालय में दर्ज कराई शिकायत



### मरीज का इलाज कराने एम्स लाए थे

मृतक के परिजन राहुल साहू ने बताया कि वे लोग 20 अगस्त को मरीज को दिखाने एम्स लाए थे। यहां डॉ. विनय कुमार को दिखाना था, लेकिन उस दिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। इसके बाद 21 अगस्त को हालत बिगड़ने पर मरीज को इमरजेंसी में ले जाया गया, लेकिन वहां कागजी औपचारिकताओं में बहुत समय निकल गया। राहुल ने बताया कि यहां मौजूद डॉक्टर डॉ. अंकित ने मरीज को भर्ती करने की जगह विभाग में जाने को कह दिया। बहुत देर तक इलाज नहीं मिला तो परिजन मरीज को लेकर वापस घर आ गए और शुक्रवार 22 अगस्त को फिर से ओपीडी में बुलाया गया। इसी दौरान रामधनी बेहोश होकर गिर पड़े। कुछ ही देर में उनकी मौत हो गई।

### दस्तावेज बनाने से मना कर रहे

मृतक के परिजन प्रदीप प्रजापति ने बताया-हम 3 दिन से मरीज को लेकर अस्पताल के चक्कर काट रहे थे। डॉक्टर बार-बार बुलाते रहे, लेकिन जांच नहीं की। आरोप है कि डॉक्टर मौत के दस्तावेज बनाने से मना कर रहे हैं। मामले में जानकारी के लिए अस्पताल के अधीक्षक डॉ. शशांक पुरवार और पीआरओ डॉ. बतीता रघुवंशी को कॉल कर पूरा मामला व्हाटसअप पर भी दिया। हालांकि दोनों अधिकरियों ने इस मामले में कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

### सरकारी डॉक्टर चला रहे थे बचपन एंड निरोग्य क्लीनिक

- सीएमएचओ ने बैरसिया के बचपन एंड निरोग्य क्लीनिक का लाइसेंस किया रद्द



बैरसिया में संचालित बचपन एंड निरोग्य क्लीनिक पर बड़ी कार्रवाई की गई है। सीएमएचओ डॉ मनीष शर्मा ने क्लीनिक का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। अब यहां कोई भी चिकित्सकीय गतिविधि नहीं हो सकेगी। इस दौरान सिविल अस्पताल बैरसिया में पदस्थ शिशु रोग विशेषज्ञ डा. पुष्पेंद्र चौकीकर को यहां प्रैक्टिस करते हुए पाया गया। सरकारी सेवा में रहते हुए निजी संस्थान में इलाज करना मना है।

इस मामले में क्लीनिक संचालक और डा. चौकीकर दोनों को नोटिस जारी किया गया था। लेकिन जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर सीएमएचओ ने क्लीनिक का पंजीयन और लाइसेंस नर्सिंग होम एवं क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट एक्ट के प्रावधानों के तहत रद्द कर दिया गया।

#### डॉ. चौकीकर पर होगी कार्रवाई

अब यह क्लीनिक पूरी तरह बंद रहेगा। डॉ. चौकीकर के खिलाफ विभागीय अनुशासनात्मक कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस तरह की कार्रवाइयां भविष्य में भी जारी रहेंगी। यदि कहीं भी सरकारी डॉक्टर निजी संस्थान में प्रैक्टिस करते पाए गए, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. मनीष शर्मा, सीएमएचओ**

---

# आज शिव योग में मनेगी शनि अमावस्या मंदिरों में तेल और दीप दान करेंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाद्रपद कृष्ण पक्ष शनिश्चरी अमावस्या शनिवार (23 अगस्त) को मनाई जायेगी। यह दिन शनिदेव के प्रकोप से राहत पाने के लिए बेहद खास है। शनि मंदिरों में सुबह से रात्रि तक पूजा-पाठ, हवन, आरती भक्तों द्वारा की जाएगी। मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरू पं. रामजीवन दुबे के अनुसार शनि अमावस्या शनिवार को शिव योग के संयोग में मनाई जाएगी। अमावस्या तिथि की शुरूआत 22 अगस्त शुक्रवार को सुबह 11.55 बजे हो गई है, लेकिन उदया तिथि होने के कारण अमावस्या 23 अगस्त को किए को मनाई जाएगी। इस मौके पर राजधानी के शनि मंदिरो में भक्तों की भारी भीड़ रहेगी। बोर्ड आफिस चौराहा, माता मंदिर, कमला पार्क, 45 बंगला, नेहरू नगर, इंद्रपुरी, सहित अन्य मंदिरो में भगवान शनि का तिल व तेल चढ़ाया जाएगा।




### शनि देव को प्रसन्न करने के उपाय

शनिश्चरी अमावस्या के दिन शनि देव को सरसों का तेल चढ़ाएं. साथ ही काली तिल, काली उड़द, काले कपड़े का दान करें।

### पितृ होंगे प्रसन्न

पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि शनि अमावस्या के दिन सुबह स्नान करने के बाद पितरों की तस्वीर के सामने दीपक जलाएं और उन्हें भोग अर्पित करें। जीवन में सुख-शांति की प्राप्ति के लिए कामना करें। ऐसा माना जाता है कि इस उपाय को करने से पितृ प्रसन्न होते हैं और उनकी कृपा प्राप्त परिवार के सदस्यों को प्राप्त होती है।

### इन मंदिरों में होगा विशेष आयोजन व पूजन

राजधानी के मर्धटिया मंदिर शाहजहांनाबाद, नेहरू नगर स्थित प्राचीन नवग्रह शनि मंदिर, टीटी नगर स्थित श्री शिरडी शनि शिंग्नापुर धाम,बरखेड़ी स्थित प्राचीन शनि मंदिर में सुबह से भगवान शनि का अभिषेक किया जाएगा। कमला पार्क स्थित शनि मंदिर, माता मंदिर, 1100 क्वार्टर स्थित हनुमान मंदिर, आनंद नगर स्थित दादा जी धाम मंदिर, विजय मार्केट स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर, बोर्ड आफिस चौराहे में स्थित भगवान शनि की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। शनिश्चरी अमावस्या पर शहर के शनि मंदिरों में बड़े स्तर पर धार्मिक अनुष्ठान, हवन पूजन के साथ भंडारों का आयोजन किया जाएगा।

---

आधार कार्ड के बिना नहीं मिलेगी भोजपाल गरबा महोत्सव में एंट्री

# भोजपाल सनातनी गरबा महोत्सव: कल से गुजरात के विशेषज्ञों से प्रतिभागियों को मिलेगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शारदीय नवरात्रि के मौके पर भोपाल में इस बार फिर भोजपाल सनातनी गरबा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। भेल के जम्बूरी मैदान पर आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव में परंपरा और आधुनिकता की झलक दिखाई देगी। गरबा महोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। 24 अगस्त से गुजरात के विशेषज्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। भोजपाल गरबा महोत्सव के अध्यक्ष सुनील यादव ने बताया कि बीते साल हुए सांस्कृतिक गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। शहरवासियों की मांग पर इस बार सात दिनों तक आयोजन किया जाएगा। प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण के लिए तैयारियां और अपना स्थान बुक कराना शुरू कर दिया है। गुजरात के विशेषज्ञ ट्रेनरों द्वारा प्रतिभागियों को गुजराती भवन आनंद विहार स्कूल के सामने, 74 बंगला टीटी नगर और श्री कृष्ण मंदिर विजय मार्केट बरखेड़ा भेल में अलग-अलग बैचों में प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

जम्बूरी मैदान पर सात दिनों तक होगी आराधना



### 23 से 29 तक चलेगा महोत्सव

#### सात दिनों तक होगी आराधना

माता रानी की आराधना के लिए सात दिनों तक गरबा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। 23 से 29 सितम्बर तक आयोजित होने वाले गरबा महोत्सव के लिए 24 अगस्त से प्रशिक्षण शुरू हो जाएगा। शहर में कई जगहों पर ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिलाने के लिए गुजरात से विशेष प्रशिक्षित टीम को बुलाया गया है। गरबा महोत्सव में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को सोने- चांदी के जेवरात सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे।

#### पहचान पत्र से दी जाएगी एंट्री

भोजपाल गरबा महोत्सव में पहचान पत्र दिखाने पर एंट्री दी जाएगी। यह गरबा महोत्सव हिन्दू संस्कृति और संस्कारों से ओत प्रोत रहेगा। ऐसे में गरबे में सनातनी हिन्दू परिवार और बहू बेटियों को ही एंटी दी जाएगी।

---

### अपेक्स बैंक ने वित्तीय 2024-25 में 139.04 करोड़ का शुद्ध लाभ

**भोपाल।** अपेक्स बैंक की 61 वीं वार्षिक साधारण सभा अपेक्स बैंक में समन्वय भवन के सभागार में म.प्र.शासन के प्रमुख सचिव, सहकारिता एवं अपेक्स बैंक के प्रशासक डी.पी.आहूजा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता ने बैठक में प्रशासक महोदय के अभिभाषण का वाचन करते हुये बैंक की वित्तीय स्थिति से सभी सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि समग्र प्रयासों एवं समयबद्ध कार्ययोजना के क्रियान्वयन के फलस्वरूप अपेक्स बैंक द्वारा इस वर्ष अब तक का अधिकतम शुद्ध लाभ 139.04 करोड़ रूपए का अर्जित किया है। इसलिए बैंक ने अब अपने अंशधारियों को 4 प्रतिशत की दर से लाभांश देने का भी निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के आय-व्यय के साथ वर्ष 2025-26 के बजट को बैठक में अनुमोदित किया गया। इस वर्ष अपेक्स बैंक को अंकेक्षक ने ''ए'' ग्रेड प्रदान किया है।

---

बीएमएचआरसी में 'मार्गदर्शन ओरिएंटेशन' कार्यक्रम का समापन

# जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बेहद जरूरी है मार्गदर्शन: राजेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिंदगी के प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन जरूरी है। मार्गदर्शन का मुख्य उद्देश्य आईसीएमआर के नव-नियुक्त तकनीकी कर्मचारियों में प्रशासकीय कौशल, वित्त, वैज्ञानिक नेतृत्व, गुणवत्ता और परियोजना प्रबंधन का विकास करना है।

यह बात आईसीएमआर के उप महानिदेशक जगदीश राजेश ने भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद में नव-नियुक्त तकनीकी कर्मचारियों के लिए बीएमएचआरसी में आयोजित 'मार्गदर्शन ओरिएंटेशन' कार्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आईसीएमआर संस्थान द्वारा नव-नियुक्त कर्मचारियों के लिए कौशल उन्नयन प्रशिक्षण सत्र की सभी जगह सराहना की जा रही है और अब आईसीएमआर की इस पहल के बाद अन्य संस्थानों में भी इसी तरह के कौशल प्रशिक्षण दिए जाने पर विचार होने लगा है। क्योंकि ऐसे प्रशिक्षण सत्र प्रतिभागियों के लिए व्यक्तिगत एवं व्यावसायिक क्षेत्र में आगे बढ़ने में मददगार साबित होते हैं। मानव रचना यूनिवर्सिटी, नई दिल्ली की डीन डॉ दीप्ति दबास हजारिका ने कहा कि कर्मचारियों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित होते रहना चाहिए। मार्गदर्शन का मतलब गाइडेंस यानी सही रास्ते पर चलना है। आईसीएमआर संस्थान ने पिछले नौ माह में नौ बैच के माध्यम से 290 कर्मयोगियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया है।

#### सबसे बड़ी शिक्षक है जिंदगी

जिंदगी सबसे बड़ी शिक्षक है। जीवन में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। यदि कोई एक व्यक्ति भी अपने कर्म पथ पर अग्रसर रहकर सकारात्मक बदलाव की सोचे तो देश बदल सकता है। मैं निश्चित रूप से कह सकती हूं कि पूरे देश के आईसीएमआर संस्थानों से चुनकर आए नवनियुक्त कर्मचारियों ने सीखने की प्रक्रिया में गहन अनुभूति का अनुभव किया होगा। इस कार्यशाला के माध्यम से सभी प्रतिभागियों में सहभागिता, नेतृत्व, सामंजस्य और सहयोग की भावना का विकास हुआ होगा।

**डॉ. मनीषा श्रीवास्तव, प्रभारी निदेशक, बीएमएचआरसी**

---

ड्यूटी चार्ट, विश्राम कक्षों की स्थिति, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं की ली जानकारी

# डीआरएम ने भोपाल रेलवे स्टेशन स्थित रनिंग रूम व रेल अस्पताल का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी ने शुक्रवार को अचानक भोपाल स्टेशन स्थित रनिंग रूम पहुंचे। जहां उन्होंने रनिंग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंडल रेल प्रबंधक ने ड्यूटी पर तैनात लोको पायलटों एवं गार्ड्स से मुलाकात कर उनकी ड्यूटी समयसारिणी, विश्राम कक्षों की स्थिति, भोजन व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं पर जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रनिंग स्टाफ को तनावमुक्त एवं सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए ताकि वे संरक्षा मानकों के अनुरूप दक्षता और एकाग्रता के साथ कार्य कर सकें। इसके बाद निशातपुरा स्थित मंडल रेल चिकित्सालय का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों की कार्य परिस्थितियों, विश्राम व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं आधारभूत सुविधाओं की गुणवत्ता का आंकलन करना था।

### भर्ती मरीजों का जाना हाल



निशातपुरा के मंडल रेल चिकित्सालय में मंडल रेल प्रबंधक ने भर्ती मरीजों एवं चिकित्सा स्टाफ से संवाद स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और उनकी गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने ओपीडी, वार्ड, फार्मेसी, डायग्नोस्टिक सुविधाओं और आपातकालीन सेवाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को बेहतर, समयबद्ध और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

---

## सरकारी नौकरी: पमरे जोन में 2865 अप्रेंटिस के पदों पर निकाली नौकरी, आवेदन शुल्क सिर्फ 100 रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अगर आप दसवीं पास है और सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे है। तो रेलवे की ओर से दसवीं पास करने वाले युवकों को एक अच्छा मौका है। दरअसल पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) जोन की ओर से अप्रेंटिस के पद पर बड़ी संख्या में नौकरी निकाली है। इसके लिए आवेदन शुल्क भी काफी कम यानी सिर्फ 141 रुपए है।

**2865 पद पर होगी भर्ती** - भोपाल मंडल के एसीएम व पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे अप्रेंटिस के पद भर्ती की जा रही है। इसके लिए 2865 पद निर्धारित किए गए हैं। रेलवे ने इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है। अप्रेंटिस के लिए युवाओं को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके लिए आवेदन 29 सितंबर तक किए जा सकेंगे। हालांकि इसके लिए वही आवेदन कर सकेंगे, जिसकी उम्र 24 साल या उससे कम हो। अप्रेंटिस के लिए शैक्षणिक योग्यता भी निर्धारित की गई है।

30 अगस्त से शुरू होंगे आवेदन

### 10वीं पास युवाओं को बिना एग्जाम मिलेगी नौकरी

#### भोपाल मंडल के लिए 558 पद पर होगी भर्ती

अप्रेंटिसशिप के लिए आवेदन की प्रक्रिया 30 अगस्त से शुरू होने जा रही है, अभ्यर्थी 29 सितंबर 2025 तक आवेदन कर सकेंगे, अभ्यर्थियों को आवेदन सिर्फ ऑनलाइन ही करना होंगे। इसके लिए उन्हें रेलवे की वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

#### यह रहेगी शैक्षणिक योग्यता

आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी की योग्यता निर्धारित की गई है। सबसे पहले अभ्यर्थी की आयु सीमा 18 से 24 साल के बीच होनी चाहिए। अभ्यर्थी का किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं होना जरूरी है। इसमें कम से कम 50 फीसदी अंक होना चाहिए। साथ ही संबंधित ट्रेड में आईटीआई प्रमाण पत्र भी होना चाहिए। अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग वर्ग के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में निर्धारित छूट भी दी जाएगी।

#### मेरिट के आधार पर होगा सिलेक्शन

सिलेक्शन की प्रक्रिया में सबसे पहले आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के कक्षा 10वीं और आईटीआई में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची बनाई जाएगी। मेरिट के आधार पर ही अभ्यर्थी का सिलेक्शन होगा। किसी भी प्रकार की लिखित परीक्षा या इंटरव्यू की प्रक्रिया से अभ्यर्थी को नहीं देनी होगी। आवेदन करते समय अभ्यर्थी को पासपोर्ट साइज का फोटो, हस्ताक्षर की फोटो, बर्थ सर्टिफिकेट, कक्षा 10वीं की मार्कशीट की फोटो, आईटीआई की मार्कशीट, जाति प्रमाण पत्र लगाना होगा। आवेदन का शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया गया है।



# सलमान ने लद्दाख में शुरू की बैटल ऑफ गलवान की शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान के फैंस के लिए खुशखबरी है, क्योंकि सलमान ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म की पहली शूटिंग लद्दाख में शुरू हुई है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुए संघर्ष पर आधारित है। इस तस्वीर में सलमान खान नीले रंग के कपड़ों में दिख रहे हैं। हालांकि, उनका चेहरा नहीं दिख रहा है। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर हर जगह वायरल हो चुकी है। इस तस्वीर के सामने आने से सलमान के प्रशंसकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह बढ़ गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पहले मुंबई में शूटिंग को किसी कारण से स्थगित कर दिया गया था।

लाइफ Style

# कृति
## वेतन में समानता क्यों नहीं है?

कृति सेनन बॉलीवुड से जुड़े खास मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखती है। हाल ही में वह फिल्म इंडस्ट्री के इनकम गैप के बारे में बात करती दिखीं। आज भी हीरो और हीरोइन की फीस में जमीन और आसमान का अंतर है। इस बारे में भी कृति सेनन अपनी राय रख रही हैं।

**मुंबई।** कृति सेनन ने अपने कॅरियर में वुमन ओरिएंटेड फिल्म भी की हैं। वह एक स्ट्रॉन्ग वुमन के रोल फिल्मों में करती हैं। असल जिंदगी में भी ऐसी ही हैं। कृति का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में इनकम गैप नहीं होनी चाहिए। लेकिन मौजूदा स्थिति ऐसी ही है, यह बात कृति को बहुत चुभती है। कृति सेनन कहती हैं, 'मुझे समझ नहीं आता कि वेतन (इनकम) में समानता क्यों नहीं है? क्योंकि, कुछ खास तरह के रोल, कुछ खास तरह के कामों के लिए, चाहे आप पुरुष हों या महिला, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मेरा मानना है कि वेतन एक जैसा होना चाहिए। फिल्मों में भी ऐसा ही होना चाहिए। हम बहुत लंबे समय से इस पर बात करते आ रहे हैं, यकीन मानिए यह बात (इनकम गैप) हमें सबसे ज्यादा चुभती है। कृति सेनन आगे कहती हैं, 'भले ही कोई फिल्म वुमन सेंट्रिक हो, मुझे लगता है कि उसका बजट उस फिल्म जितना नहीं होता, जो हीरो सेंट्रिक होती है। प्रोड्यूसर डरते हैं कि उन्हें वुमन सेंट्रिक फिल्मों से उतना पैसा वापस नहीं मिलेगा। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सर्कल है, जहां वुमन सेंट्रिक फिल्में, हीरो सेंट्रिक फिल्मों जितना नहीं कमा पाती हैं। इस वजह से कई लोगों को ऐसा लगता है कि हीरो की फीस ज्यादा है और हीरोइन की कम।' कृति सेनन के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल आनंद एल राय निर्देशित फिल्म 'तेरे इश्क में' में नजर आएंगी।




## हॉलीवुड मसाला



# एमिली की जिंदगी में होगा ड्रामा

**लॉस एंजिल्स।** ओटीटी प्लेटफॉर्म पर कई सीरीज ने कब्जा किया है। इनमें से एक अमेरिकन कॉमेडी ड्रामा एमिली इन पेरिस भी शामिल है। चार हिट सीजंस के बाद एमिली इन पेरिस का पांचवां सीजन आ रहा है। हाल ही में, एमिली इन पेरिस सीजन 5 की रिलीज डेट अनाउंस की गई है। पांचवां सीजन इसी साल दिसंबर में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होने वाला है। बात करें सीरीज की कास्ट तो इसमें मिली कॉलिन्स के अलावा लीड रोल में लुकास ब्रेवो, एशली पार्क, कैमिली रजात, लूसियन लेविसकाउंट और यूजेनियो फ्रांसेचिनी जैसे कलाकार हैं।



# एम्परर ऑफ सैंड और वन्स मोर राउंड द सन से हुए प्रसिद्ध


**लॉस एंजिल्स।** ग्रैमी पुरस्कार विजेता और हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के पूर्व गायक-गिटारिस्ट ब्रेंट हिंड्स का अटलांटा में एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में निधन हो गया। उन्होंने 52 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। विलियम ब्रेंट हिंड्स एक अमेरिकी संगीतकार थे, जो अटलांटा हेवी मेटल बैंड मैस्टोडॉन के प्रमुख गिटारिस्ट के रूप में जाने जाते थे। मैस्टोडॉन के दो एल्बम काफी प्रसिद्ध हुए थे, जिनमें एक 2017 का 'एम्परर ऑफ सैंड' है और दूसरा 2014 में आया 'वन्स मोर राउंड द सन' है। साथ ही आपको बताते चलें कि ब्रेंट ने साल 2025 के मार्च महीने में बैंड छोड़ दिया था। उनके जाने का कोई कारण नहीं बताया गया। हालांकि, बैंड ने कहा था कि उन्होंने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया था।



# टाइगर और हरनाज की सिजलिंग केमिस्ट्री

**मुंबई।** शुक्रवार को 'बागी 4' के निर्माताओं ने फिल्म का एक और धमाकेदार गाना 'बहली सोहनी' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने में टाइगर श्रॉफ के हॉट मूव्ज और हरनाज के सिजलिंग डांस ने फैंस का दिल जीत लिया है।

टाइगर श्रॉफ ने अपनी आगामी एक्शन फिल्म बागी 4 के लेटेस्ट गाने 'बहली सोहनी' को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, जब धड़कन कम हो जाती है।.. और वाइब हिट हो जाता है।. यह अब केवल संगीत नहीं है - यह 'बहली सोहनी' है। सॉन्ग आउट हो गया है। 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टाइगर और हरनाज के फैंस को उनका यह गाना शानदार लग रहा है। दिशा पाटनी की बहन खुशबू पाटनी ने लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार, एक और फैन ने लिखा, जबरदस्त डांस, तो वहीं कई फैंस ने लाल दिल वाले और फायर इमोजी बनाए हैं।



# अमिताभ ने केबीसी कंटेस्टेंट संग किया फ्लर्ट

**मुंबई।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' का प्रोमो वायरल हो रहा है, जिसमें अमिताभ बच्चन महिला कंटेस्टेंट के साथ फ्लर्ट करते नजर आ रहे हैं। अमिताभ कंटेस्टेंट को पानी पिलाने के बाद नैपकिन देते हैं और फिर होठों का जिक्र करते हैं। शायद ही किसी ने अमिताभ बच्चन को ऑनस्क्रीन या पब्लिकली फ्लर्ट करते हुए देखा होगा, पर 'कौन बनेगा करोड़पति 17' में उन्होंने ऐसा किया। हॉट सीट पर बैठी कंटेस्टेंट के साथ 82 साल के अमिताभ बच्चन ने ऐसा फ्लर्ट किया कि सबकी हंसी छूट गई। वहीं, उनके वन लाइनर ने फैंस का दिल जीत लिया। यह एपिसोड जल्द ही आएगा, जिसका मेकर्स ने प्रोमो रिलीज किया है और यह वायरल हो रहा है। कौन बनेगा करोड़पति 17 के आने वाले एपिसोड में हॉटसीट पर नासिक की विजय चड्ढा बैठीं। उनकी उम्र 60 के आसपास होगी।

## टीवी मसाला



# बिग बॉस 19 में दिखेंगे टीवी, फिल्मों और मॉडलिंग से जुड़े सेलेब्स

**नई दिल्ली।** सलमान खान का चर्चित शो 'बिग बॉस 19' रविवार 24 अगस्त से शुरू हो रहा है। हमेशा चर्चाओं में रहने वाला 'बिग बॉस' इस साल भी ऑडियंस के लिए बड़े सरप्राइज लेकर आने वाला है। सूत्रों के मुताबिक, इस बार घर में टीवी, फिल्मों, मॉडलिंग और म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े कई बड़े नाम नजर आ सकते हैं। इनमें कुछ चेहरे ऐसे हैं, जो विवादों की वजह से भी सुर्खियों में रहे हैं। अभी तक कंटेस्टेंट के फाइनल नाम सामने नहीं है। हालांकि, कुछ नामों को लेकर चर्चाएं जरूर चल रही हैं। 90 के दशक से एक्टिव कुनिका सदानंद अपनी बोल्ड छवि और तेजतर्रार स्वभाव के लिए जानी जाती हैं। पोलैंड से ताल्लुक रखने वाली नतालिया जानोशेक बॉलीवुड और रीजनल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उनका ग्लैमरस अंदाज और पर्सनालिटी उन्हें बाकी कंटेस्टेंट्स से अलग बना सकता है। अभी तक उनका नाम किसी बड़े विवाद से नहीं जुड़ा है। अशनूर कौर बचपन से ही टीवी की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा हैं और सोशल मीडिया पर उनकी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है।

## गांववालों की पसंदीदा बनीं कृष्णा श्रॉफ

**नई दिल्ली।** कृष्णा श्रॉफ लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह 'छोरियां चली गांव' की सबसे दिलचस्प कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। हालिया एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को एक बेहद रोमांचक अनुभव का सामना करना पड़ा। चुनौती—बमूलिया गांव के लोगों को संवारने का एक फुल मेकओवर टास्क. मालिश, हेयरकट, शेविंग और स्टाइलिंग जैसे कामों के ज़रिए लड़कियों को अपनी सीमा से बाहर जाकर गांववालों का विश्वास जीतना था। जहां कई कंटेस्टेंट्स इस चुनौती से घबराए हुए दिखे, वहीं कृष्णा श्रॉफ ने एक बार फिर अपने निडर रवैये और लोगों से जुड़ने की गहरी क्षमता से सबका ध्यान खींचा। उन्हें शेविंग और आइब्रो शेपिंग जैसी सलून सेवाएं दी गईं—जो उन्होंने पहले कभी नहीं की थीं। फिर भी कृष्णा ने बिना झिझके इस चुनौती को स्वीकार किया और इसे पूरे परफेक्शन के साथ पूरा किया। इस पल को और भी खास बना दिया कृष्णा की एक पुरानी याद ने।



# दुनिया की वो बड़ी फ्लॉप फिल्म, बजट 98 मिलियन डॉलर, नुकसान 147 मिलियन डॉलर

**नई दिल्ली।** दुनियाभर में कई फिल्में रिलीज होती है। कुछ फिल्मों को बनाने में मेकर्स पानी की तरह पैसा बहाते हैं। तो कुछ फिल्मों को कम बजट में बनाकर मालामाल हो जाते हैं। आज हम आपको एक ऐसी फिल्म के बारे में बताएंगे जो बॉक्स ऑफिस पर आते ही धड़ाम हो गई। इस फिल्म का बज तो ज्यादा था, लेकिन उतना ही मुंह के बल फिल्म गिरी। इस फिल्म को बनाने के बाद मेकर्स का बुरा हाल हो गया। 2 घंटा 4 मिनट की इस फिल्म का नाम 'कटथ्रोट आइलैंड' है। ये फिल्म 1995 में आई थी यानी कि आज से 30 साल पहले। इस मूवी को बनाने में मेकर्स ने अपनी तिजोरी खोल दी थी। मेकर्स को ऐसी उम्मीदें थी कि इस फिल्म को बनाने के बाद वो मालामाल हो जाएंगे। लेकिन, हुआ इसका ठीक उल्टा।



### गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज

इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। यहां तक कि इसका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। जिसे साल 2012 तक की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म माना गया। इस फिल्म का बजट करीबन 98 मिलियन डॉलर था यानी कि भारतीय करंसी में 8,57,60,29,000.00 में बनकर तैयार हुई थी।

### महाफ्लॉप मूवी

ये एक एंडवेचरस फिल्म थी, जिसका निर्देशन रेनी हार्लिन ने किया था। इस फिल्म में लीड स्टार्स में गीना डेविस, मैथ्यू मोडिन , फ्रैंक लैंगेला, मॉरी चायकिन और पैट्रिक मालाहाइड थे। इस फिल्म की कहानी महिला समुद्री डाकू और उसके साथी की है। वो एक खजाने वाले द्वीप को ढूंढते और अपने विरोधियों का सामना करते हैं। इस फिल्म की आईएमडीबी पर 5.7 की रेटिंग है। इसे आप फ्री में यूट्यूब पर देख सकते हैं।

**10 मिलियन यूएस डॉलर कलेक्शन:** जबकि फिल्म ने 10 मिलियन यूएस डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 87,52,75,000 का कलेक्शन कर पाई थी। लिहाजा, इस फिल्म को 147 मिलियन डॉलर यानी कि भारतीय करंसी में 12,86,52,14,560.80 का नुकसान हुआ।

# एक दीवाने की दीवानियत का टीजर जारी, दिखेगी इंटेंस लव स्टोरी

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा कि रोमांटिक लव स्टोरी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' का टीजर शुक्रवार को रिलीज हो गया है। टीजर में दोनों एक दूसरे के प्यार में खोए नजर आए हैं। फिल्म में एक इंटेंस लव स्टोरी नजर आएगी। मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। टीजर की शुरुआत जोरदार बारिश के सीन से होती है, जहां सभी लोग छाता लिए हुए खड़े हैं। इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की झलक दिखती है। इस बीच हर्षवर्धन राणे की आवाज में वॉइस ओवर आता है, जिसमें वो कहते हैं 'तेरे लिए, मेरा प्यार तेरा भी मोहताज नहीं। ये मरते दम तक रहेगा, सिर्फ आज नहीं।' इसके बाद हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की लव स्टोरी से लेकर उनके बिछड़ने तक की कहानी देखने को मिलती है। टीजर को देखकर पता चलता है कि हर्षवर्धन राणे एक बार फिर एक इंटेंस लव स्टोरी लेकर आए हैं, जिसमें प्यार और रोमांस से लेकर दर्द और नफरत तक देखने को मिलेगी। टीजर में एक के बाद एक कई शायराना अंदाज के डायलॉग हैं।





## जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, उनके पीछे की है एक कहानी

# वेटर को आवाज लगाने से बन गया ऐसा गाना, जिसका जादू आज भी है बरकरार

**नई दिल्ली।** संगीत कहां नहीं है? जरूरत है तो बस उस पल को, उस धुन को सुनने की, जो हमारे आसपास की हर बेपरवाह आवाज में है। पानी की टपकती बूंदों में, पत्तों की फड़फड़ाहट में, किसी के कदमों की आहट में, ट्रैफिक में फंसी गाड़ियों के हॉर्न में, हर शोर के कोने में एक संगीत छुपा है। जिन गीतों को हम गुनगुनाते हैं, वो जो दिल को छू जाते हैं, कभी अपनी धुन से, तो कभी अपने बोल से, उन सब गीतों के बनने के पीछे की एक कहानी है। ये कहानियां कभी म्यूजिक स्टूडियो की बंद दीवारों में सजती हैं, तो कभी पहाड़ों की कोख में गुनगुनाती धूप में। आज हम यहां एक ऐसे ही हिंदी गाने के बनने का किस्सा बताने जा रहे हैं, जिसकी प्रक्रिया बड़ी दिलचस्प रही। एक ऐसा गाना, जिसका आगाज एक चाय की दुकान में वेटर को आवाज लगाने से शुरू हुआ। वो वेटर तो इस गीत को बनाने वालों के पास देर से पहुंचा, लेकिन हिंदुस्तानी सिनेमा को ऐसा गीत दे गया, जिसका जादू 70 साल बाद भी बदस्तूर बरकरार है।

### हिंदी गीत में तेलुगू की छाप

यह गाना इसलिए भी खास है कि इस हिंदी गीत में तेलुगू की छाप है। लेकिन, मजेदार बात यह भी कि शायद ही इसे सुनने वालों ने कभी इस ओर ध्यान दिया। यही इसके संगीत और अंदाज का जादू भी है। जिसने इसे सुनने वालों को बस बहने दिया, बिना यह पूछे कि वो जो गा-गुनगुना रहे हैं, उसका मतलब है क्या? हम बात कर रहे हैं कि फिल्म 'श्री 420' के सुपरहिट गाने 'रमैया वस्तावैया' की, जिसमें 'वस्तावैया' एक तेलुगू शब्द है। वैसे, इस नाम 'रमैया वस्तावैया' से 2013 में एक फिल्म भी बनी थी। साल 2023 में शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' में भी इसका इस्तेमाल हुआ और गाना 'नॉट रमैया वस्तावैया' बनाया गया। खैर, कहानी शुरू से शुरू करते हैं। यह बात है 50 के दशक की। तब राज कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस 'आरके फिल्म्स के बैनर तले 'श्री 420' बना रहे थे। राज कपूर, नरगिस और नादिरा स्टारर इस फिल्म में शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने संगीत दिया है।



### खंडाला के होटल में वेटर था रमैया

बात कुछ यूं आगे बढ़ी कि खंडाला में शंकर, जयकिशन, शैलेंद्र और हसरत जयपुरी, चाय-नाश्ते के लिए सड़क किनारे एक होटल में रुकते थे। यह शंकर की पसंदीदा चाय की दुकान थी। शंकर का पूरा नाम, शंकर सिंह राम सिंह रघुवंशी था और उनका जन्म हैदराबाद में हुआ था। खंडाला के उस होटल में एक वेटर था रमैया, वह तेलुगू था। शंकर उससे इसी भाषा में बात करते थे। उस दिन भी चारों जब होटल में बैठे तो शंकर ने रमैया को ऑर्डर देने के लिए आवाज लगाई। तेलुगू में 'वस्तावैया' का मतलब 'यहां आओ' होता है। शंकर ने उस वेटर को आवाज दी- रमैया वस्तावैया। बताया जाता है कि तब रमैया किसी और का ऑर्डर लेने में व्यस्त था। उसने शंकर की ओर रुकने का इशारा किया। जब थोड़ी देर बाद भी वह नहीं आया, तो शंकर थोड़े अधीर हो गए। उन्होंने एक सुर में कई बार कहा- रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया, रमैया वस्तावैया...

### इस पर तो पूरा गीत बनता है

अब मामला कुछ ऐसा बना कि ये दोनों लाइनें चारों को बड़ी सुरीली लगीं। खैर, रमैया आया, ऑर्डर दिया गया। जब ये चारों वापस मुंबई लौटे तो राज कपूर साहब को ये धुन और बोल सुनाए गए। वह भी इससे बड़े प्रभावित हुए। तय हुआ कि इसे बढ़ाया जाए और एक पूरा गीत बनाया जाए। शैलेंद्र कलम लेकर बैठ गए। शंकर-जयकिशन तबला और हारमोनियम लेकर। इस बीच मन में यह खयाल भी आया कि शायद 'रमैया वस्तावैया' हिंदी के दर्शकों को समझ नहीं आए। लेकिन फिर इसे बदलने लायक कोई दूसरा उपयुक्त शब्द नहीं मिला। इसलिए, मूल तेलुगू शब्द को ही रखा गया।

### गाने हुए बंपर हिट

साल 1995 में जब श्री 420'फिल्म रिलीज हुई तो इसने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की। इसने उस दौर 3.9 करोड़ रुपए का ग्रॉस बिजनस और 2.00 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया। वैसे तो फिल्म के सभी 8 गाने हिट हुए। लेकिन, दो गीत प्यार हुआ इकरार हुआ और रमैया वस्तावैया को हिंदी सिनेमा में 'कल्ट' का दर्जा मिला। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी और मुकेश की आवाज ने जादू चलाया। कुल मिलाकर खंडाला के चाय की उस दुकान पर, रमैया वेटर को आवाज लगाने और इंतजार के पल से एक ऐसा गीत बना, जो आज 70 साल बाद भी दिल हो छू जाता है।

# महिला वर्ल्ड कप : चिन्नास्वामी स्टेडियम से छीनी मैचों की मेजबानी, नवी मुंबई में होंगे मुकाबले

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अगले महीने शुरू होने वाले महिला एक दिवसीय विश्व कप के बेंगलुरु में होने वाले मैच अब नवी मुंबई में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अप्रत्याशित परिस्थितियों का हवाला देते हुए शुक्रवार को यह घोषणा की। यह निर्णय बेंगलुरु स्थित एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम के आवश्यक प्रशासनिक और सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने में विफल रहने के बाद लिया गया। इस कारण चिन्नास्वामी स्टेडियम 30 सितंबर से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के मैचों की मेजबानी के लिए अयोग्य हो गया है। नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्टेडियम अब टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और संभवतः दो नवंबर को होने वाले फाइनल सहित पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

डीवाई पाटिल स्टेडियम नवी मुंबई में होगा उद्घाटन मैच, सेमीफाइनल और फाइनल



### कार्यक्रम में हुआ बदलाव

आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने बयान में कहा, 'हालांकि अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण हमें कार्यक्रम में बदलाव करते एक स्थान बदलना पड़ा, लेकिन अब हमें खुशी है कि हमारे पास पांच विश्वस्तरीय स्थान हैं, जहां महिला क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ मैच देखने को मिलेंगे।' उन्होंने कहा, 'मंच तैयार है और मुझे विश्वास है कि यह टूर्नामेंट कल्पनाओं को नए पंख लगाएगा और प्रशंसकों की नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा।'

### स्टेडियम के बाहर हुई थी भगदड़

बेंगलुरु को महिला वनडे विश्व कप के आयोजन स्थलों से बाहर करने का निर्णय चार जून को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ के बाद लिया गया है, जिसमें 11 प्रशंसकों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद से स्टेडियम में कोई मैच नहीं हुआ है।




### केएससीए नहीं कर पाए सुरक्षा मंजूरी प्राप्त

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) को विश्व कप के लिए आवश्यक सुरक्षा मंजूरी प्राप्त करने का निर्देश दिया। लेकिन वह मंजूरी हासिल नहीं कर पाया, जिसके कारण उसे विश्व कप के मैचों की मेजबानी से हाथ धोना पड़ा। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट के अन्य स्थानों में गुवाहाटी, इंदौर, विशाखापत्तनम और कोलंबो शामिल हैं।

### भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल कोलंबो

कोलंबो भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिए तटस्थ स्थल है, क्योंकि दोनों देशों ने बहुपक्षीय प्रतियोगिताओं के लिए भी एक-दूसरे का दौरा न करने का निर्णय लिया है। इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बनी सहमति के अनुसार, 2027 तक आईसीसी प्रतियोगिताओं में भारत-पाकिस्तान के सभी मैच तटस्थ स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे।

## खबर संक्षेप




### डूरंड कप : चैंपियन को मिलेंगे रिकॉर्ड 1.21 करोड़

**कोलकाता।** डूरंड कप के मौजूदा 134 वें सत्र के चैंपियन को 1.21 करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो एशिया के इस सबसे पुराने फुटबॉल टूर्नामेंट के 137 साल के इतिहास में विजेता टीम के लिए सबसे बड़ी राशि है। डूरंड कप आयोजन समिति (डीसीओसी) ने शनिवार को खेले जाने वाले फाइनल की पूर्व संध्या पर इसकी घोषणा की। विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेले जाने वाले फाइनल में गत विजेता नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी का सामना प्रतियोगिता में पदार्पण कर रही डायमंड हार्बर एफ से होगा। डीसीओसी ने इस साल की शुरुआत में पुरस्कार राशि में 250 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी। पिछले सत्र में इस टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 1.2 करोड़ रुपए थी। इस साल इस बढ़ाकर रिकॉर्ड तीन करोड़ रुपए कर दी गई है। 23 जुलाई को शुरू हुए टूर्नामेंट में 24 टीमों ने भाग लिया, जिसमें से आठ टीमें नॉकआउट चरण में पहुंची।

### डीपीएल: वेस्ट दिल्ली लायंस की शानदार जीत



**नई दिल्ली।** अनिरुद्ध चौधरी ने आखिरी ओवर में सात रन का अच्छी तरह से बचाव करके वेस्ट दिल्ली लायंस को दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में सेंट्रल दिल्ली किंग्स पर तीन रन से रोमांचक जीत दिलाई। किंग्स के सामने 179 रन का लक्ष्य था और वह इसे हासिल करने की तरफ अच्छी तरह से बढ़ रहा था। उसे अंतिम ओवर में सिर्फ सात रन चाहिए थे, लेकिन चौधरी ने केवल तीन रन दिए और कप्तान जोंटी सिद्धू (41 गेंदों पर 56 रन) को आउट कर लायंस को यादगार जीत दिलाई। चौधरी ने तीन ओवर में 24 रन लेकर एक विकेट लिया लेकिन उनका अंतिम ओवर निर्णायक साबित हुआ।

### न्यूलैंड्स में होगा एसए20 का फाइनल



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की घरेलू टी20 लीग एसए20 के आगामी सत्र का फाइनल मैच केपटाउन के न्यूलैंड्स में होगा, जिसमें डरबन, सेंचुरियन और जोहानिसबर्ग जैसे स्थानों पर प्लेऑफ के अहम मुकाबले खेले जाएंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने यह जानकारी दी। लीग का चौथा सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा। डरबन एसए20 में पहली बार किसी प्लेऑफ मैच की मेजबानी करेगा, जब प्रतियोगिता की दो सर्वश्रेष्ठ टीमें 21 जनवरी को क्वालीफायर एक में आमने-सामने होंगी। हाईवेल्ड क्षेत्र दो महत्वपूर्ण प्लेऑफ मैचों की मेजबानी करेगा, जिसमें सेंचुरियन 22 जनवरी को एलिमिनेटर और जोहानिसबर्ग के वांडरर्स 23 जनवरी को क्वालीफायर दो के मैच शामिल है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका के युवा बल्लेबाज ने खेली बेहतरीन अर्धशतकीय पारी

# ब्रीट्जके ने पहले चार वनडे में लगातार लगाए 4 अर्धशतक, बनाया विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में साउथ अफ्रीका के मैथ्यू ब्रीट्जके ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 78 गेंद में 88 रनों की दमदार पारी खेली। इसके साथ ही ब्रीट्जके ने वनडे क्रिकेट के इतिहास में ऐसा कारनामा कर दिया, जो इससे पहले कभी नहीं हुआ था।

दरअसल मैथ्यू ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार वनडे में लगातार 4 अर्धशतक लगाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वनडे क्रिकेट में ऐसा करने वाले मैथ्यू ब्रीट्जके दुनिया के पहले बल्लेबाज बने हैं। सिर्फ इतना ही नहीं, ब्रीट्जके के नाम वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का भी रिकॉर्ड दर्ज हो गया।

### ब्रीट्जके की वनडे क्रिकेट में शानदार शुरुआत

मैथ्यू ब्रीट्जके ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे में डेब्यू किया था। उस मैच में मैथ्यू ने 150 रनों की पारी खेली थी। यह वनडे डेब्यू पर खेली गई किसी भी प्लेयर की सबसे बड़ी पारी है। इसके बाद पाकिस्तान के खिलाफ फिर उन्होंने 83 रनों की पारी खेली। वहीं अब ब्रीट्जके ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में 57 रन बनाए। इसके बाद दूसरे वनडे में 88 रनों की पारी खेलकर इतिहास रच दिया। ब्रीट्जके वनडे इतिहास में पहले खिलाड़ी बने, जिसने अपने शुरुआती चारों वनडे मैचों में 50 या उससे ज्यादा रन बनाए।




### सीरीज पर साउथ अफ्रीका ने किया कब्जा

साउथ अफ्रीका ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरे वनडे मैच में रनों से हराकर तीन मैचों की वनडे सीरीज पर कब्जा जमा लिया है। साउथ अफ्रीका ने पहला मैच 98 रनों से जीता था। अब दूसरा वनडे जीतकर साउथ अफ्रीका ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। साउथ अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 277 रन बनाए। ब्रीट्जके ने 88 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 74 रनों की पारी खेली। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 193 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका ने दूसरा मैच 84 रनों से जीतकर सीरीज अपने नाम कर लिया। साउथ अफ्रीका की तरफ से लुंगी एंगिडी ने 5 विकेट झटके। ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने 74 गेंदों में 87 रनों की पारी खेली। लेकिन दूसरे छोर से ज्यादा साथ नहीं मिला, जिसकी वजह से वो टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रहे।

### पहले 4 में ब्रीट्जके के नाम सबसे ज्यादा रन

वनडे क्रिकेट में ब्रीट्जके ने धमाकेदार शुरुआत की है। ब्रीट्जके वनडे में पहली चार पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने का कारनामा किया है। ब्रीट्जके अपने करियर के पहले चार मैच में 378 रन बना दिए। इस मामले में उन्होंने अपने ही देश के सीनियर खिलाड़ी टेम्बा बावुमा को पीछे छोड़ा है। टेम्बा ने अपने पहले चार वनडे मैच में 280 रन बनाए थे। इसके अलावा एलन लैम्ब 279 रन के साथ तीसरे स्थान पर हैं जबकि निक नाइट ने 277 रन बनाए थे।

### पहले चार वनडे में सबसे ज्यादा रन

| | |
|---|---|
| मैथ्यू ब्रीट्जके | 378 |
| टेम्बा बावुमा | 280 |
| एलन लैम्ब | 279 |
| निक नाइट | 277 |
| टॉम कूपर | 273 |

वहीं मैथ्यू ब्रीट्जके के की पहली चार वनडे पारियों की बात करें तो उन्होंने अपने वनडे डेब्यू में ही रिकॉर्ड बना दिया था। मैथ्यू ब्रीट्जके ने 10 फरवरी 2025 को न्यूजीलैंड के खिलाफ 150 रनों की तूफानी पारी खेली। इसके बाद अपने दूसरे मैच पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने 83 रनों की पारी खेली थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में 57 और अपने चौथे मैच में उन्होंने 88 रनों की पारी खेली है।

मंगाए 6 आवेदन

# बीसीसीआई सलेक्शन कमेटी में नए लोगों की होगी भर्ती

दो पुरुष और चार महिला चयनकर्ता के लिए आवेदन आमंत्रित



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पांच सदस्यीय सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चयन समिति में दो पदों के साथ-साथ महिला पैनल में चार पदों को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। चयनकर्ता पद के लिए पात्रता मानदंडों में पिछले कुछ वर्षों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। आवेदकों को कम से कम सात टेस्ट मैच या 30 प्रथम श्रेणी मैच खेलने चाहिए। इसके अलावा कम से कम 10 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच और 20 प्रथम श्रेणी मैच खेलने वाले उम्मीदवारों के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।

### प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'चयनकर्ताओं के अनुबंध का हर साल नवीनीकरण किया जाता है। हमने अभी तक यह तय नहीं किया है कि किन चयनकर्ताओं को बदला जाएगा, लेकिन यह प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी।' वर्तमान में पुरुष चयन समिति के अध्यक्ष पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज अजीत अगरकर हैं और इसमें एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरथ शामिल हैं। इस समिति ने हाल में एशिया कप के लिए टीम का चयन किया था। बोर्ड ने इसके अलावा पुरुष जूनियर क्रिकेट चयन समिति में एक पद को भरने के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं, जो शिविरों, दौरों और टूर्नामेंटों के लिए आयु वर्ग की टीमों (अंडर-22 तक) का चयन करने के लिए जिम्मेदार होते हैं।

### श्यामा को रखा जाएगा समिति में बरकरार

बीसीसीआई ने महिला राष्ट्रीय चयन समिति के चार पदों के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए हैं। वर्तमान चयन समिति में नीतू डेविड (अध्यक्ष), रेणु मार्ग्रेट, आरती वैद्य, कल्पना वेंकटचार और श्यामा डे साव शामिल हैं। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि साव ही एकमात्र ऐसी सदस्य हैं, जिन्हें समिति में बरकरार रखा जाएगा। वर्तमान समिति ने मंगलवार को वनडे विश्व कप के लिए टीम का चयन किया था। वनडे विश्व कप अगले महीने से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। सभी आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 सितंबर है।

मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट

# अय्यर ने जीता खिताब




एजेंसी ▶▶| मुंबई

अरविंद अय्यर ने आठ दौर में सात अंक हासिल कर दर्श शेट्टी को पछाड़ते देते हुए ऑल इंडिया शतरंज मास्टर्स मुंबई फिडे क्लासिकल टूर्नामेंट जीत लिया। हालांकि अय्यर और शेट्टी दोनों ने सात-सात अंक बनाए थे।

लेकिन अय्यर ने 'सुपर बुचोल्ज टाई-ब्रेक' में चैंपियनशिप जीत ली। शेट्टी उपविजेता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय मास्टर विक्रमादित्य कुलकर्णी ने 6.5 अंक हासिल करके तीसरा स्थान हासिल किया। विजेता को 40 हजार रुपए का नकद पुरस्कार मिला। महिला वर्ग में महिला कैंडिडेट मास्टर कृति मयूर पटेल को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि रेया बैंकर और प्रदीपा जयपाल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। वहीं 'वेटरंस' वर्ग में विनोद चतुर्वेदी पहले स्थान पर रहे। उनके बाद गुरु प्रसाद पाटिल और अशोक गोविंदराव पाटिल ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

## सुब्रतो कप : छत्तीसगढ़ सिक्किम और मेघालय के स्कूल जीते

**नई दिल्ली।** केरल के लाल बहादुर शास्त्री मेमोरियल स्कूल ने सुब्रतो कप जूनियर बालिका (अंडर-17) वर्ग में नैनीताल के हरीश पवार हायर सेकेंडरी स्कूल पर 2-0 से जबकि छत्तीसगढ़ के माता रुखमणी कन्या आश्रम ने लक्षद्वीप के पीएम श्री गवर्नमेंट महात्मा गांधी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पर 3-0 से जीत दर्ज की। असम के बेतकुची हाई स्कूल और श्रीलंका स्कूल फुटबॉल एसोसिएशन के साथ एपीएस नोएडा और बिहार के अपग्रेडेड हाई स्कूल ने गोलरहित ड्रॉ खेला। पश्चिम बंगाल के नंदझार आदिबाशी पशिली हाई स्कूल ने झारखंड के पीएम श्री केवी सीनियर स्कूल को 2-0 से हराकर जीत का सिलसिला जारी रखा। सिक्किम के पीएम श्री ताशी नामग्याल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने भी दिल्ली के भारती पब्लिक स्कूल को 3-0 से हराकर प्रभावित किया।

गौहर ने 2008 में किया था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण

# स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला टीम की बाएं हाथ की स्पिनर गौहर सुल्ताना ने क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया और कहा कि खेल के शीर्ष स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना उनके लिए 'सबसे बड़ा सम्मान' है। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने 2008 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सुल्ताना ने भारत की तरफ से 50 एकदिवसीय और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले। उन्होंने आखिरी बार अप्रैल 2014 में देश का प्रतिनिधित्व किया था। वह इस बीच हालांकि घरेलू क्रिकेट में खेलती रही तथा उन्होंने 2024 और 2025 में महिला प्रीमियर लीग में यूपी वारियर्स का प्रतिनिधित्व किया था।

### वनडे में 19.39 की औसत से लिए 66 विकेट




सुल्ताना ने संन्यास की घोषणा करते हुए इंस्टाग्राम पर लिखा, 'विश्व कप और विभिन्न दौरों में शीर्ष स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सम्मान रहा है। इनमें मेरे कौशल और जज्बे की भी परीक्षा हुई।' उन्होंने कहा, 'हर विकेट, मैदान में हर डाइव, टीम के साथियों के साथ हडल (मैदान पर घेरा बनाना) ने मुझे एक क्रिकेटर और एक व्यक्ति के रूप में निखारने में मदद की।' सुल्ताना ने एकदिवसीय मैचों में 19.39 की औसत से 66 विकेट और टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 26.27 की औसत से 29 विकेट लिए। उन्होंने 2009 और 2013 में दो एकदिवसीय विश्व कप खेले और 11 मैचों में 12 विकेट लिए। सुल्ताना ने 2009 से 2014 तक तीन टी-20 विश्व कप में भी हिस्सा लिया और सात विकेट हासिल किए। सुल्ताना वर्तमान में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की लेवल दो कोच हैं।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ की मजबूत वापसी

**ब्रिस्बेन।** मध्यक्रम की बल्लेबाज राघवी बिष्ट ने 93 रन की जुझारू पारी खेली जबकि निचले क्रम की बल्लेबाज वीजे जोशीथा (51) ने अंत में शानदार अर्धशतक जड़ा, जिससे भारत ए ने एकमात्र महिला अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ पहली पारी में 299 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। इसके बाद भारत ए ने दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ए के 158 रन तक पांच विकेट झटक लिए थे। भारत ए की टीम बारिश से प्रभावित पहले दिन पांच विकेट पर 93 रन बनाकर मुश्किल में थी। लेकिन बिष्ट ने 26 रन के स्कोर से आगे खेलते हुए राधा यादव (33 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 64 रन की भागीदारी निभाई। इसके बाद उन्होंने मीनू मणि (28 रन) के साथ 75 रन की साझेदारी कर भारत को मुश्किल से निकाला।

## गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने खेला ड्रा

**सेंट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञाननंदा ने सिंकफील्ड कप शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अमेरिका के सैमुअल सेवियन के साथ अंक बांटे जबकि विश्व चैंपियन डी. गुकेश और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला भी बराबरी पर छूटा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना ने दिन के एकमात्र निर्णायक गेम में उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। अन्य मुकाबलों में अमेरिका के लेवोन अरोनियन ने पोलैंड के डूडा जान-क्रिस्तोफ के साथ तथा फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने वेस्ली सो के साथ अंक बांटे। अभी जबकि पांच दौर का खेल होना बाकी है तब कारुआना तीन अंक के साथ एकल बढ़त पर हैं। उनके बाद प्रज्ञाननंदा और अरोनियन का नंबर आता है, जो 2.5-2.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली, फिरोजा, वाचियर-लाग्रेव, सेवियन और गुकेश दो-दो अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। डूडा उनसे आधा अंक पीछे हैं जबकि अब्दुसत्तोरोव आधे अंक के साथ तालिका में सबसे नीचे हैं।

### सिंकफील्ड कप




एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप : फाइनल में बनाया 253.6 का स्कोर

# एलावेनिल का जलवा, 10 मीटर एयर राइफल में जीता गोल्ड

एजेंसी ▶▶| शिमकेंट (कजाकिस्तान)

भारतीय निशानेबाज एलावेनिल वलारिवान ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 16वीं एशियाई चैंपियनशिप की महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। तमिलनाडु की इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने फाइनल में 253.6 का स्कोर बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने विश्व कप में कई स्वर्ण पदक जीते हैं और इसके अलावा विश्व चैंपियनशिप में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है। यह उनका एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप में दूसरा स्वर्ण पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में ताइवान में स्वर्ण पदक जीता था।

### चीन की शिनलू पेंग ने रजत और कोरिया की यूंजी क्वोन ने जीता कांस्य पदक




### मेहुली घोष चौथे स्थान पर रहीं

चीन की शिनलू पेंग ने 253 अंक के साथ रजत पदक जबकि कोरिया की यूंजी क्वोन (231.2) ने कांस्य पदक जीता। यह वलारिवान का मौजूदा प्रतियोगिता में पहला व्यक्तिगत पदक है। इससे पहले उन्होंने टीम स्पर्धाओं में रजत और कांस्य पदक जीता था। इस स्पर्धा में भाग ले रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी मेहुली घोष आठ निशानेबाजों के फाइनल में 208.9 अंक हासिल करके चौथे स्थान पर रहीं। वलारिवान ने 630.7 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। घोष पहले 630.3 अंकों के साथ दसवें स्थान पर रही थीं, लेकिन उनसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारत की दो अन्य खिलाड़ी आर्या बोरसे (633.2) और सोनम मस्कर (630.5) के केवल रैंकिंग अंकों के लिए खेलने के कारण उन्हें फाइनल में जगह मिल गई।

### भारत तालिका में शीर्ष पर

वलारिवान का पदक वर्तमान प्रतियोगिता में भारत के लिए दूसरा सीनियर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक है, जहां देश अपने जूनियर निशानेबाजों के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत तालिका में शीर्ष पर है। अनंतजीत सिंह नरुका ने पुरुषों की स्कीट स्पर्धा में भारत को पहला सीनियर स्वर्ण पदक दिलाया था। ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली मनु भाकर ने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। इस बीच भारत के जूनियर निशानेबाजों ने अपना दबदबा बनाए रखा।

### शाम्भवी,हृदय श्री और ईशा की तिकड़ी ने जीता गोल्ड

शाम्भवी श्रवण, हृदय श्री कोंडूर और ईशा अनिल की तिकड़ी ने महिलाओं की जूनियर 10 मीटर एयर राइफल प्रतियोगिता में टीम स्पर्धा में 1896.2 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता, जो जूनियर विश्व और एशियाई रिकॉर्ड है। चीन और दक्षिण कोरिया की टीमों ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया।

# तारामंडल और सब रीजनल साइंस सेंटर को मिलाकर उज्जैन में बनेगी मप्र की एकमात्र 'साइंस सिटी'

## राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

लगभग 10 एकड़ क्षेत्र में फैली 'साइंस सिटी' का दिसम्बर अंत तक होगा लोकार्पण

अलग खबर

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल



उज्जैन सिर्फ महाकाल के प्रसिद्ध मंदिर के लिए ही विश्वविख्यात नहीं है, बल्कि धार्मिक और खगोलीय परंपराओं के अनुसार पृथ्वी का केंद्र बिंदु (नाभि स्थल) भी उज्जैन को माना जाता है, क्योंकि यहां से समय की गणना होती थी और भारत का मानक देशांतर यहीं से गुजरता है। महाकालेश्वर मंदिर को इस केंद्र बिंदु का संरक्षक माना जाता है। इसलिए अंतरिक्ष से जुड़ी हुई रोचक चीजें कहीं न कहीं उज्जैन से जुड़ी हुई हैं। इसी को आधार बनाते हुए इस साल दिसंबर के अंत में मध्य प्रदेश की एकमात्र 'साइंस सिटी' तारामंडल और सब रीजनल साइंस सेंटर को मिलाकर उज्जैन जिले के डोंगला गांव में देखने को मिलेगी। यह जानकारी अंतरिक्ष दिवस के उपलक्ष्य में साइंस सिटी के प्रभारी एवं संयुक्त परियोजना संचालक डॉ. मनोज राठौर ने दी।








### मप्र के बच्चे स्पेस टेक्नोलॉजी को जानें और समझें...

मनोज ने कहा कि साइंस सिटी बनाने के पीछे राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के बच्चों को स्पेस की तरफ आकर्षित करना है, ताकि वह स्पेस टेक्नोलॉजी को जाने, समझें और आने वाले समय में भावी शुभांशु शुक्ला बनकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रौशन करें।

### भोपाल स्थित रीजनल साइंस सेंटर के समान ही होगा सब रीजनल साइंस सेंटर

हरिभूमि से बातचीत में मनोज ने बताया कि भोपाल स्थित रीजनल साइंस सेंटर का सब रीजनल साइंस सेंटर उज्जैन में तारामंडल के बगल में पांच एकड़ की भूमि पर तैयार किया जा रहा है, जो अमूमन दिसंबर 2025 के अंत तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार भोपाल स्थित रीजनल साइंस सेंटर में इंटरैक्टिव प्रदर्शनियां, विज्ञान पार्क और शैक्षिक कार्यक्रमों के माध्यम से विज्ञान को मनोरंजक और शिक्षाप्रद बनाया जाता है, जैसे साइंस सेंटर में हैंड्स ऑन लर्निंग के साथ समय-समय पर विज्ञान से जुड़े रोचक सेशन, कार्यशाला, प्रदर्शनियों और मोबाइल साइंस एग्जीबिशन लगाई जाती है। सब रीजनल साइंस सेंटर में भी यही गतिविधियां संचालित होंगी, लेकिन तारामंडल के बगल में स्थापित होने से आगंतुक तारामंडल और सब रीजनल साइंस सेंटर को एक ही समय पर देख पाएंगे।

### तारामंडल में 4के प्रोजेक्टर 3डी तकनीक के साथ वातानुकूलित डोम

मनोज ने कहा कि उज्जैन जिले के डोंगला गांव में 8 मीटर व्यास वाला अत्याधुनिक डिजिटल तारामंडल में 4के प्रोजेक्टर और डिजिटल साउंड सिस्टम की सुविधा है। इस अत्याधुनिक डिजिटल तारामंडल में वातानुकूलित डोम में एक साथ 55 लोग खगोल से जुड़ा रोमांचक अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। इस तारामंडल में 3डी तकनीक के माध्यम से स्पेस के बारे में बहुत कुछ रोचक जानकारियां भी आगंतुकों को मिलती है। अंतरिक्ष विज्ञान को जानने के साथ ही स्पेस की वर्चुअल सैर कराने में तारामंडल देशभर में ख्याति प्राप्त है।

रवींद्र भवन में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की रंग प्रयोगशाला में मंचन

# हास्य के बहाने समाज को आइना दिखाने की एक ईमानदार कोशिश 'श्रीमान चोर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आज के समय में रिश्तों की अहमियत खो गई है। रिश्तें कहीं न कहीं खोखले हो गए हैं। बेवफाई, धोखा अब रिश्तों में आम देखा जाता है। ऐसे में किसे श्रीमान कहा जाए और किसे चोर कुछ कहा नहीं जा सकता। ऐसी ही स्थित को को बयां करता हास्य से परिपूर्ण नाटक 'श्रीमान चोर' का मंचन शुक्रवार को रविंद्र भवन सभागार में किया गया। फार्स नाटक श्रीमान चोर में गलती, बेवफाई और गलतफहमी की एक मजेदार श्रृंखला दिखाई गई। जिसे मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय की रंग प्रयोगशाला के अंतर्गत कलाकारों ने मंच पर प्रस्तुत किया। नाटक डारियो एने के ड्रामा 'द वर्चुअस बर्मलर' का हिन्दी रूपान्तरण है, जिसका रूपान्तरण एवं निर्देशन इशितयाक खान ने किया। नाटक के माध्यम से हास्य के बहाने समाज को आइना दिखाने की एक ईमानदार कोशिश की गई।



### कथासार

कहानी की शुरुआत चोर से होती है, जो एक अमीर आदमी के घर में चोरी करने के लिए घुस जाता है। वह जैसे ही चोरी करने वाला होता है, उसकी पत्नी का फोन आ जाता है, जो उसे परेशान करती है। इतना ही नहीं अचानक घर का मालिक अपनी प्रेमिका के साथ लौट आता है। चोर जल्दी-जल्दी में बिना बैग के अंदर घुस जाता है। घर का मालिक और प्रेमिका दोनों शादीशुदा है, पर चोरी चुपके उनका अफेयर चल रहा है। थोड़ी देर के बाद जैसे ही चोर पकड़ा जाता है, तभी घर की मालकिन आती है। घर का मालिक डर जाता है कि अब उसकी बीवी को उसके अफेयर के बारे में पता चल जाएगा। वह अपनी पत्नी से कह देता है कि चोर और उसकी प्रेमिका दोनों पति-पत्नी हैं। कुछ ऐसा होता है कि घर के मालिक की पत्नी प्रेमिका को लेकर अंदर वाले कमरे में जाती है। तभी चोर की बीवी वहां आ जाती है। घर का मालिक सिचुएशन को संभालने के लिए अपनी बीवी से कहता है कि यह भी चोर की पत्नी है। जैसे तैसे मामला ठंडा होने ही वाला होता है कि घर के मालिक की पत्नी का प्रेमी भी वहां आ जाता है। इस परिस्थिति में हर तरफ अफरातफरी मच जाती है, लेकिन अपनी-अपनी गलतियों को छुपाते हुए सभी इसको मिस अंडरस्टैंडिंग कह कर बात को रफा-दफा कर देते हैं।

भारत भवन में रंगोत्सव समारोह के तहत हुआ नाटक संत तुकाराम का मंचन

## तुकाराम के जीवन, संघर्ष और दर्शन से परिचित हुए दर्शक

मध्यप्रदेश रंगोत्सव की संगीतमय और सांस्कृतिक शाम शुक्रवार को संत तुकाराम के जीवन और उनके भक्ति दर्शन को समर्पित रही। भारत भवन के बहुरंगी मंच पर जब निर्देशक संजय मेहता के निर्देशन में नाटक संत तुकाराम का मंचन हुआ। नाटक की प्रस्तुति रंगशीर्ष संस्था भोपाल के कलाकारों ने दी। इस दौरान सभागार भक्ति और अध्यात्म की अनुभूति से भर उठा। नाटक की शुरुआत ही संत तुकाराम के प्रसिद्ध अभंगों से हुई, जिसने दर्शकों को 17वीं शताब्दी के उस दौर में पहुंचा दिया, जब महाराष्ट्र के इस महान संत ने भक्ति आंदोलन को नई दिशा दी थी। मंच पर कलाकारों ने सहज अभिनय, भावपूर्ण संगीत और लोकनाट्य शैली के मिश्रण से तुकाराम के जीवन, संघर्ष और उनके दिव्य दर्शन को जीवंत कर दिया।



### इसलिए खास बना यह नाटक

नाटक की सबसे बड़ी विशेषता इसकी संप्रेषणीयता रही। कलाकारों ने केवल तुकाराम का जीवनचरित प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि उनके विचारों की प्रासंगिकता को आज के समाज से जोड़कर भी दिखाया। संजय मेहता के निर्देशन ने नाटक को केवल ऐतिहासिक प्रस्तुति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे एक संवादशील कृति बनाया।

मप्र पुलिस परिवार कल्याण केंद्र की ईको फ्रेंडली गणेश मेकिंग कार्यशाला

## कड़ी ड्यूटी के बीच पुलिस परिवार ने भी बनाए माटी के ईको फ्रेंडली गणेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शहर में जगह-जगह इको फ्रेंडली गणेश मूर्ति बनाने की कार्यशालाएं आयोजित हो रही हैं। शुक्रवार को 'धृति' मध्यप्रदेश पुलिस परिवार कल्याण केंद्र द्वारा कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें कड़ी ड्यूटी के बीच पुलिस के आला अफसरों के परिवार, डीजी और एडीजी की पत्नियां व बेटियों के साथ कर्मियों की पत्नियां, पुलिस स्कूल के बच्चे और कुछ महिला पुलिस अधिकारी भी शामिल हुए। पुलिस विभाग की दो महिला अधिकारी असिस्टेंट कमांडेंट श्रुति सिंह और डीएसपी पूजा पटेल ने भी मिट्टी से गणपति को आकार देकर भागीदारी की।




इटालियन, स्पेनिश या विदेशी फूड की नहीं जब बात हो तो 'पुरानी दिल्ली' के लजीज व्यंजनों की

## जहांनुमा पैलेस में शेफ ओसामा जलाली के साथ पुरानी दिल्ली फूड फेस्टिवल का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हरिभूमि चर्चा



मैंने किसी होटल मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट से कोई कोर्स नहीं किया, पर खाना बनाने के शौक ने मुझे शेफ बना दिया, क्योंकि आज से 15 साल पहले में फूड जर्नलिस्ट हुआ करता था और फूड ब्लागिंग करना, डिफरेंट वैरायटी के फूड के बारे में जानना मुझे काफी पसंद था, फिर मुझे लगा हमारे देश के प्रसिद्ध रेस्त्रों व होटल्स में इटालियन, स्पेनिश या विदेश के फूड को ज्यादा तवज्जो दी जाती है और भारतीय फूड को कमतर आंका जाता है, ऐसे में मेरा फोकस पुरानी दिल्ली के लजीज व्यंजनों से दुनिया को रुबरु कराना था, जिसे हम घरों का खाना कहते है, और शायद यह खाना हर भारतीय होटल में भी तलाशता है। बस मैंने पुरानी दिल्ली के इसी घर के खाने को अपनी रेसिपी में शामिल किया और पुरानी दिल्ली फूड को देश विदेश में प्रसिद्धी दिलाई। पुरानी दिल्ली के इन्हीं स्वादिष्ट फूड का लुत्फ उठाया जा सकता फूड है, जहांनुमा पैलेस में, जिसमें शुक्रवार से पुरानी दिल्ली फूड फेस्टिवल, शेफ ओसामा जलाली लेकर आए हैं। यह फूड फेस्ट 21 से 24 अगस्त तक, शाम 7 बजे से शाहनामा में आयोजित होगा।

### 'निहारी' जिसे बनाने में लगते है कई घंटे

इस फूड फेस्टिवल में शेफ मुख्य रूप से पुरानी दिल्ली में बनने वाले लजीज जायकेदार स्वादिष्ट व्यंजनों को लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि इस फूड फेस्ट में निहारी, कोरमा, कबाब, सेवइयां, मावा खीर के साथ ही बिर्यानी की भी डिफरेंट वैरायटी मौजूद है, जिसमें कई व्यंजनों को बनने में घंटों लग जाते हैं। शेफ बताते हैं कि निहारी को बनाने में छ घंटे से ऊपर लगते हैं तब जाकर सभी मसाले अच्छी तरह से जज्ब हो पाते हैं और एक अलग ही स्वाद फूड लवर को मिलता हैं। शेफ कहते हैं कि मैंने और मेरी टीम ने इस मेनू को पूरे पैशन के साथ तैयार किया है, ताकि भोपालवासी एक बार यह स्वाद चखें तो बार-बार इसकी जिक्र करें।

नए-पुराने सदाबहार गीतों से सजेगी संगीत संध्या

## गीत गुंजन 2025: सदाबहार फिल्मी गीतों की शाम आज रवींद्र भवन में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुंजन फाउंडेशन के बहुप्रतीक्षित आयोजन गीत गुंजन सदाबहार फिल्मी गीतों की एक शाम 23 अगस्त शनिवार को भोपाल के रवींद्र भवन में होने जा रही है। इस शाम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला होंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व डीजीपी ऋषि शुक्ल, डॉ. पीएन अग्रवाल, भजन गायक रवि खरे, डॉ. आचार्य राजेश और डॉ. कोमल साईं कृति उपस्थित रहेंगी। शनिवार शाम 5 बजे से होने वाली इस मेलोडियस नाइट में जो गायक गायिकाएं अपने सुरों से गीतों की प्रस्तुति देंगे, उनमें भोपाल के ख्यातिनाम चिकित्सक, बिजनेसमैन, आर्कीटेक्ट और प्रोफेशनल्स शामिल है। फिल्मी गीतों से सजी इस शाम में एक दो नहीं पूरे 30 गायक गायिकाएं अपने गुरु कैलाश यादव से सीखे गीतों को सुर देंगे।




### यह गायक देंगे प्रस्तुति

इनमें रंजीव अरुण साहनी, डॉ. संजय कुमार, प्रभाकांत कटारे, डॉ. शशांक अग्रवाल, राजीव जैन, राकेश तिवारी, मुरलीधन मोरन्दानी, अजय संगीता अग्रवाल, सुनील श्रीवास्तव, अनुराग जैन, रीटा देराश्री, डॉ. संध्या गद्रे, मधु तिवारी, संगीता चौकसे, स्मिता निगम, डॉ. वंदना अग्रवाल, डॉ. नीतू कुमार दीपक असाई, रोशल मूदड़ा सीए, मृदुल वीणा खरे, अश्विन कुमार उपमन्यु, अनुराग सेठ, दिनेश ताम्रकार, उज्जवल कटारे, रेणु मोरन्दानी, लता सागर, इंदु काले, नीलम शुक्ला, निशा श्रीवास्तव, मनीषा मित्तल आदि शामिल हैं। ध्वनि संयोजन मनोज खरे का है।

## हमारे देश में कहानियों और उनके विषयों की कोई कमी नहीं: रावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सिनेमा की विभिन्न विधाओं में लिखने वाले लेखक देश को देखने और समझने के बाद ही अलग-अलग विषयों का समावेश कहानियों में करते हैं। हमारे देश में कहानियों और उनके विषयों की कोई कमी नहीं है। समाज में अलग-अलग दौर में फिल्मों की कहानियां कैसे लिखी गई हैं, इसे पिछले अनेक दशकों की फिल्मों को देखकर समझा जा सकता है। यह विचार शुक्रवार को माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि के अभ्युदय के अंतिम दिन रुस्तम तथा इकबाल जैसी चर्चित फिल्मों के पटकथा लेखक विपुल के. रावल ने व्यक्त किए।



### गलत सूचनाओं ने मीडिया में बढ़ाई है फैक्ट चैकिंग की मांग

इस सत्र के मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार बालकृष्ण ने मीडिया की विश्वसनीयता और ब्रॉडकास्टिंग पर अपने वकतव्य में बताया कि किस तरह गलत सूचनाओं ने मीडिया में फैक्ट चैकिंग की मांग बढ़ाई है। उन्होंने कहा कि किस तरह डिजिटल फ्रॉड देश भर में बढ़ रहे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930